सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 02 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 267, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## आरबीआई के रुख से सेंसेक्स 716 अंक उछला

रिजर्व बैंक के कदम से घरेलू शेयर बाजार में काफी उत्साह रहा और सेंसेक्स 716 अंक उछलकर 80,983 .31 अंक पर बंद हुआ } 14

## केंद्रीय कर्मियों के डीए में वृद्धि, मोदी सरकार का तोहफा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर केंद्रीय कर्मियों को महंगाई भत्ता दिये जाने पर कहा है कि यह उनके परिवार के लिए पीएम मोदी की ओर से एक उपहार है। } 16

### विजय दशमी की शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को विजयदशमी पर्व की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी, भारत के सनातन विजय का प्रतीक है। यह अधर्म, अन्याय और अत्याचार पर धर्म, न्याय और सदाचार के विजय का पर्व है। यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। इस पर्व से हमें सत्य पर चलने का आह्वान करना चाहिए और लोगों को भी अच्छे बर्ताव के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

## राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर काम करता है संघ

### पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर किया संबोधित

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना की शताब्दी के अवसर पर बुधवार को आरएसएस की प्रशंसा की और कहा कि प्रतिबंधों और साजिशों के बावजूद संगठन ने कभी कटुता नहीं दिखाई क्योंकि यह राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर काम करता रहा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में भाग लेते हुए मोदी ने राष्ट्र निर्माण में संघ के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि संघ जाति या पंथ के भेदभाव को दूर करके सद्भाव को बढ़ावा देने और एक समावेशी समाज का संदेश फैलाने के लक्ष्य के साथ देश के कोने-कोने तक पहुंचा है। मोदी ने कहा संघ ने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। उनका एकमात्र हित हमेशा राष्ट्र के प्रति प्रेम रहा है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने स्वतंत्रता सेनानियों को शरण दी और इसके संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में महिलाओं के प्रति न्यूनतम अपराध : सीएम

### योगी ने कन्याओं के पांव पखारे, नारी शक्ति के बगैर नहीं की जा सकती संसार की कल्पना

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की महानवमी एवं बृहस्पतिवार को मनाये जाने वाले विजयदशमी पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नारी शक्ति के बगैर संसार की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप आबादी के दृष्टिकोण से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध न्यूनतम है तथा दोषसिद्धि एवं सजा में भी यह राज्य अग्रणी है।

एक बयान के अनुसार योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर बुधवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मावलंबी वर्ष में दो बार शारदीय और वासंतिक नवरात्र में जगतजननी मां भगवती



गोरखपुर में नवमी के अवसर पर सीएम योगी कन्या के पांव पखारते

दुर्गा के नौ स्वरूपों का पूजन करते हैं तथा मातृ शक्ति एवं नारी शक्ति के प्रति आस्था का यह पर्व उन्हें नयी प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विराज सागर दास ने दशहरा पर दी बधाई



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट और उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने दशहरा एवं विजय दशमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना की। विराज सागर दास ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। इस अवसर पर हमें लोक कल्याण की भावना से कार्य करते हुए प्रदेश एवं देश के विकास को प्रोत्साहित करना चाहिए। दशहरा पर्व हमारे जीवन में सुख-शांति लाये।

# केन्द्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

## सेंट्रल कैबिनेट का निर्णय : केन्द्र सरकार ने कर्मचारियों, पेंशनभोगियों को दिया दिवाली का तोहफा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाली का तोहफा देते हुए बुधवार को लगभग 49.19 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 68.72 लाख पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की। डीए और डीआर अभी तक मूल वेतनापेंशन का 55 प्रतिशत था और इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि एक जुलाई, 2025 से प्रभावी है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि डीए और डीआर में वृद्धि के कारण राजकोष पर कुल मिलाकर 10,083.96 करोड़ रुपये का सालाना प्रभाव पड़ेगा। यह वृद्धि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है। डीए और डीआर में यह बढ़ोतरी जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के कुछ दिनों बाद हुई है। केंद्र वर्ष में दो बार डीए और डीआर में संशोधन करता है। मार्च में घोषित पिछला संशोधन एक जनवरी से प्रभावी था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन आधारित बोनस को मंजूरी दी थी।

वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फसल विपणन सत्र 2026-27 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6.59 प्रतिशत बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। विपणन सत्र 2025-26 के लिये गेहूं का एमएसपी 2,425 रुपये प्रति क्विंटल था। इस तरह गेहूं के



- सरकार ने गेहूं का एमएसपी 160 रुपये बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल किया
- मंत्रिमंडल ने 57 नये केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी
- दलहन में आत्मनिर्भर बनाने को 11,440 करोड़ रुपये के मिशन को मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी
- एनएच-715 के कलियाबोर-नुमालीगढ़ खंड को 4-लेन राजमार्ग चौड़ा करने को मंजूरी
- मंत्रिमंडल ने जैव-चिकित्सा अनुसंधान कैरियर कार्यक्रम के तीसरे चरण को दी मंजूरी

एमएसपी में इस साल 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, "मंत्रिमंडल ने छह रबी फसलों के लिए एमएसपी को मंजूरी दी है। गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 11,440 करोड़ रुपये के व्यय वाली छह वर्षीय केंद्रीय योजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन को मंजूरी दी। इस योजना की अवधि 2025-26 से 2030-31 तक होगी। यह मिशन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2025-26 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप है। दलहन मिशन विशेष रूप से अरहर, उड़द और मसूर के उत्पादन को बढ़ाने पर केंद्रित होगा, जिसमें सरकारी एजेंसियों, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) के जरिये पंजीकृत किसानों से सुनिश्चित खरीद की जाएगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 57 नये केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए मंजूरी दी, जिससे 86 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन 57 नये केंद्रीय विद्यालयों में से सात केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा और शेष राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित किए जाएंगे। नव स्वीकृत 20 केंद्रीय विद्यालयों को ऐसे जिलों में खोलने का प्रस्ताव है, जहां केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण संख्या के बावजूद वर्तमान में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देशभर में सिविल क्षेत्र के अंतर्गत 57 नये केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दे दी है। इन 57 नये केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 2026-27 तक नौ वर्षों की अवधि में कुल 5862.55 करोड़ रुपये की धनराशि की अनुमानित आवश्यकता है। इसमें 2585.52 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय घटक और 3277.03 करोड़ रुपये का परिचालन व्यय शामिल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के लिए अनुकरणीय स्कूलों के रूप में, पहली बार, इन 57 केवी को बालवाटिकाओं - तीन साल के आधारभूत चरण (प्री-प्राइमरी) के साथ मंजूरी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## केंद्र ने गठित कीं 24 संसदीय समितियां

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों से जुड़ी 24 संसदीय समितियों का गठन कर दिया है। इसमें पार्टियों के सदस्यों को चुना गया है। इसमें बीजेपी नेता राधामोहन सिंह को रक्षा मामलों, भर्तृहरि महताब को वित्त मामलों, राधा मोहन दास अग्रवाल को गृह मामलों और कांग्रेस नेता शशि थरूर को विदेश मामलों की समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रक्षा मामले की समिति का सदस्य बनाया गया है।

विभाग संबंधी कुल 24 स्थायी समितियों में से 11 की अध्यक्षता भाजपा के सदस्यों को मिली है। चार समितियों का नेतृत्व भाजपा के सहयोगी दलों को मिला है। कांग्रेस से जुड़े नेता चार समितियों की अध्यक्षता करेंगे। दो-दो समितियों के द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अध्यक्ष होंगे और एक संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के सांसद करेंगे। प्रत्येक समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्यों को शामिल किया गया है। लोकसभा की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार भाजपा नेता सीएम रमेश रेलवे, सपा नेता रामगोपाल ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अवकाश की सूचना

विजय दशमी पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

2 अक्टूबर यानी गुरुवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 4 अक्टूबर शनिवार को प्रकाशित होगा। -संपादक

### संक्षेप

## बरेली हिंसा के दो और आरोपी दो गिरफ्तार

बरेली। 26 सितंबर को बरेली में हुई हिंसा में शामिल दो लोगों को बुधवार को सीबीगंज इलाके में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए और फिलहाल पुलिस हिरासत में उनका इलाज चल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि दोनों आरोपी इदरीस और

## बहराइच : संदिग्ध परिस्थिति में मिले छह शव

### दो नाबालिग की गर्दनें कटी, चार लोगों के जले हुए शव बरामद

एसपी मिश्रा

बहराइच (उप्र)। बहराइच जिले के राम गांव क्षेत्र स्थित एक घर से बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक दंपति समेत छह लोगों के शव बरामद किये गये। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रामगांव थाना क्षेत्र के निंदुनपुरवा के दाखिला टेपरहा गांव में बुधवार सुबह एक घर से 15 व 16 वर्षीय दो लड़कों के क्षत-विक्षत शव, आठ और 10 साल की दो बच्चियों तथा 46 वर्षीय गृह स्वामी तथा उसकी 44 वर्षीय पत्नी के जले हुए शव बरामद हुए हैं।

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अमित पाठक ने कहा, एक मकान से छह शव मिले हैं। गांव वालों ने सभी की पहचान की



है। दो शव बाहरी लड़कों के हैं जिन्हें बोवाई के लिए बुलाया गया था। इनके शरीर पर धारदार हथियार से वार करने के घाव हैं। उन्होंने बताया कि शेष चार जले हुए शव गृह स्वामी, उनकी पत्नी और उनकी दो बच्चियों के हैं। आईजी ने बताया, दो कमरों में से एक कमरे में आग लगी है। कमरे में ज्वलनशील पदार्थ रखा था, गैस सिलेंडर भी थे, लेकिन शायद ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फिलीपीन में भूकंप के झटके, 69 की मौत

मनीला। मध्य फिलीपीन के एक प्रांत में आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम 69 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 10 बजे 6.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे सेबू प्रांत के बोगो शहर और आसपास के गांवों में कई मकान, नाइट क्लब और व्यापारिक इमारतें ढह गईं तथा इनके मलबे में कई लोग फंस गए, जिनकी संख्या अभी तक नहीं बताई गई है।

बचावकर्मी बुधवार को जीवित बचे लोगों को खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सेना के जवान, पुलिस और नागरिक स्वयंसेवकों को खोजी कुत्तों के साथ, जीवित बचे लोगों की खोज के लिए तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केंद्र बोगो से लगभग 19 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने 15600 नये पीएम आवास किये लोकार्पित

### सख्त नकल विरोधी कानून से अब तक 100 से अधिक को भेजा जेल : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य और अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार है। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि युवाओं की भलाई के लिए उन्हें झुकना भी पड़े तो वह गर्व से झुकेंगे भी और जरूरत पड़ी तो स्वयं को मिटाने में भी पीछे नहीं हटेंगे।

सीएम धामी ने बताया कि हाल ही में परीक्षाओं से जुड़े विवाद सामने आने पर उन्होंने आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों से सीधे संवाद किया और उन्हें आश्वस्त किया कि सीबीआई जांच करायी जाएगी तथा उनकी सभी न्यायोचित मांगों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जैसे ही नकल प्रकरण



की जानकारी मिली, आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कराया गया और एसआईटी गठित कर जांच शुरू की गई लेकिन, कुछ राजनीतिक दल इस मुद्दे का इस्तेमाल अपने स्वार्थ के लिए कर युवाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और नकल माफियाओं पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। इसके ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन, प्रेसिडेंट विराज सागर दास, सीईडी आरके अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास व सोनाक्षी दास ने की पूजा-अर्चना, श्रीमती अलका दास गुप्ता ने काटा फीता

# अब गोरखपुर में बिकेंगीं जर्मन गाड़ियां, बीबीडी ग्रुप ने किया फोक्सवैगन शोरूम का उद्घाटन

विशेष संवाददाता

गोरखपुर। एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में लगातार नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। प्रदेश को आगे बढ़ाने में योगी सरकार निरंतर नये उपक्रम स्थापित कर रही है, जिससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। इसी क्रम में अब गोरखपुर में भी जर्मन गाड़ियां फर्राटा भरती दिखेंगी। बीबीडी ग्रुप ने गोरखपुर के औद्योगिक विकास क्षेत्र (गीडा) में फोक्सवैगन की डीलरशिप, कार शोरूम और वर्कशॉप का भव्य उद्घाटन बुधवार को किया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर







दास, बीबीडी ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक (सीईडी) आरके अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी, ग्रुप की वॉइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास और वॉइस प्रेसिडेंट दिवांशी दास मौजूद रहीं। इस दौरान बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कार शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद शोरूम परिसर में पूर्ण श्रद्धाभाव से पूजन-हवन किया गया और शोरूम, वर्कशॉप व डीलरशिप के विकास और वृद्धि की कामना की गयी। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति, ग्रुप के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति से यूपी में महिला सुरक्षा मजबूत

## महिलाओं के खिलाफ अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 11% कम, एनसीआरबी की जारी रिपोर्ट में योगी सरकार की सकारात्मक तस्वीर आई सामने

विशेष संवाददाता (vol)

- सख्त कानून और मिशन शक्ति के दम पर महिलाओं की सुरक्षा हुई बेहतर, देश में अब 17वें स्थान यूपी
- योगी सरकार की कड़ी कार्रवाई ने घटाए विभिन्न श्रेणियों में महिलाओं के खिलाफ अपराध



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिलाओं के खिलाफ अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति और मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन ने यूपी को महिलाओं की सुरक्षा के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थिति में ला खड़ा किया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की क्राइम इन इंडिया 2023 रिपोर्ट में प्रदेश सरकार की बेहतर कानून व्यवस्था और महिलाओं सुरक्षा को लेकर सकारात्मक तस्वीर सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर राष्ट्रीय औसत से कम रही। वर्ष 2023 में महिलाओं से जुड़े 66,381 मामले दर्ज हुए, लेकिन प्रति लाख महिला आबादी पर अपराध दर केवल 58.6 रही, जो राष्ट्रीय औसत 66.2 से करीब 11 प्रतिशत कम है। इस आधार पर यूपी महिलाओं के खिलाफ अपराध दर में देशभर में 17वें स्थान पर है। वहीं प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में महिलाओं के खिलाफ अपराध में भी उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला सम्मान भंग (शील भंग) से जुड़े मामलों में भी यूपी राष्ट्रीय औसत से बेहतर स्थिति में रहा। देशभर में ऐसे मामलों की संख्या 83,891 रही और अपराध दर 12.4 रही। जबकि उत्तर प्रदेश में केवल 9,453 मामले दर्ज हुए और अपराध दर 8.3 रही। इस श्रेणी में यूपी अन्य राज्यों की तुलना में 19वें स्थान पर है। वहीं दुष्कर्म के मामलों में भी उत्तर प्रदेश की स्थिति संतोषजनक रही। पूरे देश में ऐसे 29,670 मामले दर्ज हुए और अपराध दर 4.4 रही। वहीं यूपी में 3,516 मामले दर्ज हुए और अपराध दर 3.1 रही। इस आधार पर प्रदेश 22वें स्थान पर है, यानी राष्ट्रीय औसत से नीचे। बच्चों के यौन शोषण से जुड़े ढडउरड एक्ट के मामलों में भी यूपी की तस्वीर बेहतर दिखी। देशभर में कुल 67,694 मामले दर्ज हुए और अपराध दर 15.2 रही। वहीं उत्तर प्रदेश में 8,706 मामले दर्ज हुए और अपराध दर 10.2 रही। इस श्रेणी में यूपी देश में 24वें स्थान पर है, जो राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। यदि कुल मिलाकर देखा जाए तो महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी का क्राइम रेट 58.6 रहा, जबकि देश का औसत 66.2 था। इस लिहाज से यूपी कई बड़े राज्यों से बेहतर स्थिति में है। महिला अपराध दर में आई कमी केवल पुलिस की सक्रियता का परिणाम नहीं है, बल्कि महिलाओं की शिकायत दर्ज कराने की बढ़ती प्रवृत्ति और त्वरित कानूनी कार्रवाई का भी नतीजा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं को आत्मविश्वास दिया है कि वे अपने अधिकारों के लिए खुलकर आगे आएं। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और छेड़छाड़ जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई से न्याय सुनिश्चित हुआ है।

## योगी सरकार की सख्ती से यूपी में सांप्रदायिक हिंसा पूरी तरह खत्म

- प्रदेश में कानून व्यवस्था बनी मिसाल, देश के मुकाबले यूपी में अपराध एक चौथाई कम
- विभिन्न अपराध श्रेणियों में भी यूपी में दर्ज की गई उल्लेखनीय कमी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट ने उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की कानून-व्यवस्था की सराहना की है। आंकड़े के मुताबिक 2023 में यूपी में सांप्रदायिक एवं धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही है। योगी से पहले यूपी में ऐसा कभी नहीं हुआ। यही नहीं पूरे देश के मुकाबले यूपी में अपराध एक चौथाई कम है। देश के सबसे बड़े राज्य में कुल अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25% कम रही, जो 448.3 के मुकाबले 335.3 रही। एनसीआरबी के आंकड़े साबित करते हैं कि 2017 के बाद यूपी अब शांति व सामाजिक सद्भाव का गढ़ बन चुका है।

एनसीआरबी रिपोर्ट में यूपी में सांप्रदायिक दंगों की संख्या शून्य बताई गई, जो 2017 से प्रदेश में चली आ रही जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत उदाहरण है। वहीं दूसरी ओर 2012-2017 के बीच पांच वर्षों की बात करें तो ये आंकड़े भयावह हैं। आंकड़ों के अनुसार 815 दंगे हुए, जिनमें 192 लोगों की जान गई, जबकि 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुईं। इसके विपरीत, 2017 के बाद यूपी में कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में दो हिंसक झड़पें हुईं, लेकिन योगी सरकार ने 24 घंटे के भीतर शांति बहाल कर स्थिति को नियंत्रित किया। बरेली की घटना पर त्वरित कार्रवाई ने कानून-व्यवस्था को और मजबूती प्रदान की है। सीएम योगी की सख्त नीतियों की वजह से राज्य में अपराध पर लगाम लगा है एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, यूपी में विभिन्न अपराध श्रेणियों में राष्ट्रीय औसत से उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। बलवा के मामलों में भारत में 39,260 मामले (क्राइम रेट 2.8) के मुकाबले यूपी में 3,160 मामले (क्राइम रेट 1.3) रहे, जो राष्ट्रीय औसत से आधी से भी कम है और यूपी को देश में 20वें स्थान पर है। वहीं फिरौती के लिए अपहरण के मामले देश में 615 घटनाएं हुई जिसकी तुलना में यूपी में मात्र 16 घटनाओं के साथ देश में 36वें स्थान पर है। डकैती के मामलों में भारत में 3,792 (क्राइम रेट 0.3) के मुकाबले यूपी में 73 मामले दर्ज हुए, जो इसे 'नियर जीरो' क्राइम रेट की श्रेणी में लाता है। बड़ी जन3संख्या के बावजूद यह कमी योगी सरकार की सख्त नीतियों और त्वरित कार्रवाई का परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी शासन, सख्त कानूनी कार्रवाई ने अपराधों पर अंकुश लगाने में कामयाब हुई है। एनसीआरबी की रिपोर्ट योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम है। यूपी में शांति और सुरक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही योगी सरकार की यह उपलब्धि न केवल यूपी के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा है।

## पीआरवी की तैनाती से वारदातों में आयी उल्लेखनीय कमी : डीजीपी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। एनसीआरबी द्वारा प्रकाशित क्राइम इन इण्डिया 2023 के संदर्भ में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के तहत अपराध और अपराधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को सख़्ती से लागू किया गया है। प्रदेश में अपराध दर में आई गिरावट, मुख्यमंत्री के गतिशील नेतृत्व में निरंतर प्रयासों और तंत्रगत सुधारों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

डीजीपी ने बताया कि डाटा-आधारित मैक्रो और माइक्रो रणनीतियां, डाटा एनालिटिक्स तथा अपराध पैटर्न के अनुसार पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल्स (पीआरवी) की तैनाती ने चोरी, लूट और डकैती जैसी वारदातों में उल्लेखनीय कमी लाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि यूपी-112 की त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली ने विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में पुलिस हस्तक्षेप का समय काफी घटाया है, जिसका सीधा असर सड़क अपराधों पर पड़ा है। राजीव कृष्ण ने बताया कि निजी सुरक्षा अलार्म सिस्टम को यूपी-112 इमरजेंसी ऑपरेटिंग कमांड सेंटर से जोड़ने से औद्योगिक क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत हुई है तथा आपात स्थितियों में पुलिस प्रतिक्रिया और तेज हो पाई है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरों का बड़े पैमाने पर इंस्टॉलेशन किया गया है, जिससे निगरानी क्षमता बढ़ी है और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगा है।

महिला सुरक्षा के उपायों पर बोलते हुए प्रदेश पुलिस प्रमुख ने एंटी-रोमियो स्क्वॉड्स (एआरएस) के प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, संवेदनशील स्थानों पर एआरएस टीमों की तैनाती से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और सड़कों पर एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हुआ है। डीजीपी ने यह भी कहा कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस और अभियोजन विभाग के समन्वय से अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने पर विशेष बल दिया गया है। इससे अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न हुआ है और आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

# फॉर्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराने वाले किसानों को मिलेगी सम्मान निधि

विशेष संवाददाता (vol)

- हर गांव में अनिवार्य रूप से लगेगा एक शिविर, सभी जनपदों में 50% कार्य पूर्ण
- रामपुर, बिजनौर और हरदोई जैसे जिलों ने दिखाया बेहतर प्रदर्शन

**लखनऊ।** प्रदेशभर में किसानों का पंजीकरण तेजी से कराया जा रहा है। अब तक उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में 50 प्रतिशत तक फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो चुका है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2026 से पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त उन्हीं किसानों को मिलेगी जिन्होंने पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया होगा। ऐसे में योगी सरकार जल्द से जल्द प्रदेश भर के किसानों के रजिस्ट्रेशन प जोर दे रही है।

प्रदेश सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि पीएम किसान पोर्टल पर प्रदेश किसान का विवरण अपडेट कराया जाए। इसके लिए 16 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रतिदिन शिविर लगाए जाएंगे। प्रत्येक गांव में कम से कम एक शिविर आयोजित करना अनिवार्य होगा। यहां पर किसानों को मौके पर पंजीकरण और विवरण अपडेट करने की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश में अब तक 50% से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। इनमें कई जिले उल्लेखनीय प्रगति कर चुके हैं। रामपुर में 61.37%, बिजनौर में 58.92%, हरदोई में 58.31%, श्रावस्ती में 58.01%, पीलीभीत में 57.58%, अंबेडकरनगर में 57.46%, मुरादाबाद में 57.17%, बरेली में 56.80%, गाजियाबाद में 56.79%, कौशाम्बी में 56.09% पंजीकरण हुए हैं।

सरकार ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर अपना पंजीकरण कराएं ताकि किसी भी किसान को पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त से वंचित न होना पड़े।

# देवीमंदिरों में 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री की पहल से शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में भक्तों को मिली बेहतर सुविधाएं
- मीरजापुर स्थित विंध्यवासिनी धाम में नवरात्रि को लेकर दिखी विशेष रौनक



**लखनऊ।** यूपी में शारदीय नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और नारी शक्ति का विराट स्वरूप बनकर उभरा है। यही वजह है कि पूर्वांचल के विंध्यवासिनी धाम से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शाकम्भरी मंदिर तक समस्त देवी मंदिरों में नवरात्रि के नौ दिनों में ही लगभग 2 करोड़ भक्तों ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई। इनमें से केवल विंध्यवासिनी धाम में ही 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां का आशीर्वाद लिया। सरकार ने बीते आठ वर्षों में न केवल प्राचीन धरोहर को संजोया है, बल्कि आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर श्रद्धालुओं को नया अनुभव देने का काम किया है।

मीरजापुर स्थित मां विंध्यवासिनी का मंदिर प्रदेश का सबसे प्रमुख सिद्धपीठ माना जाता है। यहां प्रतिदिन औसतन 4 से 5 लाख श्रद्धालु पहुंचे। विंध्याचल कॉरिडोर ने श्रद्धालुओं को नई सहूलियत दी है। 51 शक्तिपीठों में गिने जाने वाले मां विशालाक्षी मंदिर, वाराणसी के गायत्री शक्ति पीठ, चौरा देवी मंदिर में नवमी तक 1 लाख से अधिक श्रद्धालु आए, जबकि दुर्गाकुंड स्थित मां कुष्मांडा मंदिर में नवरात्रि के नौ दिनों में 12 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे। यहां अंतिम तीन दिनों में प्रतिदिन करीब 2 लाख श्रद्धालु दर्शन करने आए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सहारनपुर जिला भी आस्था से सराबोर रहा। नवरात्रि के नौ दिनों में शाकम्भरी धाम में लगभग 7 लाख और मां त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर में करीब 4 लाख श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

बलरामपुर स्थित मां पाटेश्वरी मंदिर में इस नवरात्रि करीब 6.50 लाख श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर प्रबंधन ने 15 दिवसीय मेला का भी आयोजन किया, जिसमें आस्था और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। प्रयागराज के मां अलोप शंकरी धाम में नवरात्रि के दौरान करीब 12 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। गोरखपुर स्थित तरकुलहा देवी मंदिर नवरात्रि में प्रमुख आस्था केंद्र बन गया। अबतक 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु यहां दर्शन कर चुके हैं। वहीं कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर में 5 लाख भक्त पहुंचे। यहां नवरात्रि के अंतिम तीन दिनों में रोजाना 1 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सरकार ने यहां पर्यटन विकास कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च कर सुविधाएं बढ़ाई हैं। गाजीपुर के हथियाराम मठ में इस बार नवरात्रि पर लगभग 40 हजार लोग पहुंचे। वहीं कामाख्या देवी मंदिर में अबतक 1 लाख से अधिक भक्तों ने माता के चरणों में मत्था टेका। जौनपुर का मां शीतला चौकिया मंदिर नवरात्रि में भक्तों से खचाखच भरा रहा। प्रतिदिन 70 हजार और सप्तमी से नवमी तक करीब 1 लाख श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे। नैमिषारण्य की तपोभूमि स्थित ललिता देवी मंदिर में महानवमी पर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। आगरा का 300 साल पुराना चामुंडा देवी मंदिर नवरात्रि में विशेष आकर्षण रहा।

## केशव मौर्य ने दशहरा और जयंती की दी बधाई

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दशहरा और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जंयती पर देश व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व विजय का प्रतीक है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि यह पावन अवसर हर किसी के जीवन में साहस, संयम और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि दशहरा का त्योहार, अनीति पर नीति की, असत्य पर सत्य की और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा है कि गांधी जी के विचार और उनका जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है। हम सबको उनके जीवन दर्शन व सुकृत्यों से न केवल प्रेरणा लेनी चाहिए, बल्कि उसे आत्मसात भी करना चाहिए।

## एसी बसों में सफर सस्ता, 10% तक कम होगा किराया

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने प्रदेशवासियों को दशहरा और दीपावली पर तोहफा दिया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से संचालित सभी वातानुकूलित बसों के किराए में की गई लगभग 10% की कमी को अग्रिम आदेशों तक जारी रखा जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि योगी सरकार जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निर्णय से यात्रियों को कम किराए में आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी। यह छूट जनरथ, पिंक, शताब्दी, वोल्वो, वातानुकूलित शयनयान जैसी सेवाओं पर लागू होगी। हालांकि, 01 जनवरी 2024 के बाद पंजीकृत नई वातानुकूलित बसों पर यह छूट लागू नहीं होगी। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि निगम की सकल आय पर असर न पड़े इसके लिए बसों पर तैनात चालक-परिचालकों को प्रेरित कर अधिक यात्रियों को आकर्षित करने के लिए विशेष काउंसिलिंग की जाएगी।

## अतीक अहमद का बेटा अली कड़ी सुरक्षा के बीच नैनी से झांसी जेल स्थानांतरित

**झांसी।** माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को बुधवार दोपहर प्रयागराज की नैनी जेल से झांसी के जिला कारागार में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, कड़ी सुरक्षा के बीच यहां पहुंचे अली अहमद के लिए जिला कारागार में भी सुरक्षा के तीन स्तरीय विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस संबंध में उप जेलर आदित्य कुमार ने बताया कि आज दोपहर लगभग ढाई बजे पहुंचे अली अहमद नामक इस कैदी को सुरक्षित तरीके से जिला कारागार में दाखिल कराया गया और पूरे कारागार में सीसीटीवी कैमरों द्वारा इसकी निगरानी की जाएगी और यहां सुरक्षा के तीन स्तरीय इंतजाम किए गए हैं। अली अहमद पर करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगने सहित अन्य मुकदमे चल रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आज शासन के आदेशानुसार उसे सुबह नैनी जेल से झांसी जिला कारागार स्थानांतरित किया गया है।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में यूपी प्रथम पायदान पर

विशेष संवाददाता (vol)

- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में निवेश व अनुदान से नई संभावनाओं के खुल रहे नये द्वार
- प्रदेश में युवा उद्यमियों द्वारा आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो को बढ़ावा देने के ठोस व प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने उद्यमियों से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो में निवेश करने की अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री का विजन, यही समय, सही समय है। उन्होंने कहा खाद्य उत्पादों पर कम हुई जीएसटी दरो के चलते मांग में वृद्धि होना स्वाभाविक है, इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। अब खाद्य प्रसंस्करण का सेक्टर नए उद्योगों और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-23 से और सशक्त होगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इस दिशा में सरकार हर संभव सहयोग भी दे रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को नई ऊर्जा दी है। ज्यादा जरूरी है कि युवा शक्ति को इस क्षेत्र से में जोड़ा जाए और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाए।

उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएम एफएमई) योजनांतर्गत बैंकों द्वारा आवेदनों की ऋण स्वीकृति में 98 प्रतिशत स्ट्राइक रेट हासिल किया गया है, जो देश में प्रथम स्थान है। राष्ट्रीय स्तर पर यह दर 80 प्रतिशत है। साथ ही प्रदेश में टर्म लोन स्वीकृति की औसत अवधि 100 दिन है, जबकि अन्य राज्यों में यह अवधि 150 दिन तक है।

मंगलवार को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल बैठक में भारत सरकार एवं बैंकों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्रेरणा शर्मा, विशेष सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, रमेश ठाकुर, लीड प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएमएफएमई, भारत सरकार तथा बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

स्टेट लेबल बैंकर्स कमेटी की बैठक में एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक का कार्य योजना के मानक अनुसार न पाये जाने पर भारत सरकार के वित्त विभाग में सचिव को इन बैंकों के जोनल आफिसर को पत्र प्रेषित किये जाने के लिए निर्देश दिये गये। वहीं, जनपद अयोध्या, सुल्तानपुर, कौशाम्बी और प्रयागराज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला उद्यान अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर और डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से प्रशस्ति पत्र देने पर सहमति बनी।

योजना में परियोजना लागत का 35 प्रतिशत (अधिकतम 10 लाख रुपये) अनुदान प्रावधानित है। इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत 1 करोड़ से 50 करोड़ तक की परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब तक 400 से अधिक उद्यमियों की 10,000 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं को स्वीकृति, जिनमें से 60 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। प्रदेश में अब तक 250 करोड़ अनुदान जारी किया जा चुका है। विशेष रूप से बरेली, रामपुर और शाहजहांपुर में देश-विदेश के युवा उद्यमियों द्वारा भूमि क्रय कर अथवा लीज पर लेकर खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं। कनाडा एवं ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से एमबीए, आईआईटी और आईआईएम स्नातक युवा उद्यमी चिकोरी प्रसंस्करण, राइस ब्रॉन तथा आईक्यूएफ इकाइयों की स्थापना कर रहे हैं।

# विकसित यूपी के लिए युवाओं ने दिया भविष्य के विकास का रोडमैप

विशेष संवाददाता (vol)

- अब तक 19 लाख फीडबैक, शिक्षा क्षेत्र सुधार और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर सबसे ज्यादा जोर
- स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और समाज कल्याण योजनाओं पर बड़ी संख्या में राय

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान' को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों में नोडल अधिकारियों और प्रबुद्ध जनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, किसानों, व्यवसायियों, उद्यमियों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघटनों, मीडिया और आम जनता से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान पिछले 8 वर्षों की विकास यात्रा साझा करने के साथ ही भविष्य के रोडमैप पर चर्चा करते हुए लोगों से सुझाव लिए जा रहे हैं। अबतक प्रदेशभर से तकरीबन 19 लाख सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। सरकारी पोर्टल पर अब तक लगभग 19 लाख फीडबैक प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से अधिकतर सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से आए हैं, जबकि शहरी इलाकों ने भी बड़ी संख्या में अपनी राय दी है। अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की है, खासकर युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। जनता की राय में शिक्षा क्षेत्र सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। शिक्षा में सुधार, नई तकनीक का इस्तेमाल, व्यावसायिक प्रशिक्षण और विदेशी भाषा सीखने पर जोर दिया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और समाज कल्याण योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर भी बड़ी संख्या में सुझाव मिले हैं। कृषि क्षेत्र से जुड़े सुझावों में किसानों को नई तकनीक, मंडियों का आधुनिकीकरण, और फसल भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

## भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार का रवैया तानाशाही का है। सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन निर्दोश को प्रताड़ित और अपमानित कर रहा है। लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कानून का राज खत्म हो गया है। भाजपा सरकार पुलिस से अपने राजनैतिक विरोधियों को परेशान करा रही है। आगरा में सपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ पुलिस का व्यवहार निन्दनीय है। पीडीए की एकता से घबराई भाजपा सरकार अब पुलिस को आगे कर समाजवादियों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है। पुलिस ने समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल को रोककर अलोकतांत्रिक कार्य किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सीधे क्यों नहीं कह देती है कि वह अपनी हार देखकर हताश है। भाजपा सरकार नजरबंद करके लोगों को परेशान न करे। पीडीए के ऊपर जो पाबंदी लगायी जा रही है, उससे कुछ नहीं होने वाला है। पीडीए जाग चुका है। चेतन पीडीए समाज अब और बंदिशे बर्दाश्त नहीं करेगा। पीडीए एकजुट है। प्रभुत्ववादियों को हराने, हटाने और अपनी सरकार बनाने के लिए वचनबद्ध है। पीडीए देख रहा है भाजपा सरकार प्रदेश में किस तरह से अन्याय, अत्याचार को बढ़ावा दे रही है। भ्रष्टाचार और लूट कर रही है। हर विभाग और हर काम में लूट मची है। बजट का बंदरबांट हो रहा है। आम जनता त्रस्त है। गरीब, किसान, नौजवान बेबस है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है।

## अखिलेश ने दी विजय दशमी की बधाई

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विजय दशमी पर्व पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह दिन हमें अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है। यह सबक भी मिलता है कि अहंकार और अत्याचार का परिणाम सदैव बुरा होता हैं। बुराई और असत्य के मुकाबले हमेशा सत्य की जीत होती है।

## गांधी और शास्त्री जयंती की दी बधाई

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से मुक्ति के बाद जिस आजाद भारत का सपना देखा था उसमें ग्राम स्वराज की कल्पना थी, अंत्योदय पर बल था। सामाजिक न्याय और सामाजिक सद्भाव था तथा श्रम शक्ति का सम्मान था। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही देश प्रगति कर सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया था। देश की रक्षा में किसान का बेटा ही सीमाओं पर लड़ता है। इन महापुरूषों का जीवन हमारे लिए प्रेरणाप्रद है।

# इंस्पायर-मानक योजनान्तर्गत नामांकन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंस्पायर-मानक योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वोच्च उपलब्धि दर्ज करते हुए इस वर्ष कुल 2,80,747 नामांकन कराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। योजना की शुरूआत से अब तक का यह सर्वाधिक नामांकन है।

शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि वर्ष 2025-26 में नामांकन की अवधि 15 जून से 30 सितम्बर तक रही, जिसमें उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के साथ-साथ बेसिक शिक्षा परिषद् के जूनियर हाईस्कूलों, कम्पोजिट स्कूलों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों और केंद्रीय बोर्ड के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं राज्य सह नोडल अधिकारी विवेक नौटियाल ने जानकारी दी कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदेश ने 70,400 अधिक नामांकन दर्ज कराकर अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में नामांकन संख्या 2,10,347 थी। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के साथ ही उत्तर प्रदेश ने राजस्थान (1,41,142 नामांकन) और कर्नाटक (1,01,656 नामांकन) को पछाड़ते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि देश में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले शीर्ष 50 जिलों में उत्तर प्रदेश के 21 जिलों ने स्थान पाया है, जबकि गत वर्ष यह संख्या 12 थी। प्रयागराज (6वां स्थान, 6929 नामांकन), लखनऊ (7वां स्थान, 6721 नामांकन) और हरदोई (8वां स्थान, 6689 नामांकन) सहित प्रमुख जनपदों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बता दें कि इंस्पायर-मानक योजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत द्वारा संचालित है, जिसका उद्देश्य विद्यालयी छात्रों में नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना है।

# वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव नई पीढ़ी के लिए दिशा-प्रदर्शक है : धामी

## सीएम धामी ने वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित, सभी को दिलाया वरिष्ठ नागरिक सम्मान संकल्प

प्रमुख संवाददाता



- सीएम धामी ने निशुल्क एम्बुलेंस को किया समर्पित
- वृद्धजनों की वाकथन रैली को दिखाई हरी झंडी

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ नागरिकों को समाज की धरोहर बताते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद और अनुभव नई पीढ़ी के लिए दिशा-प्रदर्शक है। उन्होंने प्रदेशवासियों की ओर से सभी बुजुर्गों को शुभकामनाएं दीं और उनके सम्मान एवं कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया और वरिष्ठ नागरिक सम्मान संकल्प का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा भी लगाया। साथ ही बुजुर्गों की सेवा के लिए समर्पित निःशुल्क एंबुलेंस सेवा और वॉकथन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें वृद्धजन कल्याण के लिए लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने अटल वयोअभ्युदय योजना, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, राष्ट्रीय वयोश्री योजना और वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के लगभग छह लाख वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे बैंक खातों में दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वृद्धाश्रमों का जाल मजबूत किया जा रहा है। वर्तमान में बागेश्वर, चमोली और उत्तरकाशी में राजकीय वृद्धाश्रम संचालित हो रहे हैं, जबकि देहरादून, अल्मोड़ा और चंपावत में नए भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। रुद्रपुर में एक मॉडल वृद्धाश्रम केंद्र सरकार की मदद से बन रहा है। इसके अतिरिक्त रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी और पिथौरागढ़ में भी वृद्धाश्रम स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की गयी है।

वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए राज्य सरकार ने जेरियाट्रिक केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया है। इस वर्ष 150 मास्टर ट्रेनर और देखभाल करने वाले प्रशिक्षित किए जायेंगे। साथ ही राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सहायक उपकरण बांटे जा रहे हैं और 1,300 वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क मोतियाबिंद शल्यक्रिया का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के तहत बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र गौड़, उपाध्यक्ष शांति मेहरा, हरक सिंह नेगी, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, समाज कल्याण सचिव डॉ. श्रीधर बाबू अद्दांकी और निदेशक चंद्रसिंह धर्मशक्तू सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर गांव गलरई के पास बहन को छोड़कर घर वापस लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गांव नयागांव निवासी अमित कुमार 25 वर्षीय पुत्र महेंद्र अपनी बहन को बाइक पर बैठकर उसकी ससुराल छोड़कर और बरवर में चल रहे मेला देखकर रात 11 बजे घर वापस लौट रहा था गांव गलरई के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई वाहन चालक मौका पाकर भाग निकला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मटक की पत्नी शारदा देवी रो रोकर बता रही है शादी के बाद कोई संतान नहीं थी कुछ ही दिनों में बच्चे को जन्म देने वाली है। इससे पहले उसका सारा संसार ही उजड़ गया कह कर दहाड़ मार मार कर रोत-रोते बेहोश हो जा रही है।

## हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव कल से

गोला गोकर्णनाथ, खीरीं। (वीओएल) ग्राम सुहेला स्थित श्री हनुमान मंदिर का षष्ठम वार्षिकोत्सव 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ आज 2 अक्टूबर को सायं 4 बजे से सुंदरकांड पाठ के साथ होगा। इसके पश्चात 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा।

श्रीराम कथा का वाचन बिठूर (कानपुर) के आचार्य अजयानन्द जी महाराज के श्रीमुख से किया जाएगा। वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर 12 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा तथा रात्रि 8 बजे से विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह है।

## खेलकूद प्रतियोगिता 10 और 11 को

गोला गोकर्णनाथ, खीरीं।(वीओएल) स्वस्थ राष्ट्र समृद्ध राष्ट्र के उद्देश्य से मेरा युवा भारत लखीमपुर खीरी द्वारा क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 10 एवं 11 अक्टूबर को कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखंडों के युवा खिलाड़ी भाग लेंगे। बालक वर्ग में कबड्डी 400 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद, जबकि बालिका वर्ग में कबड्डी 200 मीटर दौड़ एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिताएँ होंगी। गोला क्लस्टर में गोला, बांकेगंज एवं बिजुआ विकासखंड सम्मिलित किए गए हैं। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार वर्मा (7318170175) से संपर्क किया जा सकता है।

# मेघनाद और लक्ष्मण के बीच हुए युद्ध का मंचन

## आज होगा रावण वध का मंचन



गोला गोकर्णनाथ, खीरीं (वीओएल) नगर के मेला मैदान में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के दसवें दिन मेघनाद और लक्ष्मण के बीच युद्ध का रोमांचक मंचन किया गया। मंचन में मेघनाद ने शक्ति बाण चलाया, जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो गए। इस पर सुषेण वैद्य ने संजीवनी बूटी लाने का उपाय बताया।

हनुमान जी हिमालय की ओर संजीवनी बूटी लेने गए, लेकिन रास्ते में कालनेमी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। हनुमान जी ने कालनेमी का वध कर संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण को स्वस्थ किया।

इसके बाद लक्ष्मण और मेघनाद का पुनः युद्ध हुआ, जिसमें लक्ष्मण ने मेघनाद का वध कर दिया। मंचन के दौरान सुभाष मिश्रा, अमितांश मिश्र, कृष्णा बाजपेई, रामस्वरूप यादव, पंकज मिश्र, पुरुषोत्तम लाल, आदेश दीक्षित, अयोध्या प्रसाद वर्मा, सुनील गुप्ता, मनोज गुप्ता, गजराज वर्मा, राजू सहित सैकड़ों रामलीला प्रेमी दर्शक मौजूद रहे और उन्होंने उत्साहपूर्वक मंचन का आनंद लिया।

## नवमी पर कोतवाली में कन्या पूजन




गोला गोकर्णनाथ, खीरीं। (वीओएल) कोतवाली में शारदीय नवरात्रि नवमी पर मिशन शक्ति अभियान के तहत पारंपरिक कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 1 से 10 वर्ष तक की बालिकाओं को आमंत्रित कर पूजन-अर्चन के उपरांत भोजन कराया गया।

पूजन-अर्चन कोतवाली मंदिर के पुजारी शिवम मिश्रा द्वारा विधि-विधान से कराया गया। इस अवसर पर सीओ रमेश कुमार तिवारी, कोतवाल अम्बर सिंह, निरीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह, महिला उप निरीक्षक अपूर्वा शर्मा, उप निरिक्षक राजन कुमार, योगेश चैधरी, महिला सिपाही अंजली, हिमानी शर्मा, सिपाही अनुज सागर सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

इसी कड़ी में थाना पुलिस द्वारा उपस्थित बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पॉक्सो एक्ट, साइबर क्राइम से सुरक्षा, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया फ्रॉड, नशे के दुष्प्रभाव आदि विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए।

## एक दिन की थाना प्रभारी बनीं रिद्धि पाण्डेय

पसगवां खीरी। उचौलिया थाने में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत छात्रा को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। बुधवार को डोरी लाल मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा रिद्धि पांडे ने यह जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कार्यभार ग्रहण किया और लोगों की समस्याएं सुनीं। विधिवत मिली जानकारी के अनुसार डोरी लाल मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा रिद्धि पांडे 1 दिन की थाना अध्यक्ष उचौलिया बनाई गई।




मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्रा रिद्धि पांडे को इंस्पेक्टर मनीष कुमार सिंह ने कैप पहन कर थाना अध्यक्ष का दायित्व दिया। एक दिन की थानाध्यक्ष बनी रिद्धि पांडे ने मिशन शक्ति की बारे में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला सुरक्षा के लिए 1090 जैसी तमाम हेल्पलाइन नम्बर जारी करके एक बहुत ही अच्छी पहल की है यह नम्बर बहुत ही कारगर हेल्पलाइन है, जिसकी मदद से महिला अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। साइबर अपराध के लिए 1930, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112, 108 व 102 जैसी कई जानकारियां दी व पुलिस और जनता के सहयोग पर बल दिया।

## बुराई का प्रतीक रावण का हुआ दहन



लखीमपुर खीरी। विजया दशमी के पर्व पर बुधवार को दशहरा मेला में रावण का पुतला दहन किया गया। वैसे तो कैलेंडर के अनुसार दशहरा 2 अक्टूबर यानी आज है। 2 अक्टूबर को तिथि का 11वां दिन पड़ रहा है। जिसके चलते रावण का दहन बुधवार को कर दिया गया। सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट रामलीला कमेटी के सर्वकार विपुल सेठ ने बताया तिथि के अनुसार रावण का पुतला आज दसवें दिन फूक दिया गया। दशहरा मेला को देखते हुवे रामलीला मैदान में पुलिस बल तैनात कर दिया। सौंधरी बाईपास पर पुलिस बल द्वारा भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पूरे शहर में बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। मेले में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की गई। राम ने धनुष बाण से रावण का वध कर दिया बुराई का प्रतीक रावण का पुतला बुधवार की देर धाम धू धू कर जल गया।

## स्कूल में मनाया गया डांडिया उत्सव

लखीमपुर खीरी। सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में दांडिया महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विद्यालय ट्रस्ट ओम फाउंडेशन की अध्यक्षा प्रियंका गुप्ता, विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव , डी आई जी ,एस एस बी वी विक्रमण ,विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य डॉ प्रदीप गुप्ता के साथ समाजसेवी डॉ अंजनी मिश्रा और डॉ सुप्रिया मौजूद रहे।



अतिथियों ने अभिवावकों के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया, कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के फैंसी ड्रेस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। छोटे बच्चे रामायण के प्रमुख पात्रों झ भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और रावण के रूप में उपस्थित हुए । दशहरा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत राम लीला रही ।राम जन्म से लेकर राम राज्याभिषेक तक की कथा का भावपूर्ण मंचन किया गया । बच्चों ने रामलीला के माध्यम से धर्म और अधर्म के संघर्ष, माता सीता की रक्षा और भगवान राम की विजय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद बुराई के अंत के प्रतीक रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जय श्री राम के जयघोष के साथ रावण दहन संपन्न हुआ। इसके साथ ही पूरे कार्यक्रम में भक्ति गीत और राम स्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेंधांश रस्तोगी और श्रेयांश गुप्ता के साथ बच्चों की भावपूर्ण गीत प्रस्तुति और भक्ति भावना ने सभी के मन में उत्साह और श्रद्धा का संचार किया। स्कूल के प्रबंधक आशीष गुप्ता आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कलेक्ट्रेट में हुआ सम्मान समारोह

लखीमपुर खीरी। बुधवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस के पुनीत अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार में सेवानिवृत्त पेंशनर संगठन के पदाधिकारियों व पेंशनरों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप



सिंह, डीएसडब्लूओ वंदना सिंह के साथ वरिष्ठजन पेंशनर्स को माल्यार्पण एवं शाल भेटकर सम्मानित किया। वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वरिष्ठजन को शुभकामनाएं दीं और सम्मानित किया। वरिष्ठजनो अपने अनुभव से समाज और नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाते हैं तथा घर-परिवार की नींव को मजबूत करते हैं। उनके प्रति प्रेम, सम्मान और देखभाल हमारी जिम्मेदारी है। प्रशिक्षु आईएएस मनीषा ने कहा कि वरिष्ठ जन हमारी असली पूँजी हैं। उनका अनुभव हमें सच्चाई-अच्छाई का रास्ता दिखाता है। वे समाज का दर्पण, भूत-वर्तमान के श्रेष्ठ विश्लेषक और युवा पीढ़ी के सच्चे पथप्रदर्शक हैं। पीडी डीआरडीए एसएन चौरसिया ने कार्यक्रम की आवश्यकता और प्रासंगिकता बताई। डीएसडब्लूओ वंदना सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार की ओर से की जाने वाली सहायता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठजन पेंशनर्स मौजूद रहे।

## तीसरी आंख की निगरानी में होगा मूर्ति विसर्जन

धौरहरा खीरी। आदिशक्ति मां जगदम्बा के नौ अलग-अलग स्वरूपो के पूजन-अर्चन के साथ ही क्षेत्र में स्थापित की गई मूर्तियों के जल विसर्जन के लिए प्रशासन ने कमर कस ली इसके लिए प्रशासनिक अफसरों की टीमों द्वारा विसर्जन स्थलों की मानीटरिगं चप्पे-चप्पे पर की जा रही है। ज्ञात हो कि इससे पहले विसर्जन स्थलों पर हुई दुर्घटनाओं व वर्तमान समय में घाघरा व शारदा नदियों में अधिक जल प्रवाह होने के चलते अफसरों ने तीसरी आंख की निगरानी में विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होने के संकेत दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक वर्ष में दो बार चैत्र नवरात्र व शारदीय नवरात्र का त्योहार बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाता है। इसके लिए तहसील क्षेत्र भर में आदिशक्ति मां जगदम्बा के भक्तों द्वारा उनके विभिन्न स्वरूपों का पूजन-अर्चन व कन्या पूजन प्रसाद वितरण कार्यक्रम मां को मनाने के लिए जागरण हवन पूजन अखण्ड पाठ कीर्तन आदि धार्मिक कार्यक्रमो का चलन है। स्थापित मां भवानी की मूर्तियों को अंतिम समय में जल प्रवाहित विसर्जन करने की मान्यता है। गुरुवार को होने वाले विसर्जन कार्यक्रम के लिए अलग-अलग जगहों पर घाघरा नदी के जालिम नगर पुल व शारदा नदी के ऐरा पुल से आने जाने वाले रास्ते को दो दिन से प्रशासनिक अफसरों की टीमों द्वारा सही कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम के दौरान पूर्व में हो चुकी घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार तीसरी आंख की निगरानी में विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होने के संकेत अफसरों द्वारा दिए गए। ज्ञात हो इस बार घाघरा व शारदा नदियों में जलस्तर ज्यादा होने के चलते तहसील व पुलिस प्रशासन पहले से सतर्क दिख रहा है। इस प्रकरण में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शारदा नदी का ऐरा पुल व घाघरा नदी का जालिम नगर घाट दो बड़े स्थल है बाकी छिटपुट में अलग-अलग होने की सूचना है ।सभी जगहों पर ईसानगर खमरिया व धौरहरा का पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

## बीज वितरण को लेकर किसानों के साथ कल होगी बैठक



लखीमपुर खीरी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सहायतित निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम 01 सितंबर से 25-09-2025 तक फसल चना, मटर, मसूर मिनीकिट की ऑनलाइन बुकिंग की गई थी। विकास खण्डवार लक्ष्य से अधिक हुई बुकिंग में लाभार्थी कृषकों के चयन हेतु ई-लॉटरी कृषि विभाग के पोर्टल पर दिनांक 03-10-2025 को स्थान विकास भवन सभागार में समय दोपहर 12 बजे अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति एवं उपस्थिति कृषक बन्धुओं के समक्ष किया जाना है। आन लाइन बुकिंग के अंतर्गत दलहनी फसलों के मिनीकिट के निर्धारित कुल लक्ष्य 875 के सापेक्ष 1887 कृषकों के द्वारा बुकिंग की गई है। इस संदर्भ में उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र ने बताया बुकिंग का लक्ष्य के सापेक्ष ऐसे किसान जिन्होने चना, मटर एवं मसूर के मिनीकिट बीज प्राप्त किए जाने हेतु आन लाइन आवेदन किया है, निर्धारित तिथि, स्थल व समय पर आयोजित ई लॉटरी में उपस्थित हो सकते है। यह उल्लेखनीय है कि दलहन योजना के अंतर्गत एक कृषक किसी एक मिनीकिट के लिए ही पात्र होगा। ई. लाटरी के माध्यम से चयनित कृषकों को अपने विकासखंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से पी.ओ.एस. के माध्यम से वितरण किया जाएगा।

## टैक्स लेकर मध्य वर्ग पर खर्च करना ही जीएसटी में राहत का उद्देश्य : अजय मिश्रा टेनी

तिकुनिया खीरी। सरकार ने विशेष टैक्स ऐसी वस्तुओं पर लगाया है जो हमारे जीवन के लिए हानिकारक है जैसे तंबाकू, सिगरेट, पान मसाला, शराब और बड़ी कारो पर 40 प्रतिशत कर लगाकर यह कोशिश की है कि सामान्य वर्ग इससे बचा रहे। मध्यम वर्ग के लोगों के बीच जो लाभकारी योजनाएं चलाकर धन खर्च हो



रहा है उसकी भरपाई बड़े लोगों के शौकीन वस्तुओं महंगी शराब, महंगी, कार, पान मसाला पर कर लगाकर पूरी किए जाने की मंशा है। बड़े लोगों से टैक्स वसूल कर सामान्य वर्गों के बीच खर्च किया जा रहा है। जिसका लाभ सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे गरीब को मिले। सरकार ने अंत्योदय के माध्यम से सबसे अंतिम पंक्ति में बैठने वाले को आगे बढाने का काम किया है। यह प्रधानमंत्री मोदी की सोच का परिणाम है कि आज सभी वर्ग के गरीबों को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। बुधवार को पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी कस्बे के एक इंटर कालेज में व्यापारियों की मौजूदगी में टैक्स के बाबत बता रहे थे। उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा जो सामान 131 रुपए का था अब वही सामान 105 रुपए का मिलेगा इससे सभी लोगों को सीधे 26 की बचत होगी और इस बचत से सभी वर्ग के लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने टैरिफ और वीजा एच वन पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुरुषोत्तम गर्ग, रोहतास अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अजय गर्ग, हैप्पी कंछल, आनंद अग्रवाल रामविलास, केदारनाथ अग्रवाल, पंकज मिश्रा, आशीष अवस्थी, विजय गर्ग सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## दुर्गा जागरण में भक्ति गीतों पर थिरके श्रोता

गोला गोकर्णनाथ, खीरीं।(वीओएल) मोहल्ला तीर्थ स्थित माल गोदाम के निकट गली में माँ दुर्गा जागरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने पूजा-अर्चना एवं ज्योति प्रज्वलित कर किया ।उन्होंने माता रानी से सभी नगरवासियों के सुख-समृद्धि, वैभव और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा से ही जीवन में आनंद और शांति संभव है ।माता सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और किसी के जीवन में कष्ट न आए ।मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने माँ दुर्गा के चरणों में भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रातभर भजनों और जयकारों से वातावरण



भक्तिमय बना रहा ।कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और देर रात तक मां की महिमा का गुणगान करते रहे।

## कोतवाली पुलिस की अनोखी पहल दो पहिया वाहनों की निकाली रैली

धौरहरा खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5 की अनोखी झलक बुधवार को कस्बे में लिखा पडी इसके लिए क्षेत्राधिकारी धौरहरा



व कोतवाली प्रभारी द्वारा नवरात्र त्योहार समापन व रामलीला मेला कार्यक्रम के दौरान दिखी ।मिशन शक्ति फेज 5 के इस कार्यक्रम को पुलिस ने महिला सशक्तिकरण थीम देकर दो पहिया वाहनों की रैली द्वारा कस्बे भर की गलियों से लेकर सड़कों तक भ्रमण किया। जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 व नारी सशक्तिकरण अभियान की सयुक्त पहल पर बुधवार को धौरहरा कोतवाली पुलिस ने महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत पूरे पुलिस स्टाफ द्वारा बाइको की रैली क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमसेर बहादुर सिंह व कोतवाल शिवाजी दुबे के नेतृत्व में कस्बे के बीचो बीच मेन बाजार, भीड भाड वाले स्थानों व चौराहों पर भ्रमणशील रहकर गलियों से लेकर सड़क तक आम आदमी को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया गया। कार्यक्रम समापन बाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया शासन की थीम व उच्चाधिकारियों के निर्देशन में उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, संवाददाता। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत जिले में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में उत्कृष्ट योगदान देने पर गोला कोतवाली की महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा को सम्मानित किया गया।

30 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम में डीएम और एसपी ने अपूर्वा शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर कर सम्मानित किया और उनके कार्य की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि अपूर्वा शर्मा जैसी महिला अधिकारी समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा हैं। वे न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि नारी सुरक्षा और जागरूकता में भी प्रभावशाली योगदान दे रही हैं।

सम्मान से गदगद उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह महिलाओं के आत्मबल और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांति है। उन्होंने जिले की महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर जिले के अनेक प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षिकाएं, छात्राएं और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा विषयक कई गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें आत्मरक्षा प्रशिक्षण, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी और महिला कानूनों पर विशेष चर्चा प्रमुख रहीं।

## कांवड़ यात्रा वालंटियर को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



पिपरिया धनी, खीरी। कांवड़ियों की सेवा करने और कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व सुचारू बनाने के लिए पुलिस और प्रशासन की मदद करने वाले वालंटियर को सीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

वालंटियर सावन माह में कावडियो की सुरक्षा, कावंड यात्रा के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर प्रशासन का सहयोग निःस्वार्थ भाव से करते हैं। इसी को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरूण कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी उमेश चन्द्र चैरसिया, चैकी प्रभारी रेहरिया हिमांशु आनंद सिंह ने ग्रंट साहबगंज प्रधान सुदेश कुमार, समाजसेवी अमरजीत सिंह, अजय कुमार, राम कुमार कश्यप, धर्मेंद्र कुमार, विनोद कुमार, वीरपाल, सतेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, उमाशंकर, नवनीत कुमार, पंकज कुमार, धनपाल सिंह, हरिनाम सिंह, कश्मीर सिंह, मनोज सिंह, धर्मेंद्र कुमार, संदीप कुमार, मुलायम सिंह, उदयवीर श्रीवास्तव, आरिफ गाजी, जितेंद्र सिंह, विपिन राठौर आदि के कार्यों की प्रशंसा करतें हुएं सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## ऐतिहासिक बरोसी पूजन का आयोजन हुआ

मोहम्मदी खीरी। कस्बा बरवर में पौराणिक देवीस्थान मंदिर पर शरद नवरात्रि के अंतिम दिन हवन पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसके बाद यज्ञ से जलती बरोसी को सर पर रखकर नगर के प्रमुख मार्गों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच से निकलने पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर माता रानी से कृपा का आशीर्वाद मांगा है। देवस्थान जीर्णोद्धार समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंडित प्रेम बाबू शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच नवमी का यज्ञ संपन्न कराया गया कन्या भोज के साथ बरोसी पूजन कर पंकज पंडा द्वारा उसे सर पर रखकर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए 8 किलोमीटर की दूरी तय कर मंदिर पर पहुंच कर समापन किया गया दूर-दूर से आए भक्त गणों ने बरोसी की पूजा कर देवी आपदाएं रक्षा करने का आशीर्वाद मांगा है।

संक्षेप

## सिलेंडर लीकेज से लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

सफीपुर, उन्नाव। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के लीकेज से लगी आग से घर में रखा अनाज, छप्पर, कपड़े एवं गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। राजस्व कर्मी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। क्षेत्र के फतेहपुर गांव में सिलेंडर से खाना बनाते समय अचानक जगन्नाथ पुत्र सोहन के घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा अनाज, कपड़े व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने दमकल को फोन पर सूचना दी। जब तक मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंचती तब तक ग्रामीणों ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। आग बुझाने के दौरान गृह स्वामी झुलस गया। जिसे स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के पश्चात घर भेज दिया गया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की।

## मालगाड़ी से टकराकर युवक की मौत

सफीपुर, उन्नाव। सफीपुर रेलवे स्टेशन के समीप देर रात्रि एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दिल्ली से अपने गांव लौट रहा था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान आसीवन थाना क्षेत्र के लच्छीखेड़ा निवासी संदीप यादव 23 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम जीवन यादव के रूप में हुई है। मृतक लगभग छह महीने पहले मजदूरी के लिए दिल्ली गया था। देर रात्रि वह दिल्ली से अपने गांव लौट रहा था। युवक सफीपुर रेलवे स्टेशन यार्ड के पास बांगरमऊ से उन्नाव की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मामला जीआरपी से जुड़ा होने के चलते जीआरपी कर्मियों को सूचना दी। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गयी।

## समाजसेवी रघुवीर सहाय का निधन

सीतापुर। लहरपुर नगर के मोहल्ला बेहटी निवासी एवं राम जानकी मंदिर के प्रबंधक प्रमुख, विख्यात समाजसेवी रघुवीर सहाय मेहरोत्रा उर्फ पप्पू का बुधवार सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास मोहल्ला बेहटी पर शुभचिंतकों और समाज के लोगों का तांता लगा रहा। देर शाम विसंवा गेट स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र रचित मेहरोत्रा ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष जावेद अहमद, विरेंद्र पुरी, राजेश्वर रस्तोगी, श्री नारायण मेहरोत्रा, शीलू शुक्ला, रघुवंश अवस्थी, मनीष शुक्ला, प्रमोद कपूर, प्रमोद मिश्रा, मनोज गुप्ता, बीलू शुक्ला, मांटू पुरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व उनके शुभचिंतक मौजूद रहे।

## साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। महमूदाबाद चैराहा स्थित पेट्रोल पंप नंबर 2 के पास अज्ञात वाहन ने एक साइकिल सवार को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक का शरीर 50 मीटर से अधिक दूरी तक बिखर गया। मृतक की शिनाख्त छोटकन्न शर्मा 40 पुत्र रामआसरे निवासी रांवा गढ़ी के रूप में हुई। वह रोजाना की तरह सुबह साइकिल से सिधौली मजदूर मंडी दिहाड़ी की तलाश में जा रहा था। हादसे के बाद शव की हालत इतनी खराब थी कि पहचान केवल बची हुई साइकिल से संभव हो सकी। परिजनों ने पहुचकर उसकी पहचान की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात ट्रक या डम्पर से टकराने के बाद मृतक का शरीर वाहन में फंस गया और वाहन उसे काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। सूत्रों का कहना है कि घटना स्थल से चंद कदमों की दूरी पर एक अवैध मौरंग मंडी संचालित होती है। जहां से ओवरलोड डम्पर लगातार आवाजाही करते हैं। हादसे के बाद भीड़ जुटने पर कुछ लोगों द्वारा संबंधित वाहन को मौके से फरार कराने की बात भी सामने आ रही है। कोतवाली प्रभारी बलवन्त साही ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग अवैध मंडी और ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# 48 घंटे में हाईवे लूट का किया खुलासा, 3 गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

**सीतापुर।** थाना महोली क्षेत्र के हाईवे पर कैब चालक से कार लूट की घटना का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया है। एसओजी टीम व थाना महोली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन इनामी अंतर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से लूटी गई वैगनआर कार, दो मोबाइल, अवैध शस्त्र व कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के निर्देशन पर चलाए गए अभियान के तहत 30 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर चड़रा गांव के पास बिना नंबर की वैगनआर से आ रहे संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिस पर जवाबी कार्रवाई में जफरुद्दीन खान निवासी भोजीपुरा, बरेली के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से लूटी गई वैगनआर कार, मोबाइल, तमंचा 315 बोर, कारतूस व नकदी बरामद हुई। इसके बाद 1 अक्टूबर को पुलिस ने पाताबोझ मोड़ से वांछित अपराधी अरबाज खान और आसिफ खान को दबोच लिया। इनके पास से तमंचे, कारतूस, एक मोबाइल, बांका और नकदी बरामद हुई। तीनों अपराधियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित था। आपराधिक इतिहासः तीनों के खिलाफ गाजियाबाद व बरेली में एनडीपीएस एक्ट, पाक्सो, लूट, चोरी व आर्म्स एक्ट के कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। एसपी ने एसओजी निरीक्षक सतेंन्द्र विक्रम सिंह, उ.नि. अरविन्द शुक्ला, हे.का. शराफत अली, गुरपाल सिंह, का. भूपेन्द्र राणा, दीपक रंजन, अंकुर बलियान, अभिषेक तोमर, हे.का. राहुल खोकर, सरगम तोमर, का. प्रशान्त शेखर सिंह, भानू राठी, चन्द्रप्रकाश, दानवीर सिंह, अमित मांगट, शैकी यादव, म.का. डोली रानी व पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चैबे, अपराध निरीक्षक सूरज पाल सिंह, उ.नि. बिनोद कुमार, सुनील कुमार सिंह , हे.का. जय प्रकाश बाजपेई, धीरेन्द्र सिंह, का0 विक्रम सिंह, मोहित नागर, रवि कुमार, मोहित साहू, अंकित कुमार, राजेश कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, आमिर खान को सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी है।

## चोरों ने एक ही गांव के तीन घरों से नकदी-जेवरात किये पार

सीतापुर। सकरन थाना इलाके में बीती रात चोरों ने साइनपुरवा मजरा बोहरा गांव में धावा बोलते हुए तीन घरों को निशाना बनाया। चोर नकदी, जेवरात, कपड़े, बर्तन और राशन समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामचरन पुत्र मनोहर परिवार सहित आंगन में सोया था।



रात में चोर पीछे की दीवार में नकब लगाकर कमरे के भीतर घुसे और बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने के बाला, छह चांदी की बिछिया, चार चांदी की अंगूठी, 11 सौ रुपये नकद, कपड़े व राशन चोरी कर ले गए। इसके बाद चोर सुरेंद्र पुत्र बच्चू के घर पहुंचे और 65 सौ रुपये नकदी, कपड़े व राशन पर हाथ साफ कर दिया। तीसरी वारदात में चोर रोजअली पुत्र महबूब के घर में घुसे और कमरे में सो रहे परिवार को बाहर से बंद कर दूसरे कमरे में रखे कपड़े, बर्तन व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह जगने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। तीनों पीड़ितों ने सांडा पुलिस चौकी पर तहरीर दी है। सांडा चौकी प्रभारी ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेनों में चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

उन्नाव। महिलाओं का गैंग सक्रिय था जो ट्रेनों में चोरी करती थी चोरी के आरोपी महिलाओं को उन्नाव जीआरपी ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। उन्नाव जीआरपी के दारोगा लोकेंद्र सिंह मय हमराह के साथ स्टेशन परिसर व टिकट वितरण स्थल का निरीक्षण कर रहे थे तभी चेकिंग के दौरान दो महिला संदिग्ध प्रतीत हुई जीआरपी की महिला कांस्टेबल ने जब उक्त संदिग्ध महिला से पूछताछ की तो वह गुमराह करने लगी। जीआरपी के अनुसार उक्त संदिग्ध महिला से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने ट्रेनों में चोरी करने की बात स्वीकार किया। जीआरपी ने उक्त दोनों महिलाओं के पास से 1 अदद मंगलसूत्र पीली धातु 2 अंगूठी पीली धातु 2 अदद कान के धागे वाले टप्स तथा नकद 26500 रुपए बरामदगी की गई। पुलिस के पूछताछ में गिरफ्तार महिलाओं ने अपना नाम सोहली व शबाना नाम बताई गिरफ्तार करने वाली जीआरपी टीम में दारोगा लोकेंद्र सिंहकांस्टेबल सचिन कुमार, अमरेंद्र पटेल महिला कांस्टेबल पूजा व महिला कांस्टेबल पूनम रही।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम व वृद्धजन संगोष्ठी का आयोजन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी सफीपुर शिवेन्द्र वर्मा ने वृद्धाश्रम तकिया निगोही जाकर



सर्वप्रथम एक पेड़ लगाया इसके बाद वृद्धाश्रम प्रबंधक पी एन सिंह द्वारा एस डी एम को वृद्धाश्रम में प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहां पहुंचकर एस डी एम ने सभी वृद्धजनो का माल्यार्पण करके उनका सम्मान किया। और अंगवस्त्र भी वितरित किये साथ ही वृद्धो के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व संगोष्ठी में भी प्रतिभाग किया। एस डी एम के आने पर वृद्धाश्रम स्टाफ और वृद्धजनो ने उनका आभार व्यक्त किया। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर वृद्धों ने गाना बजाना किया। इस मौके पर वृद्धाश्रम में वृद्धाश्रम स्टाफ के अनूप कुमार, बृजेश कुमार, बब्लू एवं मोहन लाल वर्मा आदि सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहे।

# रामसेतु स्थापना व अंगद संवाद का मंचन



हिलौली, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत मौरावां मेले में चल रही रामलीला में आज रामसेतु अंगद संवाद का रोचक मंचन किया गया। नगर अध्यक्ष विवेक सेठ ने गणेश पूजन करके रामचंद्र भगवान की आरती करके शुभारंभ किया।

रामलीला में कलाकारों ने दिखाया कि रावण के छोटे भाई विभीषण लंका नरेश को समझाते हैं कि वह राम से बैर न लें, यह बात सुन रावण क्रोधित हो जाता है और विभीषण को लंका से बाहर कर देता है। विभीषण श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं श्री राम विभीषण को लंका का राजा बनाने की घोषणा करते हैं।वहीं वानर सेना समुद्र तट पर पहुंचती है। श्रीराम तीन दिन तक समुद्र से रास्ता देने के लिए विनती करते हैं। लेकिन समुद्र रास्ता नहीं देता बाद में श्री राम समुद्र किनारे रामेश्वर की स्थापना कर आराध्य शिव की आराधना करते हैं। इधर नल नील भगवान श्रीराम के नाम के पत्थर पुल बनाने केलिए समुद्र में डालने लगते और लंका जाने का रास्ता तैयार होने लगा, ऐसा मंचन देख सभी भाव विभोर रहे। इसके बाद भगवान राम बालिपुत्र अंगद को रावण के पास शांति दूत के रूप भेजा लेकिन रावण ने ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया। इस दौरान अंगद ने रावण के सामने शर्त रख दी कि उसकी सभा का कोई भी राक्षस उनका पैर उठा दे तो भगवान श्रीराम अपनी सेना सहित वापस चलें जायेंगे। मेले में रामलीला कार्यक्रम में क्षेत्र की हजारों की संख्या उमड़ रही है वही सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह स्टाफ के साथ पूरी मुस्तैदी डटे दिखाई पड़ते हैं। इसी के साथ मेला कमेटी के सदस्य जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दीक्षित धीरू सिंह उमेश सिंह सोनू सिंह राजीव सिंह प्रदीप चौरसिया शुभम सिंह गौरीशंकर सिंह मेला रामलीला में सक्रिय रहकर योगदान दे रहे। मेले में इन्हीं सब विशेषताओं के चलते दूर दूर से दुकानदारों का आना चालू है। मेले में खास पशु मेला मशहूर है जो कि दूर दूर के व्यापारी आते हैं। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल तमाशे झूले आदि मेले में मौजूद हैं।

## लक्ष्मण शक्ति का संवाद देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



उन्नाव। स्थानीय आवास विकास कॉलोनी स्थित विशाल मंच पर श्री राघव सनातन सेवा संस्थान के तत्वाधान में चल रहे भव्य, अनुशासित एवं मर्यादित श्री रामलीला महोत्सव के सातवें दिन बुधवार को रामायण के हृदयस्पर्शी प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया। वृंदावन धाम से पधारे कलाकारों ने सबसे पहले विभीषण शरणागत प्रसंग का सजीव चित्रण किया, जहाँ प्रभु श्रीराम ने विभीषण का स्वागत कर शरणागत धर्म की मर्यादा स्थापित की। इसके बाद अंगद-रावण संवाद का रोचक मंचन हुआ, जिसमें अंगद के अदम्य शौर्य और रावण का अहंकार देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम का चरम दृश्य लक्ष्मण शक्ति प्रसंग रहा। रावण पुत्र मेघनाद द्वारा लक्ष्मणजी को शक्ति बाण से मूर्छित कर देने का अद्भुत मंचन देखकर पूरा पंडाल भावविभोर हो उठा। इसके उपरांत हनुमानजी द्वारा संजीवनी पर्वत लाने का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया। हनुमानजी का विराट स्वरूप, उनका पराक्रम और पर्वत उठाने का दृश्य देखकर दर्शक जय बजरंगबली के उद्घोष से गूंज उठे। इस अवसर पर संरक्षक राम तनेजा, अजय शुक्ला, अध्यक्ष कुंवर आर. एस. चैहान, महामंत्री जी. एस. भदौरिया, कोषाध्यक्ष आशीष शुक्ला, सभासद अशोक सिंह मुन्ना, के. जी. अग्रवाल, डीडी शुक्ला, प्रथम श्रीवास्तव, अम्बरीश त्रिपाठी, वीरेश श्रीवास्तव, महिला अध्यक्ष निम्मी अरोरा, महिला संयोजक नीतू त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## महिला ने छह लोगों पर विवादित पेड़ कटवाने का लगाया आरोप

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र के हसनापुर मजरा सेमराखुर्द निवासी नाजिमा टेलर पत्नी काजिम अली ने छह लोगों पर उनकी विवादित जमीन से पेड़ कटवाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि उनकी जमीन गाटा संख्या 727, थाना क्षेत्र नकैला गांव में स्थित है, जिसका वाद वर्तमान में दीवानी न्यायालय बिसवां में विचाराधीन है। नाजिमा ने बताया कि उक्त जमीन पर जामुन व यूकेलिप्टस सहित कई पेड़ लगे थे, जिन्हें नकैला गांव निवासी मैनुद्दीन, अकबर, नत्थू, जुम्मन, अब्दुल समद और इस्माइल ने बिक्री कर कटवा लिया। इधर, आरोपित पक्ष मैनुद्दीन आदि का कहना है कि न्यायालय का आदेश उनके पक्ष में हुआ है, इसलिए उन्होंने पेड़ कटवाए हैं। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति के तहत रिजर्व पुलिस लाइन्स में 151 कन्याओं का पूजन

सीतापुर। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित मंदिर में भव्य कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोंसले, क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी,



प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना इतुल चैधरी सहित मिशन शक्ति टीम व पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान कुल 151 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उनके चरण स्पर्श किए गए, तिलक लगाया गया और दीपक व फूल अर्पित किए गए। पुलिसकर्मियों ने देवी स्वरूप बच्चियों का सम्मान करते हुए समाज में उनके सर्वोच्च स्थान का संदेश दिया। कन्या पूजन उपरांत सभी बच्चियों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया और उपहार व चॉकलेट वितरित कर विदा किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति का सम्मान, उनके सशक्तिकरण और समाज में सकारात्मक संदेश देना बताया गया।

## 317 मरीजों का हुआ निःशुल्क परीक्षण



सीतापुर। लहरपुर इलाके के जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में श्री पीताम्बरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल पारा सराय द्वारा ग्राम सभा केरसौवरा में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के.डी. जोशी ने हृदय रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर कुमार चैधरी ने ऑर्थोपेडिक समस्याओं से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां व एक्सरसाइज कराईं। वहीं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुलिका राय और डॉ. इलियास ने भी मरीजों का उपचार कर दवाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम में कुल 317 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर केपी सिंह ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एस.पी. सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य मेले में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी, ऐश्वर्य प्रताप सिंह डॉ. गनी, डॉ. मोहम्मद जमा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं नागरिक मौजूद रहे।

# सीतापुर में पुनः शुरू हुआ भरत मिलाप राजगद्दी महोत्सव

सीतापुर। नगर में पारंपरिक भरत मिलाप एवं राजगद्दी कार्यक्रम एक बार फिर हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ शुरू हो गया है। कोरोना कालखंड के चलते वर्षों से बंद पड़ा यह आयोजन अब पुनः प्रमुख समाजसेवियों की पहल पर प्रारंभ किया गया है। इसके लिए भरत मिलाप राजगद्दी आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष अमित बाजपेई, उपाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी सहित दस सदस्य शामिल हैं।

समिति अध्यक्ष अमित बाजपेई ने जानकारी दी कि 2 अक्टूबर को विगत वर्षों में कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे लोगों एवं उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। इसके उपरांत भव्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें सुमित ओरछा, लाफ्टर फेम हेमंत पांडेय, शशि श्रेया, अजय अंजाम और वंदना विशेष काव्यपाठ करेंगे। 3 अक्टूबर को नगर क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रीमहाकाल भगवान की झांकी, डमरू वादक, अघोरी व अन्य धार्मिक झांकियां शामिल होंगी। शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पूजन किया जाएगा। इसके बाद भरत मिलाप का आयोजन होगा, जिसमें हनुमान जी का आकाश मार्ग से आगमन और पुष्पक विमान द्वारा भगवान श्रीराम, माता सीता व श्रीलक्ष्मण का प्रवेश विशेष



आकर्षण रहेगा। भगवान श्रीराम का भरत से मिलन और राजगद्दी पर अभिषेक के साथ नैमिषारण्य के चक्र तीर्थ के मुख्य पुजारियों द्वारा भव्य आरती की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुनींद्र अवस्थी, विकास हिंदू, अरविंद मोहन मिश्रा, राहुल मिश्रा, विश्वीर गुप्ता, राहुल जायसवाल, पारस धवन, अनुभव पांडेय, प्रदीप गुप्ता, प्रदीप शुक्ला, ललित श्रीवास्तव, निर्भय द्विवेदी, संदीप अवस्थी, प्रभात अग्निहोत्री और आकाश मिश्रा की प्रमुख भूमिका रही।

## डालमिया चीनी मिल में वृहद किसान गोष्ठी गन्ना उत्पादन बढ़ाने पर जोर

सीतापुर। डालमिया चीनी मिल यूनिट जवाहरपुर में सोमवार को एक वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख श्री टी.एन. सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में श्री सिंह ने किसानों को आश्वस्त




किया कि मिल सदैव उनके सहयोग में खड़ी है और गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीकी सहायता व आवश्यक सहयोग निरंतर उपलब्ध कराती रहेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक पद्धतियों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही गन्ना किसानों की आय में वृद्धि संभव है। मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि गोष्ठी में गन्ना फसल को रोगमुक्त रखने, आधुनिक बुवाई पद्धतियों को अपनाने और पैदावार बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक (गन्ना) उमाकांत पाठक ने भी किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैं। पाठक ने गन्ने की नई किस्मों, रोग प्रबंधन और आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग पर विशेष जानकारी साझा की। किसानों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसमें कलाकारों ने मनोरंजक ढंग से बुवाई की विधियों और रोगों की रोकथाम के तरीकों को समझाया।कार्यक्रम के अंत में किसानों के लिए जलपान की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में उपस्थित कृषकों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे लाभकारी बताया।

# स्वदेशी जागरण यात्रा का प्रदर्शन, विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का संदेश




सीतापुर। केशव ग्रीन सिटी में स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों और प्रदेश के सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए जोरदार प्रदर्शन आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का समापन लालबाग चैराहे पर हुआ, जहाँ से स्वदेशी जन जागरण यात्रा ने आंख अस्पताल चैराहे तक रैली निकालकर जनता को स्वदेशी वस्तुएँ अपनाने और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि दीपावली पर सभी समान स्वदेशी ही खरीदेंगे। स्वदेशी जागरण मंच के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी आह्वान का स्वागत करते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री राष्ट्र की सच्ची सेवा है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक अमित कुमार सिंह ने वैश्विक अनिश्चितताओं और विदेशी आर्थिक दबावों के बारे में बताया और कहा कि स्वदेशी अपनाना राष्ट्रीय हित की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। मंच के संरक्षक अचिन मल्होत्रा ने चीन सहित कुछ देशों द्वारा स्वदेशी विनिर्माण को प्रभावित करने वाले षड्यंत्रों का विरोध किया। यात्रा के दौरान स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक मुकेश अग्रवाल, सहसंयोजक भगवती गुप्ता और अंकित अग्रवाल ने जनता से स्वदेशी वस्तुएँ खरीदने और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने का आह्वान किया। स्वावलंबी भारत के सहसंयोजक प्रतीक अग्रवाल ने भी यात्रा का संचालन करते हुए स्वदेशी उद्योग के समर्थन का संदेश दिया। रैली के दौरान लालबाग चैराहे स्थित विदेशी कंपनियों ओप्पो और वीवो के सामने कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और नारे लगाकर अमेरिकी कंपनियों और अन्य विदेशी दबावों के खिलाफ चेतावनी दी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, व्यापारी और विभिन्न संगठनों के सदस्य मौजूद रहे। जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल ने अंत में सभी कार्यकताओं को स्वदेशी का संकल्प दिलाया और धन्यवाद अर्पित किया।

## सीतापुर में होगी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक

- राष्ट्रीय पदाधिकारी भी होंगे शामिल, दवा व्यापार से जुड़े मुद्दों पर होगी अहम चर्चा

सीतापुर। आगामी रविवार, 5 अक्टूबर 2025 को सीतापुर के भरत पैलेस में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश के 72 जिलों से प्रतिनिधि शामिल होंगे।

प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के प्राधिकारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य दवा व्यापार से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना और उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना है। बैठक में जीएसटी 2.0 के नए प्रावधान, छोटे दवा व्यापारियों को राहत, अधोमानक औषधियों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध, दवा विक्रेताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने की कार्ययोजना, ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 की समीक्षा तथा एफडीए फूड एंड ड्रग को पूर्व स्थिति में बहाल करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के निष्कर्षों पर आधारित प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजे जाएंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल टंडन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन दवा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए अहम साबित होगा। वहीं महामंत्री बसंत गोयल ने कहा कि यह सीतापुर के लिए सौभाग्य की बात है कि इतने बड़े स्तर पर यह बैठक यहां आयोजित हो रही है। इसके माध्यम से दवा व्यापारियों की आवाज राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास होगा। उपाध्यक्ष शैलेश महेंद्र ने कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होने चाहिए ताकि व्यापारियों की समस्याओं को साझा कर उनके समाधान की राह निकल सके। वहीं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी ने बताया कि कार्यशाला की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सीतापुर के दवा व्यापारी उत्साहपूर्वक इसमें भाग ले रहे हैं।

## बेनीवाईजपुर की प्रधान पर दबंगों का हमला

हरगांव/सीतापुर। थाना क्षेत्र हरगांव के ग्राम पंचायत बेनीवाईजपुर की प्रधान रीता देवी पर रविवार दोपहर दबंगों ने हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब प्रधान अपने खेत में मजदूरों से धान की कटाई करवा रही थीं और खुद समरसेबुल पर बैठी थीं। पीड़िता ने बताया कि दबंगों ने उन्हें लाठी-डंडों से पीटा और बचाने आए उनके पुत्र अजीत राज, देवर अकुल तथा चचेरे ससुर लालता प्रसाद को भी घायल कर दिया।रीता देवी के मुताबिक, दबंग दीपू उर्फ रामलखन, विपिन, पवन, शिवानी, मीरा और गिल्ली आदि पहले से ही उन पर चुनाव न लड़ने का दबाव बना रहे थे। जब उन्होंने मना किया तो सभी ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।शोरगुल सुनकर पहुंचे परिजनों को भी दबंगों ने मारा-पीटा। घटना के बाद पीड़िता ने थाना हरगांव में कार्रवाई के लिए प्रार्थनापत्र दिया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच-पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## गांजा सहित एक गिरफ्तार

**बांदा।** मिशन शक्ति टीम अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई करने में किसी तरह भी कमतर नही है। बुधवार को थाना नरैनी मिशन शक्ति टीम ने 2 किलो से अधिक अवैध गांजा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की देर रात नरैनी की मिशन शक्ति टीम कस्बे के देवी पंडालों के आस-पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक आरोपी अवैध गांजा के साथ कालिंजर रोड स्थित आरा मशीन के पास खड़ा है। जानकारी मिलने पर तत्काल टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी कोमल सिंह पुत्र रामकृष्ण सिंह निवासी शंकरपुर थाना नरैनी को पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रक्षा देवी, महिला कांस्टेबल शिक्षा राठौर, प्रिया यादव, जितेन्द्र सिंह व अंकित कुमार सिंह रहे।

## सपाइयों ने भक्तों को पिलाया पानी

**बांदा।** मूर्ति विसर्जन के दौरान शहर के बाबूलाल चैराहा में पंडाल लगाकर सपाईयों ने देवी प्रतिमाओं की झांकियों की आरती की और भक्तों को पानी व बिस्किट खिलाकर स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने आस्था और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं को रोककर पानी पिलाया। इस दौरान छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा, युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष कुतैबा जमा, साजिद अली, आर के समुद्र, नीलम गुप्ता, दिवाकर खंगार, नीलम कोटार्य, वीरेन्द्र गुप्ता, बबलू श्रीवास, रियाज खान, आमिर खान आदि मौजूद रहे।

## शराब बिक्री रोकने को आबकारी विभाग सतर्क

**बांदा।** गांधी जयंती पर जिले की आबकारी दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। जिला आबकारी अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने आबकारी निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि गुरूवार को ही विजयदशमी के कारण शराब की अवैध बिक्री की संभावना को देखते हुए सतर्कता बरतने को कहा है।

उन्होने आबकारी निरीक्षकों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्रों में स्टॉफ के साथ लगातार किसी भी अवैध शराब की बिक्री की जानकारी मिलने पर त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी दशा में शराब की बिक्री न होने पाए।

# नम आंखों से हुआ देवी प्रतिमाओं का देर रात तक विसर्जन



**बांदा।** नवरात्रि महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। समूचा जनपद भक्ति भावना से ओत-प्रोत रहा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से देवी प्रतिमाओं का केन नदी घाट में विसर्जन किया। शहर में लगभग 600 प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक चलता रहा। दोपहर बाद से देवी विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। देवी विसर्जन को देखने के लिए हजारों की तादाद में महिला, पुरूष व बच्चे सड़क किनारे आराध्य देवी प्रतिमाओं का दर्शन करने के लिए घंटों खड़े रहे। शहर के महेश्वरी देवी चैक में केन्द्रीय पूजा महोत्सव समिति ने विसर्जन के लिए टोकन वितरित किए थे। विसर्जन के दौरान शहर के चप्पे-चप्पे में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी थी। मुख्य चैराहों के अलावा विसर्जन टोलियों के जुलूस के आगे-पीछे भी पुलिस बल पूरी तरह सतर्क रहा ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। डीएम जे0 रीभा और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने व्यवस्थाओं को लेकर कल ही अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दे दिए थे। प्रशासन ने मूर्ति विसर्जन के लिए रूट तय किए थे। विसर्जन को देखते हुए जरूरी वाहनों के अलावा भारी वाहनों को शहर में पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी तादाद में मूर्ति विसर्जन लोगों ने अलग-अलग नदी, नालों में किया लेकिन बांदा शहर के आस-पास के गांव की भी मूर्तियों का विसर्जन केन नदी घाट पर हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारी लगातार व्यवस्था पर नजर बनाए रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात दुरूस्त रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गये हैं। विसर्जन स्थल पर गोताखोरों और फ्लड पीएसी को लगाया गया है साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है।

●प्रशासन ने सुरक्षा के किए थे पुख्ता इंतजाम

## श्रीरामनवमी, विसर्जन व विजयदशमी को लेकर पुलिस रहे सतर्कः एसपी

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ रामनवमी, दुर्गा मूर्ति विसर्जन, विजयदशमी के परिपेक्ष्य में तैयारियों की समीक्षा कर त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया।

### विसर्जन स्थल पर सुरक्षा प्रबंधन

जनपद के सभी मूर्ति विसर्जन स्थलों पर उचित मात्रा में पुलिस बल, नाविकों, गोताखोरों व अन्य आवश्यक संशाधनों उचित प्रबंधन व व्यवस्थापन कर, उन्हें पूर्व में ही उनकी ड्यूटी के परिपेक्ष्य में ब्रीफिंग करना सुनिश्चित करें। ऐसे मूर्ति विसर्जन स्थल, जहां पर जलस्तर अधिक है, वहां रस्सियों (बैरिकेटिंग) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराई जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को सुरक्षा उपकरणों से लैस रहकर अपनी ड्यूटी पूरी सतर्कता एवं गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए। समस्त थानों की पीआरवी को निर्धारित स्थलों पर ड्यूटी डिप्लॉयमेंट करना सुनिश्चित करे।

### ध्वनि नियंत्रण एवं डीजे पर निगरानी

विसर्जन के दौरान डीजे/ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित ध्वनि सीमा के अंतर्गत ही बजाए जाएं। किसी भी प्रकार का अश्लील, उत्तेजक अथवा ऐसे गीत/संगीत नहीं बजने चाहिए जिनसे किसी धर्म, जाति अथवा समुदाय की भावनाएं आहत हों। इस संबंध में पूर्व से ही डीजे संचालकों एवं आयोजकों के साथ बैठक कर, उन्हें सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जाए।

### शांति एवं सौहार्द बनाये रखने हेतु व्यवस्था

मूर्ति विसर्जन मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहे, ताकि यातायात -व्यवस्था सुचारू बनी रहे और कोई जाम न लगे। भीड़ नियंत्रण एवं शांति- व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल को नजदीकी स्थानों पर मुस्तैदी से तैनात किया जाए।

ड्यूटी के दौरान सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता, संयम और सौम्यता के साथ अपने निर्धारित स्थान पर ड्यूटी का कार्य करें। किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए और त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी त्यौहार (रामनवमी/दुर्गा मूर्ति विसर्जन, विजयदशमी) के दृष्टिगत पोस्टर पार्टियों को समय से निकालना व उनकी उचित ब्रीफिंग करना सुनिश्चित करे। रामनवमी त्यौहार के दृष्टिगत निकलने वाले जुलूस/शोभायात्रा में बाक्स फार्मेशन में ड्यूटी लगाकर जुलूस/शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराया जाये।

## रक्तदान समिति के सदस्यों समेत रक्तदाताओं को किया सम्मानित



**ललितपुर।** पहली अक्टूबर 2025 को स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक प्रांगण में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर जय अम्बे रक्तदान समिति और समिति के अधिकतम बार रक्तदान करने वाले रक्तवीर अजय साहू, रोहित सोनी, संतोष पटेल, फारुख खान को स्नेह चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जय अम्बे रक्तदान समिति लगातार 17 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही है और हजारों जरूरतमंदों को रक्तदान करा कर उनकी जान बचाई है। समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर ने बताया है कि हमारी समिति के सैकड़ों रक्तवीरों ने 50 से अधिक बार रक्तदान किया है जो जिले की एकमात्र समिति द्वारा किया गया है। इस मौके पर जय अम्बे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर, कन्हैयालाल रजक, बलराम अहिरवार, चन्दन सिंह अहिरवार, दीपक अहिरवार, रोहित सोनी, अजय साहू, संतोष पटेल, फारूक खान आदि उपस्थित रहे।लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष व प्रत्याशी के प्रति ने किया रक्तदानलोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से समर्थित नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव में प्रत्याशी सूबी जैन के पति संजय कुमार जैन ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर ब्लड बैंक जाकर रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीज के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता हो जाये। यही नारायण सेवा है।

## पिता की पांचवीं शादी की जानकारी पर पुत्र ने की हत्या

जिला संवाददाता



**बांदा।** थाना नरैनी के हड़हा गांव में 27 सितंबर की बीती रात मंसूर खान की घर में सोते समय गोली मारकर हत्या करने के मामले पर पुलिस ने पुत्र मासूक खान और मृतक के दोस्त इकबाल हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को गुमराह करने के लिए पिता की हत्या को लेकर पुत्र मासूक खान 20 ने थाना में अज्ञात व्यक्ति द्वारा पिता की घर में सोते समय हत्या करने की तहरीर दी थी। एसपी पलाश बंसल ने घटना के खुलाशे को लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया था। बारीकी से जांच एवं घटना स्थल से मिले वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने प्रथम द्रष्टया किसी परिचित के घटना को अंजाम देना प्रतीत हुआ जो मृतक के सोने से पूर्व वहां मौजूद रहा हो। करीबियों से पूंछताछ के बाद पुलिस का शक मृतक के पुत्र की ओर गया। पलिस ने मासूक खान को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूंछताछ की तो उसने पिता के सहयोगी की मदद से हत्या करना स्वीकार कर लिया। मासूक खान ने बताया कि उसके दादा ने मृत्यु से पहले 6 बीघा जमीन उसके नाम कर दी थी। पिता ने उसकी शादी करवाने और घर बनवाने के नाम पर 4 बीघा जमीन 44 लाख में बिकवा दी और उसे केवल 5 लाख रुपये दिए। बने घर पर भी आधे में कब्जा कर लिया। पिता ने वादा किया था कि मरने से पहले वह अपनी तीन बीघा जमीन इसके नाम कर देगा लेकिन आरोपी को पिता के मित्र ने बताया कि उसका पिता पांचवीं शादी करने जा रहा है और वह पूरी संपत्ति उस महिला के नाम कर देगा। इन्ही सब बातों को लेकर पिता के मित्र इकबाल हसन ने मासूक खान को अवैध तमंचा और कारतूस दिया और कहा कि पिता को रास्ते से हटा दो नही तुम्हे कुछ नही मिलेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी संदीप कुमार तिवारी, उप निरीक्षक मोहम्मद इबरार सिद्दीकी, हेड कांस्टेबल नागेश कुमार, रामसिंह पटेल व अनूप कुमार मिश्रा रहे।

●मृतक के दोस्त ने दिया था तमंचा

# गांधीजी की पुरजोर बगावत अणुशक्ति से भी ज्यादा शक्तिशाली थी: प्रो.शर्मा



**ललितपुर।** गांधी जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि दूसरी बार गांधी जी जब दक्षिण अफ्रीका गए तो अपनी युवा पत्नी कस्तूरबा को भी साथ ले गए। जिस घटना ने युवा मोहनदास को आधुनिक युग के सर्वोच्च महामानव के पद पर बिठा कर गांधी के रूप में ख्यातित किया वह सुनने में बड़ी मामूली घटना मालूम देती है कि फर्स्ट क्लास के रेल टिकिट होते हुए भी उन्हें अंदर बैठे गोरे अंग्रेजों ने अंदर आने से सिर्फ मना ही नहीं किया अपितु गाली-गलौज और लात घूंसे मारकर उनकी पिटाई कर दी। जाड़े की दो बजे की रात उनके मन में ख्याल आया कि पत्नी के अलावा इस अप्रिय घटना को किसी परिचित भारतीय ने नहीं देखा, इसलिए स्वदेश उल्टे पांव लौट लिया जाये, साथ ही दूसरा ख्याल ये भी आया कि जिन्होंने ने दुर्व्यवहार किया है उनसे मेरी कोई रंजिश नहीं है। दूसरे वे यह नहीं जान रहे हैं कि उन्होंने क्या किया है। गांधीजी ने मन ही मन निर्णय लिया कि इंसान इंसान के बीच में काले गोरे का भेद अक्षम्य अपराध और पाप है। परंतु उससे भी ज्यादा अपराध या पाप स्वयं मेरा होता यदि मैं पापी से तो पाप का बदला लेता और उस सिस्टम का प्रतिरोध नही करता जो कि समस्त भेदभावों की जड़ है। ऐसी ही छोटी-छोटी घटनाओं ने इस युग के सबसे बड़े वैज्ञानिक आइंस्टीन को इतना प्रभावित किया कि इ=एमसी स्क्वायर के सूत्र पर आधारित अणु शक्ति के आविष्कारक को यह स्वीकार करना पड़ा कि गांधी जैसे दुबले पतले हाड़-मांस का आदमी कभी इस धरती पर आया था कदाचित्हजारों साल बाद की पीढ़ि?ँ मुश्किल से ही विश्वास कर पायेगीं। महान वैज्ञानिक आइंस्टीन ने यह भी स्वीकार किया था कि गांधी जी की पुरअमन बगावत (शांतिमय प्रतिरोध) अणुशक्ति से भी ज्यादा शक्तिशाली है। हिमालय जैसी शान्ति और ज्वालामुखी जैसी विस्फोटक क्रान्ति के अपूर्व संगम थे, आधुनिक विश्व के महामानव गाँधीजी। अतीत में जो कुछ महापुरुषों ने कहा, उसका सार हमने गाँधी जी में पाया निरूसन्देह वे पहले के प्रयत्नों के फल और आगे की आशाओं के बीज हैं। स्वतंत्र भारत में अनेक नेकदिल नेताओं यथा जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, सुन्दर लाल बहुगुणा आदि ने अपने अपने आन्दोलनों को चमक प्रदान की। हमें गाँधी को टुकड़ों में नही, समग्रता में देखना होगा। गांधीजी ने अपने जीवनकाल में स्पष्ट घोषणा की थी कि मेरे न रहने पर जवाहरलाल नेहरू और विनोबा भावे मेरे राजनैतिक और आध्यात्मिक उत्तराधिकारी हैं जो मेरी ही भाषा बोलेंगे। दक्षिण अफ्रीका में और स्वदेश लौटने पर भारत में गाँधीजी का आगमन एक ऐसी निर्णायक घड़ी में हुआ, जिस समय प्रथम विश्व युद्ध और सोवियत रूस की बोल्शेविक क्रान्ति के दोहरे प्रभाव के कारण पूर्ववर्ती पुनर्जागरण के अग्रदूत स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रप्रेम का दायरा समस्त मानवप्रेम से जुड़ता चला जा रहा था। आधुनिक युग में विद्वानों ने जिस राज्यविहीन समाज (स्टेटलैस सोसाइटी) के स्वरूप को आदर्श माना है व्यापक मानते है क्येंकि हमारा अद्वैतवादी दर्शन एक और एक को दो में नही देखता बल्कि अद्वैत में विश्वास करता है। वस्तुत गांधीजी इसी भारतीय अद्वैतवाद और वैशाली के उस प्राचीन गणतान्त्रिक व्यवस्था के प्रबल पक्षधर थे जहाँ सर्वसम्मति से ही वाकायदा वोटिंग होती थी तदनुसार उसे अधिनियमित कराया जाता था।

## एक माह में पैंसठ अभियोगों में हुई सतत पैरवी

ललितपुर। डीजीपी लखनऊ द्वारा अभियोगों की प्रभावी पैरवी कराये जाने के आदेश के क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र के निर्देश व एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र व अधिक से अधिक सजा दिलाने जाने हेतु प्रभावी पैरवी कराते हुये मॉनीटरिंग सेल/पैरवी सेल में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों, सीओ, थाना प्रभारी और विवेचकों आदि को न्यायालय में पैरवी हेतु नामित किया गया था। जिनके द्वारा अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा एक माह सितम्बर में कुल 65 चिन्हित अभियोगों में कुल 87 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवायी गयी तथा कुल दो लाख तीन हजार नौ सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित करवाया गया है। इसके अलावा पॉक्सो, दुष्कर्म के पांच अभियोगों में 6 अपराधियों को सजा करायी गयी, जिसमें एक अपराधी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व एक अपराधी को 5 वर्ष 6 माह, तीन अपराधियों को 3 वर्ष एवं एक अपराधी को एक वर्ष की सजा के साथ 86 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। वहीं अन्य 60 चिन्हित अभियोगों में 81 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा व अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

## सरकारी उपेक्षा का शिकार बना गांधी घाट

अयोध्या। सत्य और अहिंसा के सिद्धांत पर चलकर भारत देश को ब्रिटिश हुकूमत से मुक्ति दिलाने के लिए आंदोलन करके देश को आजाद कराने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 02 अक्टूबर को जयन्ती है। श्रीराम के अनन्य भक्त रहे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कट्टरपन्थी विचारधारा वाले नाथूराम गोड़से द्वारा 30 जनवरी सन 1948 ई0 को हत्या कर दिए जाने के बाद उनकी अस्थियां लेकर भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अयोध्या आकर सरयू नदी में जिस स्थान पर अस्थियां प्रवाहित की थीं वह स्थल वर्तमान में राम की पैड़ी पर गांधी घाट के नाम से मशहूर है। यहां पर कुछ गांधीवादी नेताओं ने राष्ट्रपिता की एक छोटी सी प्रतिमा स्थापित कराई थी जो सरकारों की उपेक्षा का शिकार बनी रही। कुछ अराजक तत्वों ने एक बार उनकी आंखें निकाल लीं थीं, यह खबर मालूम होने पर उस प्रतिमा में दूसरी आंखें लगा दी गईं और प्रतिमा की सुरक्षा के लिए एक छोटी सी जाली बनवाकर गांधी आश्रम के लोगों ने मूर्ति को सुरक्षित कर दिया।

हर वर्ष 2 अक्टूबर को इस गांधी घाट पर गांधी वादियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ-साथ गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाता है और 30 जनवरी को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें माल्यार्पण करके उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है तथा 12 फरवरी को यहां सर्वोदय मेला लगता है जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से गांधीवादी यहां आते हैं, सूत कातते हैं और विचार गोष्ठी आयोजित की जाती है।

यह स्थल गांधी घाट हमेशा उपेक्षित रहा है चाहे जो सरकारें रहीं हों। सन 2000 में मेरे अनुरोध पर फैजाबाद जनपद की तत्कालीन जिलाधिकारी श्रीमती अर्चना अग्रवाल ने गांधी घाट का अयोध्या-फैजाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से सौन्दर्यीकरण कराने का निर्णय लिया लेकिन वह शुरू नहीं हो सका और उनका स्थानान्तरण हो गया।

## चतुर्थ पुण्यतिथि पर याद किये गये कामरेड प्रकाशचन्द्र श्रीमाली



ललितपुर। वरिष्ठ पत्रकार, लोकतंत्र सेनानी कामरेड प्रकाशचन्द्र श्रीमाली की चतुर्थ पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने सर्वप्रथम कामरेड प्रकाश चन्द्र श्रीमाली के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि कामरेड प्रकाश श्रीमाली एक सच्चे कलमकार थे। उन्होंने न केवल अपनी कलम से दबे, कुचले वर्ग की अबाज बुलंद की बल्कि 1975 में लगे आपातकाल का भी डटकर विरोध किया। कामरेड श्रीमाली आपातकाल दौरान साईकिल में माइक बांधकर अकेली ही महरौनी के इंदिरा चैराहे पर तत्कालीन सरकार के खिलाफ सभा करने लगे थे। जिसके बाद उन्हें मीसा के तहत गिरफ्तार कर 09 माह के लिए झांसी कारागार भेज दिया गया था। लोकतंत्र सेनानी श्रीमाली ने कभी भी अपने सिद्धान्तों से समझौता नहीं किया। कार्यक्रम के अंत में अन्नपूर्णा सेवा संघ के माध्यम से जिला अस्पताल में गरीबों की भोजन सेवा की गई।

कार्यक्रम में राजीव बबेले, पवन संज्ञा, संतोष शर्मा, विजय जैन कल्लू, नवनीत किलेदार, हरिबाबू शर्मा, बलबंत सिंह राजपूत, शशिकांत दीक्षित, रामनरेश दुबे, सुनील खजुरिया, अमित सोनी, नसीम खान, क्रष्ण कांत सोनी, बहादुर अहिरवार, सुनील सैनी, मोहम्मद जावेद जिमी, संजीव नामदेव,प्रदीप रिछारिया, राहुल साहू, प्रदीप रिछारिया, एडवोकेट रामकिशोर, संजीव चैरसिया, पत्रकार मोनू जैन, हेमलता श्रीमाली, मनीष श्रीमाली, दिव्यशिखा श्रीमाली, अभय श्रीमाली, मंदाकिनी श्रीमाली, परी श्रीमाली, उन्नति श्रीमाली, योगी राज श्रीमाली, दक्षता श्रीमाली आदि उपस्थित रहे। संचालय अमित प्रिय जैन ने किया।

## गौवंश को लेकर भारत में सख्त कानून की आवश्यकताः आचार्य

ललितपुर। चित्रकूट अखण्ड सच्चिदानंद आश्रम ट्रस्ट तालाबपुरा में विगत दिनों से चल रही दिव्य श्रीमदभागवत कथा में पूज्य कथा व्यास अचार्य पं.हरिओम शरण कौशिक ने कहा कि हमारी भारत भूमि पर गायों पर हिंसा बेहद शर्मनाक है। जब गायें दूध देना बंद कर देती हैं तो उनको रोड पर छोड़ दिया जाता हैं। जहां या तो दुर्घटना का शिकार हो जाती है या फिर बूचडखाने में भेज दिया जाता हैं। गौ को माता मानने वाले देश मैं इस प्रकार की दुर्दशा हो रही है कि गौचर भूमि पर अवैध कब्जे से रोड पर मजबूर होकर गौ माता सतत अनशन कर रही है। वास्तविकता जहां गायों का संवर्धन नहीं होगा, वहां भगवान भी कैसे आयेंगे।

जहां गाये नहीं होगीं वहां गोविंद कहां से आयेंगे। उक्त उद्गार पूज्यश्री ने व्यक्त किये। इस दौरान मुख्य यजमान राजकुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, भगवत भूषण, देवकीनंदन कौशिक, स्वामी विरागानंदजी अलीगढ़ से पधारे पूज्य संत श्रीस्वामी केशवानंद जी, पं.आकाश विदुआ एवं सभी भक्तगढ़ उपस्थित रहे।

## आश्रित कल्याण समिति का जिलाध्यक्ष बनने पर ओंकार सिंह को मिल रही बधाइयां



**नगीना, बिजनौर।** आश्रित कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष ने बिजनौर जनपद में संगठन विस्तार एवं जनपद शाखाओं के निर्माण के क्रम में जिलाध्यक्ष के पद पर ओंकार सिंह को मनोनीत किया है। आश्रित कल्याण समिति उत्तर प्रदेश (सम्बध्द राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज) के अध्यक्ष प्रभात कुमार द्वारा जनपद बिजनौर के विकासखंड कोतवाली में स्थित प्राथमिक विद्यालय सत्तारवाला के मुख्याध्यापक ओंकार सिंह को मनोनीत किया गया है। तथा उनके द्वारा आशा व्यक्त की गई है कि ओंकार सिंह अपने पदेन दायित्व का निर्वहन संगठन की गरिमा के अंतर्गत बनाए रखेंगे तथा कर्मचारी के हित में पूर्ण मनोयोग से सेवा प्रदान करेंगे। ओंकार सिंह का कहना है कि वह तन मन धन के साथ आश्रित कल्याण समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्य करेंगे उनकी ओर से किसी को भी निराशा नहीं मिलेगी। ओंकार सिंह के मनोनीत किए जाने से आश्रित कर्मचारी में खुशी का माहौल है तथा उन्हें चारों ओर से बधाई संदेश मिल रहे हैं।

## दशकों से टूटी पड़ी सड़क को बनवाने के लिए ग्रामीणों ने मांग उठाई



**अफजलगढ़, बिजनौर।** पिछले तीन दशक से गांव की खस्ताहाल सडक की वजह से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात होने पर पानी भर जाने से दोनों गांव का संपर्क टूट जाता है। पशुओं के लिए चारा और खेतों पर जाना भी कठिन हो जाता है।

ग्राम पंचायत तुरतपुर के नवाबपुर के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग तीस साल पहले हृदयनारायण के द्वारा पंचायत के द्वारा खड़ंजे का निर्माण किया गया था। उसके बाद कभी भी इस पर कोई कार्य नही हुआ है। ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधि को भी बताया गया आश्वासन तो मिला लेकिन आज तक इस रास्ते पर कोई निर्माण कार्य नही हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते पर ही होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है, रास्ता न बनने से बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण मनीष कुमार, नरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, शेर सिंह, महेंद्र सिंह, गजे सिंह, जसबीर सिंह, जसविंद्र सिंह आदि ने बताया कि यह सड़क तीन दशक से टूटी हुई है। उन्होंने कहा कि धूल-मिट्टी उड़ने से उनका अपने घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से टूटी हुई सड़क को शीघ्र बनवाने एंव उड़ने वाली धूल मिट्टी से निजात दिलाने की मांग की है। ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार का कहना है कि सड़क बनवाने के लिए प्रस्ताव भेज रखा है जैसे ही सडक पास हो जायेगी तत्काल निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## लंका दहन देख रोमांचित हुए दर्शक



**महोबा।** श्री रामलीला न्यास महोबा एवं अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में श्री मुकुंद रामलीला समिति महोबा के पदाधिकारी द्वारा पंडित मुकुंद लाल तिवारी द्वारा रचित प्रार्थना परशुराम परमानंद जपत भजन के साथ रामलीला मंचन आरंभ हुआ। वर्षा के कारण रामालय सभागार में, श्रीराम हनुमान मिलन, सुग्रीव मित्रता, बालि वध, सुग्रीव राज तिलक, सीता खोज व लंका दहन लीला का मंचन किया गया। रामलीला न्यास के सचिव मनोज तिवारी में बताया कि दिनांक 2 अक्टूबर शाम 7 बजे रावण वध लीला का मंचन एवं रावण पुतला दहन होगा। 3 अक्टूबर शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## आवंटित लक्ष्यों के प्रगति की हुई समीक्षा

**ललितपुर।** एडीएम की अध्यक्षता में जिला कौशल व कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया। जिसके अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में राजकीय, निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति एवं सेवायोजन पर चर्चा की गयी। सीडीओ ने निर्देशित किया कि समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित कार्यवाही कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करते हुए गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कौशल व कार्यकारिणी समिति सदस्यगण, सम्बन्धित प्रधानाचार्य एवं उनके प्रतिनिधियों व आईटीआई प्रधानाचार्य, कौशल प्रबंधक, कार्यालय सहायक, प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधियों इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धा आश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन




**ललितपुर।** समाज कल्याण निदेशालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर 2025 को समाज कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में वृद्धा आश्रम में दामोदर शर्मा की देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में आये हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि समाज एक परिवर्तनशील व्यवस्था है और इस दौर से प्रत्येक समाज के व्यक्ती को गुजरना है। परिवार से उपेक्षित एवं निसंतान बुजुर्गों की देखरेख हेतु वृद्ध आश्रम की स्थापना प्रत्येक जिले में की गयी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय समिति के सदस्य एवं समाजसेवी मनमोहन जडि ?ा ने बताया गया कि जिले के वृद्ध आश्रम जिसका में सदस्य हूँ कि सुविधाओं को देख कर मेरा मन प्रफुल्लित होता है।

शिवम देव आलिया एवं अभय श्रीमाली पत्रकार द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। प्रभाकर शर्मा सुलह अधिकारी (वृद्ध जनों) द्वारा भी वृद्धों को संबोधित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पेंशन प्राप्त प्राप्त करने वालों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रूपेश परिहार, समा बानो, ज्योति अहिरवार, रेणु नामदेव, रामगोपाल साहू, घनश्याम साहू, दीपक पटेल, पुष्पा राजपूत एवम वृद्धजन उपस्थित रहे। अंत में आभार दामोदर शर्मा प्रबंधक पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धा आश्रम द्वारा किया गया।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

ललितपुर। बुधवार को सड़क हादसे ने एक ही परिवार के दो लोगों की जान ले ली है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अमरपुर स्थित गल्ला मंडी के पास गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चीरा निवासी 26 वर्षीय निकेश पुत्र सुरेश कबूतरा और उसकी मां 47 वर्षीय शिमला कबूतरा की मौत हो गई। हादसे में 37 वर्षीय सेवंती पत्नी रंजीत कबूतरा घायल हो गई जिन्हें झांसी रिफर किया है।

# बुराइयों पर पायें विजय

हम हर साल रामलीलाओं के मंचन में रावण के पुतले का दहन करते हैं। इसके पीछे हमारा संकल्प यह होता है कि रावण अनगिनत बुराइयों का प्रतीक है और उसका दहन कर समाज को बुराइयों से मुक्त किया जाये। लेकिन फिर भी समाज में बुराइयां गहनता से विद्यमान हैं। कुछ हमारे अंदर छिपी हैं, कुछ हमारे समाज में सघन रूप में व्याप्त हैं। पर्यावरण प्रदूषण, गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,हिंसा, छुआछूत, अहिष्णुता, दजेज प्रथा और बाल विवाह जैसी बुराइयां समाज के सामूहिक संकल्प में कमी के कारण व्याप्त हैं। अपराध, असमानता और महिलाओं व बेटियों के खिलाफ होने वाली हिंसा,ये सब ऐसी चीजें हैं जो शिक्षा, संस्कार और हमारे सरोकारों में कमी को प्रतिबिंबित करती हैं। हम एक बेहतर समाज के लिए इनमें से किसी भी एक चीज को नजरअंदाज नहीं कर सकते। क्योंकि इनका हमारे मानस पर और व्यापक समाज पर गहरा असर है। इसलिए हमें हर साल रावण का दहन करते हुए यह संकल्प भी लेना चाहिए कि कम से कम एक बुराई को खत्म करने का प्रयास करें। अगर हम हर साल अपने अंदर और समाज में



एक बुराई के रावण को मार दें, तो एक दिन ऐसा आयेगा जब हम एक-एक कर तमाम बुराइयों को खत्म कर वास्तव में ऐसा समाज बना सकते हैं जिसकी संकल्पना भगवान श्रीराम ने रामराज्य के रूप में की थी। हमारी सामूहिक चेतना में जब तक सह अस्तित्व का भाव नहीं आयेगा, हम हर वक्त व्यक्ति परक ही बनें रहेंगे तो बहुत सारे सामाजिक उद्देश्य या सरोकार पीछे छूट जायेंगे। हमें एकजुटता के साथ, सामूहिक चेतना और कल्याण के भाव के साथ न सिर्फ आगे बढ़ना है, बुराइयों से लड़ना है बल्कि एक आदर्श समाज बनाने के लिए समग्र प्रयास और समग्र कल्याण की दिशा में काम करना है। भारत को आजाद हुए आठ दशक होने वाले हैं। इस दौरान हमारी प्रगति अनेक सोपानों को छूते हुए शिखर की तरफ बढ़ रही है। हम तीसरी दुनिया के गरीब देश होने की पहचान को अगले कुछ वर्षों में बदल लेंगे। राजनीतिक-सामाजिक विरोध और असहमतियों के कारण भले यह स्वीकार न करें लेकिन यह सच है कि आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है और अगले एक-दो दशक में वैश्विक स्तर पर आर्थिक प्रगति, प्रौद्योगिकी और सैन्य शक्ति के क्षेत्र में महाशक्ति बन जायेंगे। लेकिन महाशक्ति का यह तमगा तब तक हमारे किसी काम का नहीं होगा जब तक कि देश में बेरोजगारी की चुनौतियां रहेंगी। बेरोजगारी, गरीबी और कई अन्य सामाजिक समस्याओं को जन्म देती है। इसलिए सरकार को भी, समाज को भी और औद्योगिक जगत को भी मिलकर इस समस्या को खत्म करना चाहिए। अगर हम बेरोजगारी के रावण को अपने देश में खत्म कर दें, तो हम गरीबी के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई को जीत लेंगे। देश में विकास की अपार संभावनाएं हैं और हमारी युवा शक्ति इन संभावनाओं को पंख लगाती है। इसलिए यह जरूरी भी है कि हम युवाशक्ति का उपयोग सुनिश्चित करें क्योंकि भारत ऐसा देश है जिसके पास युवाशक्ति विपुल संख्या में है। यूरोप और जापान जैसे परम्परागत समृद्ध देश आज युवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। उनके लिए विकास का अति यांत्रिक मॉडल उपयुक्त है लेकिन भारत को पश्चिम के रास्ते पर चलने के बजाय अपने स्वदेशी मॉडल को आगे बढ़ाना होगा जिसमें पर्यावरण को बचाते हुए, प्राकृतिक संसाधनों एवं उपहारों में वैल्यू एडेड कर उद्यमिता और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाना होगा। हम अगर यांत्रिक और प्रौद्योगिकी आधारित उद्यमों के साथ अपने युवाओं को स्किल्ड कर उनको लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्यमों से जोड़कर उद्यमिता को आगे बढ़ायें, सरकार भी अपना रोजगार दायित्व निभाये और उद्योग जगत अधिक से अधिक युवाओं को नियोजित करे, बालश्रम और दोहरी नौकरियां खत्म हों, तो देश में बेरोजगारी की समस्या का स्थायी समाधान हम कर सकते हैं। कुल मिलाकर बुराइयों से लड़ने के लिए हमे अपने संकल्प को और मजबूत करना होगा और इसके लिए विजय दशमी का पर्व सबसे उपयुक्त दिन है।

---

विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे संबंध विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

# राष्ट्र साधना के 100 वर्ष



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री.




आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने पर विशेष

सौ वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ये हमारी पीढ़ी के स्वयं सेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयं सेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्शङ्कपरम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं। जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण, महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है....राष्ट्र प्रथम

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम्-से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयं सेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं। संघ जब से अस्तित्व में आया संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आजादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहा। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषि तुल्य परम पूज्य गुरुजी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयं सेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते हैं, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयं सेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है। समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयं सेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयं सेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना...ये हर स्वयं सेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया, स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है..जो दुर्गम हैं, जहाँ पहुँचना सबसे कठिन है। संघ...दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है...अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती...विद्या भारती, एकल विद्यालय...वनवासी कल्याण आश्रम... आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं।

समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियाँ हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, ये हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। ये एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर, न हिन्दू पतितो भवेत् की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया। वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है। जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड़यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ये खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण ये संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामाजिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुये आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विकसित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

> आज हमारी सामाजिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है।

सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए रबी की छह फसलों पर आज एम एस पी बढ़ाने का निर्णय सराहनीय है। सीएम योगी.



टीबी मुक्ति अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, टीबी मुक्त भारत सुनिश्चित करना हमरी सर्वोच्चच प्रथमिकताओं में से एक है। जेपी नड्डा.



जनसंघ और भाजपा के इतिहास में प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा जैसे दिग्गज नेताओं का विशेष स्थान है, उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी मजबूत करने के लिए दृढ़ता से काम किया। राजनाथ सिंह.



# छोटे कद के बड़े राजनेता थे लाल बहादुर शास्त्री



जयंती पर विशेष

यह महज संयोग ही नहीं है कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन एक ही दिन आता है। हकीकत तो यह है कि इस देश में अगर नैतिकता, साहस और स्वाभिमान की कसौटी पर गांधी के बाद कोई सबसे ज्यादा प्रभावशाली और उन्हीं के जितना ताकतवर राजनेता है, तो वह लालबहादुर शास्त्री हैं। हालांकि शास्त्री जी और गांधी जी में एक बुनियादी फर्क था, जहां गांधी जी अपने राजनीतिक जीवन के उभार के दिनों में ही विश्वविख्यात हो गये थे और अंतिम दिनों तक आते आते तो वह दुनिया की गिनी चुनी जीवित महान हस्तियों में शुमार थे, जबकि दूसरी तरफ लालबहादुर शास्त्री एक ऐसे राजनेता थे कि मूल्यों, राजनीतिक समझ और राजनीतिक कर्मठता के मामले में वो भले गांधी जी के बाद सबसे बड़े व्यक्तित्व थे, लेकिन लोकप्रियता के मामले में वह इतने मामूली थे कि दुनिया तो छोड़िये, जब तक वह भारत सरकार में कोई मंत्री या बाद में प्रधानमंत्री नहीं बने, तब तक उन्हें अपनी कांग्रेस पार्टी के ही सारे देश के लोग नहीं जानते थे।

शास्त्री जी शायद खुद भी इतने लो प्रोफाइल और अपने काम में डूबे रहने वाले शख्स थे कि उन्होंने कभी कोशिश ही नहीं करते थे कि उन्हें कोई जाने। लेकिन एक बार वही लालबहादुर शास्त्री जब प्रधानमंत्री बन गये और पाकिस्तान ने अपना छुद्र रवैय्या नहीं छोड़ा बल्कि यह सोचकर भारत से जबर्दस्ती पंगा लेने की कोशिश की, कि छोटे कद के लालबहादुर शास्त्री पर वह हावी हो जायेगा, तब शास्त्री जी ने अपना एक ऐसा मजबूत और ताकतवर रूप दिखाया कि पाकिस्तान के होश उड़ गये। न सिर्फ पाकिस्तान को धूल चटाने के मामले में देश और दुनिया के लोगों ने एक अलग ही शास्त्री देखा बल्कि उसके पहले ही अमेरिका के साथ जिस तरह से लालबहादुर शास्त्री ने पीएल480 गेहूं कार्यक्रम के मामले में अपना रूख स्पष्ट किया था, वह भी काबिले तारीफ था। ये दोनों ही ऐसे मामले थे, जब भारत सहित पूरी दुनिया में शास्त्री जी के छोटे से कद में समाये बहुत बड़े,साहसी और प्रभावशाली राजनेता देखा। दरअसल 1954 में अमेरिका ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत भारत के खाद्यान्न संकट को देखते हुए एक रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से पीएल480 गेहूं देने का निर्णय लिया था, लेकिन जल्द ही न सिर्फ अमेरिका ने इस गेहूं के एवज में कई नई नई तरह की शर्तें थोपने की बल्कि अमेरिका से आया पीएल 480 गेहूं खैरात में मिलने वाले किसी खाद्यान्न से भी ज्यादा गया गुजरा था। जबकि भारत अमेरिका से गेहूं मुफ्त में नहीं ले रहा था, प्रतिकिलो एक रुपये की कीमत दे रहा था, जो उस समय काफी महंगा था। क्योंकि उन दिनों भारत का एक रुपया अमेरिका के एक डॉलर के लगभग बराबर ही था। लेकिन इस पर भी अमेरिका चाहता था कि भारत उससे झुककर रहे और गेहूं देने के लिए उसका एहसानमंद रहे। शास्त्री जी ने उनकी इस मंशा को खारिज कर दिया और उन्होंने भारतवासियों से आह्वान किया कि वे अगर सप्ताह में एक समय का भोजन त्याग देंगे, तो हम किसी हद तक इस खाद्यान्न संकट से निपट सकेंगे। शास्त्री जी का यह कहना था कि लोगों ने सप्ताह में सिर्फ एक बार ही नहीं बल्कि सप्ताह में तीन तीन दिन एक बार उपवास रखने लगे, साथ ही शास्त्री जी की प्रेरणा से किसानों ने अनाजों की पैदावार के लिए जी जान लगा दिया। नतीजा ये निकला कि अमेरिका द्वारा हमें गेहूं भेजने से पीछे चले जाने के बाद दो सालों के भीतर ही हमने करीब करीब अपने खानेभर का अनाज उत्पादन करने में सक्षम हो गये और अगले पांच साल के भीतर तो न सिर्फ जरूरत भर का बल्कि उससे भी ज्यादा पैदा करने लगे। लेकिन यह कभी संभव नहीं होता अगर शास्त्री जी को अपनी नैतिक आवाज पर भरोसा नहीं होता और खुद उन्होंने आगे बढ़कर देशवासियों को इस अभूतपूर्व खाद्यान्न संकट के समय देशभक्ति दिखाने के लिए आह्वान नहीं किया होता। शास्त्रीजी न सिर्फ आजादी की लड़ाई के दौरान बल्कि पीएम बनने के बाद भी उनके जीवन से न तो सादगी गई और न ही कठोर अनुशासन। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में पाकिस्तान ने भारत पर इस गलतफहमी से युद्ध छेड़ने का दुस्साहस किया, क्योंकि उसे लगता था कि शास्त्री जी इतने मजबूत नेता और आत्मविश्वास के शख्स नहीं है कि वे युद्ध के बारे में सोच भी सकते हैं। लेकिन जब 5 सितंबर 1965 को पाकिस्तान ने 'आ बैल मुझे मार' के अंदाज में भारत पर जंग की पहल करते हुए हमला बोल दिया, तो शास्त्री ने दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ सेनाओं को लाहौर पर हमला करने का आदेश दे दिया और महज दो दिनों में भारतीय सेना ने लड़ाई का सारा नक्शा बदल कर रख दिया।

# शक्तियों का भंडार

जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन,स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# प्रभु से बस यही प्रार्थना है!

व्यंग्यलोक

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न! दिमाग छिन्न भिन्न! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात! हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें!



अशोक गौतम

## आपकी बात

### पड़ोसी देशों में अस्थिरता

पड़ोसी देशों में सियासी अस्थिरता भारत के लिए हमेशा सिरदर्द बनी रहती है। श्रीलंका, मालद्वीप, नेपाल जैसे देशों में बदलती सरकार के साथ रिश्तों में होने वाले उतार-चढ़ाव भारत के लिए पहले ही चुनौती पेश करते रहे हैं। जिहादी पाकिस्तान, सैन्य शिकंजे में जकड़ा म्यांमार, अस्थिर श्रीलंका और कृतघ्न कम्युनिस्टों के कारण पल-पल बदलता नेपाल, भारत की सुरक्षा और विदेश नीति के लिए पहले से ही बड़ी चुनौती बने हुए थे। शेख हसीना के नेतृत्व वाला बांग्लादेश पूर्वोत्तर में लंबी सीमा साझा करने के बावजूद भारत के लिए कोई बड़ी परेशानी नहीं खड़ा करता था। लेकिन हसीना के तख्तापलट के साथ बांग्लादेश के कट्टरपंथी फुफकारने लगे हैं। भारत के लिए चुनौती पेश करने लगे हैं और हिन्दुओं पर हमले करके परेशान भी कर रहे हैं। बांग्लादेश से अब साफ संकेत है कि वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद का खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया मानो कोई मेला लगा हो। कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ब्रा और अन्य वस्त्रों को सरेआम लहराये। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। नेपाल में जेन जी ने जो कुछ किया उसका पूरी तरह समर्थन नहीं किया जा सकता है। अपने देश के संस्थानों को आग के हवाले करना कहां तक उचित है। नेपाल और बांग्लादेश की घटनाओं से भारत भी अछूता नहीं रहा। यहां जेन जी की तर्ज पर लद्दाख में आंदोलन की कोशिश हुई लेकिन सरकार की सतर्कता के कारण अराजक तत्वों को ज्यादा मौका नहीं मिला। बहरहाल श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की घटनाएं भारत के लिए सबक है। सरकार को अराजक तत्वों पर कड़ाई से नजर रखनी होगी।

**धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### रोजगार का जरिया बनते मेले

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## मानवतावादी थे सद्गुरु कबीरः परीक्षा साहेब

**अयोध्या।** कबीर धर्म मंदिर, जियनपुर चूड़ामणि चैराहा में सद्गुरु रामसूरत साहेब की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का भव्य शुभारंभ बुधवार को हुआ। उद्घाटन संत परीक्षा साहेब ने किया, जो रामसूरत साहेब के उत्तराधिकारी हैं और कबीर परंपरा के प्रख्यात उपदेशक माने जाते हैं।इस अवसर पर संत परीक्षा साहेब ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि सगुण उपासक श्रीराम की इस नगरी में सद्गुरु रामसूरत साहेब ने वर्ष 1970 में कबीर धर्म मंदिर की स्थापना के लिए भूमि ली थी।1971 में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ और 1975 में इसका विधिवत उद्घाटन हुआ।

तभी से चैत्र रामनवमी पर विशाल कार्यक्रम आयोजित होते आ रहे हैं, जिसमें देशभर से श्रद्धालु शिरकत करते हैं।उन्होंने बताया कि विगत 16 वर्षों से दशहरा पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय संत समागम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के कोने-कोने से कबीरपंथी संत शामिल होते हैं और तीन दिनों तक कबीर विचारधारा पर अपने विचार रखते हैं।

# मां कामाख्या धाम में चला भव्य भंडारा



**रुदौली-अयोध्या।** रुदौली तहसील के दक्षिणी छोर पर आदि गंगा गोमती नदी के तट पर स्थित सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ मां कामाख्या धाम मंदिर सुनवा परिसर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नौ दिनों तक लगातार भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी विनोद सिंह की देखरेख में लगातार कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है।पूरे नवरात्रि तक प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन करते हैं और भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं।

मंदिर परिसर भक्तों की आस्था और भक्ति से दिनभर गूंजता रहता है। भंडारे की व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित और अनुशासित रहती है,जिसमें हर आने वाले श्रद्धालु को ससम्मान प्रसाद प्राप्त होता है। यह आयोजन अब केवल धार्मिक परंपरा भर नहीं,बल्कि क्षेत्र में सेवा,समर्पण और सहयोग की मिसाल बन चुका है।

महानवमी के दिन समाजसेवी विनोद सिंह मां कामाख्या के दरबार पहुंचकर सर्वप्रथम 551 कन्याओं का विधिवत पूजन अर्चन व अंगवस्त्र भेंट कर भंडारे की शुरूवात की और क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने भंडारे में स्वयं उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। उनकी सेवा भावना देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।इस अवसर पर जितेंद्र यादव,महेश यादव प्रधान,सालिकराम यादव,मो सुफियान,कुंवर सौरभ सिंह,तेज बहादुर सिंह,सुरेंद्र यादब,अनुराग सिंह,रविन्द्र सिंह,सुरेंद्र कुमार एडवोकेट,जगदीश सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ विनोद सिंह समाज सेवा के क्षेत्र में भी लगातार सक्रिय हैं। वे शिक्षा,स्वास्थ्य, गरीब कन्याओं के विवाह,दिव्यांगों और वृद्धों की सहायता सहित कई सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। आपदा या संकट के समय भी वे सबसे पहले जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाते नजर आते हैं।क्षेत्रीय जनता का कहना है कि विनोद सिंह नवरात्रि में केवल भंडारा ही नहीं कराते,बल्कि सालभर समाज की बेहतरी के लिए काम करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि "विनोद सिंह जैसे लोग समाज की असली रीढ़ हैं,जिनका मकसद सिर्फ प्रचार नहीं,सेवा है।

## आज व कल बंद रहेंगी आबकारी दुकानें

**बहराइच ।** आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद बहराइच की समस्त आबकारी की थोक एवं फुटकर दुकानें (देशी मदिरा, कम्पोजिट शॉप, भॉग, एफएल-9/9ए, एफएल-16/17, एफएल-41, एफएल-49 आदि) को गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर 02 अक्टूबर 2025 को पूर्ण रूप से बन्द रखने का आदेश दिये गये है।बन्दी हेतु किसी भी अनुज्ञापी को कोई अतिरिक्त प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा।जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये है।

इसी प्रकार विजयदशमी/दशहरा के अवसर पर 03 अक्टूबर 2025 को श्री दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की संवेदनशीलता के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु मादक पदार्थों के सेवन को प्रतिबन्धित करने के लिए श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल एवं चिन्हित रूट पर पड़ने वाली जनपद की आबकारी की चिन्हित फुटकर दुकानें (जिसमें जनपद की थोक अनुज्ञापन शामिल नहीं है), को पूर्णतया बन्द रखे जाने का आदेश दिया गया है।

# नवरात्र में सख्त कानून का शिकंजा 285 अपराधी सलाखों के पीछे

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर अयोध्या, जो न केवल भगवान राम की नगरी है बल्कि आस्था और संस्कृति का वैश्विक केंद्र भी, वहां महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि अयोध्या में जनवरी 2025 से अब तक महिला उत्पीड़न से जुड़े 285 मामलों में 285 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है।व 05 अभियुक्त हाजिर अदालत कराते हुए कार्यवाही करायी गयी है। इनमें हत्या, रेप, अपहरण और दहेज मृत्यु जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।सरकार का साफ संदेश है कि अपराधी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे।पुलिस ने दर्ज किए गए सभी मामलों में तेजी से कार्रवाई की है। हत्या, दुष्कर्म, अपहरण और दहेज मृत्यु जैसे मामलों में आरोपी सीधे जेल भेजे जा रहे हैं। सभी अभियुक्तों को अदालत में हाजिर कराकर न्यायिक प्रक्रिया को गति दी जा रही है ताकि पीड़ित महिलाओं को जल्द न्याय मिल सके।शारदीय नवरात्र के दौरान चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान को अयोध्या में और गति दी गई है।

- मिशन शक्ति 5.0 अभियान तेज, जागरूकता और गश्त से बढ़ा महिलाओं में भरोसा
- हत्या, रेप, अपहरण पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

महिला पुलिस टीमें लगातार सार्वजनिक स्थलों, स्कूल-कॉलेजों, दुर्गा पंडाल, और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पुलिस हर स्तर पर सख्ती बरत रही है। उन्होंने कहा महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।किसी भी अपराधी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अयोध्या पुलिस ने जनवरी 2025 से अब तक 285 अभियुक्तों को जेल भेजकर यह साबित किया है कि महिलाओं की गरिमा और सम्मान से खिलवाड़ करने वालों की जगह केवल सलाखों के पीछे है। मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार गश्त, जागरूकता कार्यक्रम और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।हमारी कोशिश है कि जिले की हर बेटी और बहन खुद को सुरक्षित महसूस करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि "नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन" उनकी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल अपराधियों पर शिकंजा कसना है, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है। लगातार कार्रवाई से अयोध्या की जनता में पुलिस और प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मिशन शक्ति ने महिलाओं के भीतर सुरक्षा का भाव जगाया है। नवरात्र में जहां शक्ति की उपासना हो रही है, वहीं सरकार ने धरातल पर महिला सुरक्षा को भी नई मजबूती दी है।

## वृद्ध दम्पत्ति के घर पहुंचे डीएम और एसपी



**बहराइच ।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत हिंसक वन्य जीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम उच्चापाही (भिरगूपुरवा), पोस्ट-मझारा तौकली पहुंच कर सोमवार की रात्रि वन्य जीव हमले में मृतक छेद्दन पुत्र स्व. जनार्दन व श्रीमती मुनकिया पत्नी छेद्दन के घर जाकर शोक संतप्त परिवार से भेंट कर सांत्वना दी।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि शासन व जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ है।मानव व्न्य जीव संघर्ष में प्रभावित परिवारों को शासन द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी।

इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने वन विभाग द्वारा हिंसक वन्य जीवों के रेस्क्यू हेतु संचालित गतिविधियों के स्थानों का भ्रमण कर मौके पर मौजूद प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव व पूर्व डीएफओ अजीत प्रताप सिंह से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## देवा मेला व प्रदर्शनी को लेकर एडीएम ने की वार्ता




**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में 8 अक्टूबर से शुरू हो रहें ऐतिहासिक देवा मेला एंव प्रदर्शनी 2025 के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में सास्कृतिक कार्यक्रमों, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था समेत प्रस्तावित कार्यक्रमों की समय सारणी के बारे में पत्रकारों को अवगत कराते हुये अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक मेला सम्पन्न होगा।उद्घाटन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की धर्मपत्नी शैलजा त्रिपाठी द्वारा शाम 5 बजें किया जायेगा। तथा 17 अक्टूबर समापन कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी संपदा विजयवर्गीय द्वारा किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी ने आगे बताया कि उद्घाटन के बाद से 10 दिवसीय देवा मेला एवं प्रदर्शनी के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और ऑडिटोरियम मंच के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत भी हो जाएगी। देवा मेला में आने वाले जायरीन की सुविधाओं और उनकी सुरक्षा हेतु भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ में प्रशासनिक अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है जो अपने-अपने कार्यों को संपादित करेंगे।उन्होने आगे बताया कि इस बार देवा मेला में क्रिकेट प्रतियोगिता, बॉडी बिल्डिंग शो और महिला फैशन शो की शुरूआत की जा रही है। परंपरागत खेलकूद, कला-संस्कृति और धार्मिक आयोजनों की समृद्ध श्रृंखला भी तय की गई है।सूफी नाइट में मशहूर गायिका ज्योति नूरान, मेगा नाइट में इंडियन आइडल फेम सलमान अली, मानस भजन में सुप्रसिद्ध गायक किशोर चतुर्वेदी, म्यूजिक कॉन्फ्रेंस में कुलदीप चैहान, दिव्यांशी मौर्य, जुबेर हाशमी, जमाल खान व हास्य कलाकार राजन श्रीवास्तव की प्रस्तुति होगी। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि देवा मेले की सुरक्षा पूरे क्षेत्र को 5 जोन व 23 सेक्टर में बांटा गया है। 2000 से अधिक पुलिसकर्मी, महिला पुलिस बल व पीआरवी गाड़ियां तैनात रहेंगी। 150 सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी।

## 23 छात्राओं का परिषदीय विद्यालयों में हुआ प्रवेश

**बहराइच ।** उप जिलाधिकारी, पयागपुर द्वारा 24 सितम्बर 2025 को ग्राम पहलवारा अन्तर्गत पटिहाट चैराहे के निकट मदरसा जामिया गाजिया गुलशने गौसुलवरा कुललियातुल बनात मदरसे की जांच में 40 नाबालिग बच्चियां बन्द पायी गयी थी। बरामद 40 बच्चियों में से 23 बहराइच, 12 श्रावस्ती व 05 जनपद गोण्डा की थी। मदरसे से बरामद छात्राओं के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया गया था कि मदरसे से बरामद बच्चियों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में करा दिया जाय। डीएम के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में करा दिया गया है।जबकि गोण्डा व श्रावस्ती की छात्राओं के विद्यालयों मेंसम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को अनुरोध पत्र भी भेजा गया है।

## नवरात्र पर हुआ कन्या पूजन, हवन और भंडारा



**सोहावल-अयोध्या।** नवरात्रि की नवमी पर स्थापित की गयीं मां दुर्गा की प्रतिमा के पंडालों पर भक्तों की भारी भीड़ रही।जगह-जगह कन्या पूजन और हवन का आयोजन हुआ।मां के जयकारे के बीच आस्था और विश्वास की गंगा बहती रही। क्षेत्र भर में स्थापित की गई लगभग 176 पूजा पंडालों पर कन्या पूजन और हवन के विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।मां ज्वाला का स्थान खिरौनी, दुर्गा मंदिर रेलवे फाटक सुचित्तागंज हो या अध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज पर बुधवार को मेले जैसा दृश्य रहा।महिलाओं और कन्याओं की भारी भीड़ रही।शक्तिपीठ आस्था और विश्वास में डूबा नजर आया।जहां सैकड़ों पीठ के साधक भक्तों ने लगातार नौ दिनों से चल रही अपनी जब तप साधना का समापन किया।पीठ के मुख्य पंडित गिरजा प्रसाद पाण्डेय के दिशा निर्देशन में मुख्य अर्चक सुधीर कुमार पाण्डेय, देव मित्र पाण्डेय आदि ने 151 कन्याओं का पूजन अर्चन कर भोजन प्रसाद ग्रहण कराया। जगह-जगह भंडारे के आयोजन से सारा वातावरण भक्ति मय बना रहा।शक्तिपीठ पर हवन और भंडारा आज होगा।

## शताब्दी वर्ष पर आरएसएस जगायेगा नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण की अलख

*बहराइच* /राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना का 100वां वर्ष विजयदशमी 2 अक्टूबर को पूर्ण हो रहा है ।शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में संपूर्ण जनपद में विविध प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन पूरे वर्ष होंगे। शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का उद्घाटन 2 अक्टूबर विजयादशमी के दिन होगा, इस दिन

- दिसम्बर माह में होगा विश्व का सबसे बड़ा ग्रह सम्पर्क अभियान
- विजयादशमी से लेकर पूरे वर्ष चलेगा संघ शताब्दी वर्ष का कार्यक्रम

विभिन्न मंडल /न्याय पंचायत एवं बस्ती स्तर पर कार्यक्रम अयोजित कर स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन भी निकाला जाएगा। विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने बताया कि सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत को परम वैभव पर ले जाने हेतु संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी ने सन 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारंभ किया था।डॉ जी ने व्यक्तित्व निर्माण की एक अद्वितीय कार्य पद्धति विकसित की जो हमारी सनातन परंपराओं और मूल्यों के परिपेक्ष में राष्ट्र निर्माण का तप बन गया। हमारा सौभाग्य है कि हम इस पवित्र कार्य के एक घटक है हमारे लिए यह भी गौरव की बात है कि हम सभी शताब्दी वर्ष के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के मध्य मंडल बस्ती स्तर पर विजयादशमी कार्यक्रम का आयोजन होगा,इसमें संघ के सभी स्वयंसेवक पूरी सक्रियता के साथ उपस्थित होंगे। इसके उपरांत 5 नवंबर से 16 नवंबर के मध्य सामाजिक सद्भाव की बैठक आयोजित होगी। सामाजिक सद्भाव की बैठकों का मुख्य उद्देश्य समाज परस्पर सहयोगी बने।

उन्होंने कहा कि 20 नवंबर से 21 दिसंबर 2025 तक विश्व का सबसे बड़ा ग्रह संपर्क अभियान संचालित होगा । कार्यकर्ता द्वारा एक माह तक व्यापक ग्रह संपर्क के माध्यम से समाज में संघ के विचार कार्य और उद्देश्य को व्यक्तिगत संवाद के द्वारा पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक लगातार समाज मे जाकर कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे हैं ।जिला प्रचार प्रमुख बहराइच विपिन ने बताया कि संघ दृष्टि से बहराइच जनपद की 12 इकाइयों में 86 मंडल न्याय पंचायत एवं नगर की 36 बस्तियों में 2 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक विजयादशमी कार्यक्रम का आयोजन कर पथ संचलन निकाला जाएगा इसके अतिरिक्त वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे ।

# वरिष्ठ नागरिक का हुआ सम्मान



**रुपईडीहा, बहराइच।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस 2025 के अवसर पर आईसीपी रुपईडीहा (लैण्ड पोर्ट ऑफ अथारिटी ) के कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आईसीपी मैनेजर सुधीर शर्मा तथा एचडीएम ननपारा ने 92 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक केदारनाथ अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया ।सम्मान पाते हुए केदारनाथ अग्रवाल ने भावुक होकर कहा कि "आपने हमें सम्मानित किया है इसके

- केदारनाथ अग्रवाल हुए सम्मानित

लिए मैं हृदय से धन्यवाद करता हूँ। मैं चार पीढ़ियों के साथ एक ही घर में रह रहा हूँ और यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे वृद्धाश्रम का मुख नहीं देखना पड़ा। मेरी इच्छा है कि सभी लोग संयुक्त परिवार की परंपरा को बनाए रखें और अपने वृद्धजनों को अपने साथ रखें ।इस अवसर पर आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य, पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, संरक्षक शेर सिंह कसौधनवरिष्ठ व्यापारी पूरनमल अग्रवाल,उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने भी बताया कि वो कई बहने है, अपने माता पिता की प्रेरणा से आज उपजिलाधिकारी है ।चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर वैश्य ने बताया कि आज आधुनिकता में लोग एकल परिवारबाद की ओर उन्मुख हो रहे है,जो घातक है बताया कार्यक्रम में आईसीपी के ओमपाल सिंह, नोडल अधिकारी प्रतिभा सिंह, अनुराग, एसएसबी के इंस्पेक्टर भरत पाठक, राजकुमार वर्मा,राम निरंजन, डॉक्टर प्रदीप कुमार, अधिशाषी अधिकारी रामबदन यादव आईसीपी कर्मी, कस्टम अधिकारीगण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गया में पिंडदान कर वापस लौटे श्रद्धालुओं को किया सम्मानित



**सोहावल-अयोध्या** ।सोहावल क्षेत्र अंतर्गत ड्योढ़ी बाजार में गत दिनों पितरों को पिंडदान करने गए गया से वापस लौटे दर्शनार्थियों को सोहावल प्रथम की जिला पंचायत सदस्य विनीता रावत व उनके पति अजय रावत ने ड्योढ़ी बाजार निवासी समाज सेवी बबलू सिंह के मौजूदगी में माला पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान जिला पंचायत सोहावल द्वितीय से बतौर जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में जुटी विनीता रावत ने 70 वर्षीय शिव कुमारी,मंतोष जायसवाल,व्यापारी नेता शैलेन्द्र जायसवाल की मां 60 वर्षीय बिंदू जायसवाल आदि गया में पितरों को पिंडदान कर वापस आने के बाद माला पहनाकर स्वागत किया।इससे पहले कपासी निवासी मुकेश सिंह की माता के वापसी पर उनके आवास पर पहुंचकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर राजेश जायसवाल, सूरज जायसवाल, शिवम जायसवाल,सत्यम जयसवाल,सतीश यादव आदि सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## विसर्जन मार्गों की ड्रोन कैमरों से हो निगरानीः सुदामा मिश्रा

**बहराइच** ।श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति (रजि.) के पदाधिकारियों की एक बैठक मां दुर्गा प्रतिमाओं के सकुशल महाविसर्जन को लेकर आहूत की गई। अध्यक्षता सुदामा मिश्रा ने की।बैठक को संबोधित करते हुए महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन महानवमी के दिन से शुरू हो जाता है जो एकादशी तक चलता रहता है।उन्होंने बताया कि महाविसर्जन हेतु शहर को आठ सेक्टरों में विभाजित किया गया है हर सेक्टर में महासमिति के पदाधिकारी चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेंगे।उन्होंने बताया कि आठ सेक्टरों

- महाविसर्जन के लिए महासमिति ने शहर को आठ सेक्टरों में किया विभाजित
- कल होगा दुर्गा प्रतिमाओं का महाविसर्जन

में छावनी चौराहा,घंटाघर, पीपल तिराहा,गुदड़ी चौराहा,काजीपुरा चौराहा,राम लीला मैदान, आशीर्वाद स्कूल, झिंगहाघाट विसर्जन स्थल शामिल है। इससे पूर्व 22 थानों के प्रमुखों व छह तहसील के प्रभारियो की भी नियुक्ति सकुशल विसर्जन सम्पन्न कराने के लिए की गई है। शहर में




लगभग 140 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जिसका विसर्जन बशीरगंज स्थित झिंगहाघाट विसर्जन स्थल पर होगा ।महाविसर्जन के लिए पदाधिकारियो व सदस्यों को अंगवस्त्र,पटका,बैज व आईडी कार्ड वितरण कर दिया गया है ।बैठक में महामंत्री कन्हैया सोनी,चन्द्रभान सिंह संचित,राम जी शुक्ला,सचिन श्रीवास्तव,शिवशरण सिंह,विपिन यज्ञसैनी,आत्माराम यादव,पवन जायसवाल,लव कुमार द्विवेदी,ज्ञानेंद्र धर शर्मा ज्ञानी,सत्येंद्र शुक्ला,विनोद कुमार रस्तोगी,सुधाकर मिश्रा,सुरेश गुप्ता,निशंक त्रिपाठी, देवेन्द्र गुप्ता,राजेन्द्र गुप्ता युवराज,बैजनाथ रस्तोगी,राज कुमार सोनी,हरिशंकर गुप्ता मौजूद रहे ।महासमिति की बैठक में उपसमितियो से अपील की गयी है कि शांतिपूर्ण, सद्भाव के वातावरण में माता रानी का विसर्जन करें ।उपसमितियां अपनी-अपनी कमेटियों से वालेंटियर का गठन करें जिन्हें महाविसर्जन के दौरान तैनात करें ।महासमिति ने जिला प्रशासन से अपील की है कि विसर्जन स्थलों का सघन निरीक्षण करके सड़क,साफ सफाई,प्रकाश की व्यवस्था देख ले ।जनपद के विसर्जन स्थल मार्गों का ड्रोन से निगरानी करें।

महासमिति ने यह भी मांग की है कि वैसे प्रदेश सरकार का निर्देश नवरात्रि में मांस दुकानें बंद करने का है,लेकिन जनपद सहित शहर में कई स्थानों पर नवरात्र में मांस की दुकानें खुलेआम संचालित रही हैं। बैठक में कहा गया है महाविसर्जन के दिन मांस की दुकाने पूर्णतया बन्द होनी

## महानवमी पर हवन-पूजन मे दिखा धार्मिक उत्सव की परंपरा व माहौल

**बाराबंकी।** 56वां शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव यूथ्स एसोसिएशन परिवार द्वारा नगरपालिका परिषद में आज पुरोहित मंनतोष गांगुली व प्रदीप चटर्जी के नेतृत्व में प्रात 9 बजे महानवमी पूजा, 10 बजे पुष्पाजंलि, 11:30 बजे हवन एंव दोपहर 1 बजे सहभोज के साथ शुरू हुई। बंगाल के भीरघुम से आये स्वजित दास, दिलीप दास, कुष्णदास द्वारा ढ़ोल-ताशो की थाप की प्रस्तुति मे आरती-पूजन होते ही कोलकाता की झलक देखने को मिली। तो वही चैथी पीढ़ी के रुप मे ग्राम अल्लीपुर के भक्त अमन यादव, हरिकेश, दीपक, सोनू, दिलीप, आकाश, राकेश, शिवम, संतोष कुमार, रामू यादव, भीमसेन, दीपक यादव, आकाश यादव, नीरज यादव, रोहित यादव, प्रेमचन्द्र पुष्पेद्र यादव आदि निःस्वार्थ भाव से मां के सेवा मे



जुटे रहे।शाम 7:30 बजे आरती एंव प्रसाद वितरण मे लखनऊ एंव अन्य जनपदों से आये मां के भक्तों की भीड़ नगरपालिका प्रांगण में देखने को मिली। सभी ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा महोत्सव में बृजलाल सावलानी, राजेश गुप्ता किलटू, राजन शर्मा, अर्पित गुप्ता, मनोज जायसवाल, रामधन मुखर्जी, राम भजन, राजेश सिंह, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एस0के शाह, शरदराज सिंह, रामेंद्र दीपक, प्रीति सिंह, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, सिद्धार्थ कनौजिया, डॉ0श्रीश सोनकर, रविनन खजांची मौजूद रहे। तो वही नगरपालिका प्रांगण में अजय चन्द्र शुक्ला व रामेन्द्र दीपक ने बताया कि जूनियर-सीनियर वर्ग में हुई मेंहदी, गमला सज्जा, सामान्य ज्ञान, गायन, चित्रकला, वाद-विवाद, नृत्य, रंगोली, फैन्सी डेज्स प्रतियोगिता में जनपद के 20 स्कूलो द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें सर्वाधिक पुरस्कार पाने वालें पानियर मांटेसरी हाईस्कूल को यूथ्स एसोसिएशन चैम्पियनशिप ट्राफी प्रथम पुरस्कार एंव यंग स्ट्रीम इण्टर कालेज को द्वितीय पुरस्कार स्वः ओमशंकर गुप्ता मेमोरियल सुपर-डुपर ट्राफी, तृतीय पुरस्कार साई इण्टर कालेज को सौपी गई।

## मूर्ति विसर्जन स्थलों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



**बाराबंकी।** शारदीय नवरात्रि व दशहरे पर होने वाले मूर्ति विसर्जन कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एंव पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने विभिन्न विसर्जन स्थलो का निरीक्षण किया।निरीक्षण मे डी0एम व एसपी ने सफदरगंज एवं मसौली के कल्याणी नदी घाटों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मसौली घाट पर साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था में कमी पाए जाने पर नाराजगी जताई।तथा शाम तक सभी व्यवस्थाएँ पूरी तरह दुरुस्त कर लिये जाने को लेकर सम्बधितो को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में विसर्जन स्थलों पर भीड़ व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, नगर निकाय एवं अन्य सम्बन्धित विभागों की संयुक्त टीम मौके पर तैनात रहे।तथा साफ-सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और मार्गों की सुगमता सुनिश्चित करे। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कहा कि भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम और हर विसर्जन स्थल पर प्रशिक्षित गोताखोर उपलब्ध रहें। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी, सीओ गरिमा पंत, तहसीलदार सदर भूपेन्द्र विक्रम सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी शामिल रहे। इसी क्रम मे तहसील रामसनेहीघाट अन्तर्गत उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने गोकुलघाट पहरूपुर, सहादतगंज, खेतासराय, घाघरा सरयू नदी का निरीक्षण कर यहां पर होने वाले मूर्ति विसर्जन में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने घाघरा नदी, खेतासराय घाट पर मूर्ति विसर्जन पर राजस्व व पुलिस टीम के साथ अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की तैनाती के निर्देश जारी किए है।इस मौके पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, जटाशंकर मिश्रा मौजूद रहे।

## नवीन प्रतिष्ठान का पालिका अध्यक्षा शीला सिंह ने किया उद्घाटन

बाराबंकी। नगरपालिका परिषद नवाबगंज अध्यक्षा शीला सिंह ने मन्नत प्लाजा स्थित द रेमेण्ड़ शॉप के नये प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन पश्चात पालिका अध्यक्षा श्रीमती सिंह, मन्नत कौर बग्गा व डा0 सतनाम कौर द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पैसार स्थित गुलिस्ताने शेर कालोनी मे नवनिर्मित प्रतिष्ठान का आज बुधवार को शुभारम्भ करने के पश्चात पालिका अध्यक्षा श्रीमती सिंह ने कहा कि पुरुष परिधानो के नये कलेक्सन और नये अनुभव का आज शुभारम्भ हुआ है।

संक्षेप

## आकाशीय बिजली से युवक की मौत

**आगरा।** फतेहाबाद के डौकी थाना क्षेत्र के कोलारी गांव में मंगलवार को खेत में बाजरा काट रहे एक युवक की आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कोलारी निवासी लोकेश बघेल (पुत्र भूरी सिंह) दोपहर खेत में बाजरे की फसल काट रहा था। इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। लोकेश बिजली की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डौकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## भूमि विवाद में खूनी संघर्ष में 11 घायल पुलिस फोर्स तैनात

**मथुरा।** सदर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक बिहार कालोनी में बुधवार भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में आधे घंटे तक लाठी-डंडे चले। इसके बाद पथराव व फायरिंग हो गई। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में दोनों पक्षों के अधिवक्ता समेत 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर जांच शुरू कर दी है। सदर बाजार थाना क्षेत्र अशोक बिहार कालोनी में अधिवक्ता राजेश का एक प्लाट बना हुआ है। इसमें एक कमरा बना है। प्लाट को लेकर उनके पड़ोस के ही अखिलेश से विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि बुधवार सुबह 11 बजे अखिलेश पक्ष के एक दर्जन से अधिक लोग एकराय होकर लाठी-डंडों और हथियारों से लैस होकर प्लाट पर पहुंचे और कमरे का ताला तोड़कर घुसने का प्रयास किया। इसकी जानकारी मिलने पर अधिवक्ता के भाई मौके पर पहुंचे तो उनकी पिटाई कर दी। इसके बाद अधिवक्ता अपने परिजनों के साथ पहुंचे तो उन पर भी हमला बोल दिया गया। दोनों पक्षों आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। इसके बाद पथराव हो गया। इसी दौरान एक पक्ष ने कई राउंड फायरिंग कर दी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## सीएचसी प्रभारी का मामला महिला आयोग पहुंचा

**मथुरा।** बरसाना सीएचसी पर तैनात संविदा नर्स द्वारा सीएचसी प्रभारी पर अश्लीलता, मानसिक उत्पीड़न और धमकियों के आरोप लगाने का मामला अब महिला आयोग तक पहुंच गया है। आगरा से स्थानांतरित होकर बरसाना सीएचसी में आयी महिला नर्स का आरोप है कि केंद्र प्रभारी डॉ. वशिष्ठ ने उन्हें व्हाट्सएप पर अश्लील संदेश भेजे और व्यक्तिगत संबंध बनाने का दबाव बनाया। जब नर्स ने विरोध किया, तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकियां दी गईं। इसके बाद उनके कार्य में जानबूझकर त्रुटियाँ निकाली जाने लगीं और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। संविदाकर्मी महिला नर्स ने दोस्ती के लिए दबाव बनाने के आरोप शिकायत कई बार स्वास्थ्य विभाग में की गई, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही न होने पर पीड़ित नर्स ने महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबिता से मुलाकात कर उन्हें संपूर्ण मामले से अवगत कराया। जिसके बाद महिला आयोग की अध्यक्षा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ को अविलम्ब आरोपी चिकित्स को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

# एमवीडीए ने की हरे कृष्णा आर्किड के बैंकेट हॉल और रसोई सील

### व्यावसायिक गतिविधियों की शिकायत पर एमवीडीए प्रवर्तन दल ने की कार्यवाही




**मथुरा।** वृंदावन हरे कृष्णा आर्किड आवासीय परिसर में चल रहे व्यावसायिक होटल के बैंकट हॉल और रसोई को एमवीडीए द्वारा सील कर दिया गया है। हरे कृष्णा आर्किड रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की शिकायत पर एमवीडीए ने यह कार्रवाई की है। एसोसिएशन लंबे समय से अपने हक की लड़ाई लड़ रहा था, जिस पर उन्हें अपने अधिकार के बाबत पहली कामयाबी हासिल हुई है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल और सदस्य अनिल शर्मा ने बताया कि हरे कृष्णा ऑर्किड सोसाइटी में उन्हें आवासीय फ्लैट दिए गए जिसमें से बड़ी तादाद में फ्लैटों को डेवलपर द्वारा अपने पास रखा गया। वृंदावन में व्यावसायिक गतिविधियों में उछाल आने पर उन्होंने यहां होटल और रिजॉर्ट की शुरूआत कर दी। जिससे यहां के निवासियों को को दी गई हॉल तथा पार्किंग आदि समस्त सुविधाओं का प्रयोग न सिर्फ व्यवसायिक गतिविधियों में होने लगा बल्कि स्थानीय निवासियों में असुरक्षा का भाव भी पैदा हो गया। इसे लेकर एसोसिएशन ने समय-समय पर डेवलपर से अपनी गतिविधियों को कम करने और प्रोजेक्ट को पूरी तरह वेलफेयर एसोसिएशन को सौंपने की गुहार लगाई लेकिन जब उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने शासन प्रशासन में इसकी शिकायत करते हुए लंबी लड़ाई लड़ी। अब जाकर उनकी समिति के अधिकार में आने वाले एक बैंकट हॉल और रसोई को मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा आंशिक राहत देते हुए सील किया गया है। उनकी मांग है कि डेवलपर द्वारा यहां समस्त व्यावसायिक गतिविधियों को पूरी तरह रोका जाए और प्रोजेक्ट के रखरखाव संबंधी समस्त अधिकार एसोसिएशन को हस्तांतरित किए जाएं।

**मंगलवार देर सायं एमवीडीए :** सचिव अरविंद कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन दल द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई। एमवीडीए सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि परिसर में बिना अनुमति के वेलफेयर एसोसिएशन के निमार्णों का उपयोग बैंकट हॉल और रसोई के रूप में किया जा रहा था। जिसपर एसोसिएशन द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके तहत प्रवर्तन दल के सहायक अभियंता पंकज शुक्ला और अवर अभियंता मनोज अग्रवाल द्वारा सीलिंग की कार्यवाही की गई।

## जन्मभूमि पर शरद् पूर्णिमा पर दमा की औषधि का निःशुल्क वितरण

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान, मथुरा द्वारा संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा प्रतिवर्ष वितरण की जाने वाली श्वास (दमा) की दिव्य औषधि का निःशुल्क वितरण सदैव की भाँति शरद पूर्णिमा के अवसर पर किया जायेगा। इस संबंध में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्वास (दमा) रोगी अपना निःशुल्क अग्रिम पंजीकरण श्रीकृष्ण जन्मभूमि, मथुरा के श्रीकृष्ण द्वार (गेट नं0-1) के निकट स्थित आयुर्वेद चिकित्सालय पर 02 अक्टूबर से दिनांक 05 अक्टूबरकी सायं 6 बजे तक करायें एवं चिकित्सक से निर्देश प्राप्त कर दिव्य औषधि का लाभ प्राप्त करें। श्वास (दमा) रोगियों को शरद पूर्णिमा दिनांक 06 अक्टूबर सोमवार की मध्यरात्रि में संस्थान के आयुर्वेद चिकित्सक के निर्देशन में विशेष खीर के साथ श्वास (दमा) की अचूक औषधि का निःशुल्क वितरण कराया जायेगा। अधिकाधिक संख्या में श्वांस के रोगी लाभ उठायें।

## बारिश ने लगाया रावण दहन की तैयारियों पर ग्रहण

**मथुरा।** राया में विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बल्देव रोड स्थित रावण टीले पर 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस पारंपरिक आयोजन को देखने के लिए राया और आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। रावण का पुतला तैयार करने वाले मांट के कारीगर विजय सिंह ने बताया कि इस बार उन्हें पुतला बनाने में दोबारा मेहनत करनी पड़ी है। मंगलवार को हुई बारिश ने पहले से तैयार पुतले पर लगे कागज को खराब कर दिया था, जिससे उन्हें हजारों रुपये का नुकसान हुआ। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक पारासर ने जानकारी दी कि पुतला तैयार हो रहा है। दशहरा पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण का दहन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार 50 फीट ऊंचा पुतला बनाया गया है, जिसमें सामान्य आवाज वाले पटाखे लगाए जाएंगे ताकि प्रदूषण न फैले। रावण टीला के पास सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम राया उपकेंद्र प्रभारी देवेंद्र तिवारी ने स्पष्ट किया कि दहन स्थल के आसपास कोई विद्युत लाइन नहीं है। हालांकि, कुछ दूरी पर एक ट्रांसफार्मर रखा है, इसलिए भीड़ अधिक होने पर एहतियात के तौर पर उस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दहन के दौरान बंद कर दी जाएगी।

## शिक्षकों और कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली व 8वें वेतन आयोग की मांग की



**शिकोहाबाद।** नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के आह्वान पर ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन द्वारा देशभर के सौ शहरों में बुधवार को ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद के सैकड़ों की संख्या में शिक्षक व कर्मचारीगण ए.के. महाविद्यालय में एकत्रित हुए और हाथों में मांगों की तख्तियों के साथ हजारों गुब्बारे छोड़कर अपनी आवाज सरकार तक पहुँचाने का प्रतीकात्मक रूप से प्रयास किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों और शिक्षकों ने तीन प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन किया है और कहा कि अब उन्हें और लंबे समय तक अनदेखा नहीं किया जा सकता। फेडरेशन की मुख्य तीन मांगें हैं, जिनमें 8वें वेतन आयोग का शीघ्रतम गठन, सेवारत शिक्षकों हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए तथा पुरानी पेंशन योजना ओपीएस को बहाल किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक हर्षित ने कहा कि सरकार बार-बार कर्मचारियों और शिक्षकों की जायज मांगों को टाल रही है। 8वां वेतन आयोग का गठन अब वक्त की मांग है। महासचिव अनिल कुमार ने कहा शिक्षक समाज की नींव है, लेकिन नीतियाँ उन्हें निराश कर रही हैं। पुरानी पेंशन बहाली न होने से युवा शिक्षकों और कर्मचारियों का भविष्य अधर में है। आज का यह कार्यक्रम केवल शुरूआत है। संगठन मंत्री अवनीन्द्र यादव ने कहा कि आज गुब्बारे छोड़कर आयोजित हो रहा ध्यानाकर्षण कार्यक्रम एक चेतावनी है, यदि सरकार ने मांगों को नजरअंदाज किया तो दिल्ली में होने वाला आंदोलन और व्यापक रूप लेगा। फेडरेशन के सह सचिव अरुण कुमार ने स्पष्ट कहा यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। 9 नवम्बर को दिल्ली में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर से शिक्षक और कर्मचारी शामिल होंगे। इस आंदोलन के माध्यम से सरकार को चेताया जाएगा कि अब कर्मचारियों और शिक्षकों की आवाज को अनसुना करना संभव नहीं है। कार्यक्रम में मनीष यादव उदय प्रताप चंद्रहंस, विश्वनाथ रजत सिंह राजेश कुमार समेत सैकड़ों शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 22 साल बाद रुकैया को 5 लाख की मदद

**आगरा।** एसिड अटैक सर्वाइवर को 22 साल की लड़ाई के बाद सरकार से पांच लाख रुपए का मुआवजा मिलने के आदेश हुए हैं। रुकैया अब आरोपी को सजा दिलाने में जुटी हुई है। रुकैया वर्ष 2002 में बड़ी बहन इशरत जहां की ससुराल तुर्कमान गेट, कोतवाली अलीगढ़ गई थी। वह उस समय 14 वर्ष की थी। बहन का देवर उससे एकतरफा प्यार करने लगा। शादी का प्रस्ताव दिया लेकिन रुकैया ने इंकार कर दिया। बौखलाकर उसने रुकैया पर तेजाब डाल दिया जिससे उसका चेहरा बुरी तरह जल गया। रुकैया की 12 सर्जरी हुईं। उस समय बड़ी बहन का घर बिगड़ने के डर से परिजनों के दबाव में मुकदमा दर्ज नहीं कराया। कुछ साल बाद भाई ने न्याय दिलाने के लिए मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की। पुलिस ने कई साल पुराना मामला होने का हवाला देते हुए कार्रवाई नहीं की। इसी बीच रुकैया ने छांव फाउंडेशन द्वारा संचालित शीरोज हैंग आउट कैफे पर काम करना शुरू किया। दो साल पूर्व तत्कालीन एडीजी (वर्तमान डीजीपी) राजीव कृष्ण शीरोज हैंग आउट कैफे में गए थे। तब वह उनसे मिली। उन्हें अपनी आप बीती सुनाई। इसके बाद मामला तत्कालीन पुलिस आयुक्त डॉ. प्रीतिंदर सिंह के संज्ञान में आने के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। रुकैया मुकदमे की पैरवी नहीं कर पा रही थी। सामाजिक कार्यकर्ता नरेश पारस ने मामले की पैरवी शुरू की। आगरा और अलीगढ़ प्रशासन से कई बार बात की। जिसके बाद सरकार से उसे पांच लाख रुपए का मुआवजा मिला। रुकैया का कहना है कि 22 साल बाद उसे सरकार की तरफ से मदद मिली है। अभी भी हाईकोर्ट में पैरवी हो रही है। रुकैया का कहना है कि आरोपी को सजा दिलाने तक पैरवी जारी रहेगी।

## करोड़ों का मुनाफा दिखा दंपती से लाखों की ठगी

**टूंडला।** करोड़ों का मुनाफा दिखा कर दपंती से लाखों की ऑनलाइन ठगी कर ली। पीड़ि ?त ने ऑनलाइन ठगी करने वालों आरोपियों की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के राजा का ताल ऑर्चिड ग्रीन ए-4 निवासी विक्रांत बंसल पर वाट्सएप द्वारा 25 फरवरी को एक मैसेज आया। आरोपियों ने ऑनलाइन तरीके से पीड़ित से मैसेज में एक एएसके इंवेस्टमेंट मैनेजर इंस्टॉल कराया। वहीं, नौ मार्च से 15 मार्च तक प्रियंका बंसल के खाते से 59 लाख 20 हजार रुपये अलग-अलग खातों में जमा कराए। पीड़ित ने कुछ दिनों बाद जिसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर की थी। विक्रांत का आरोप है आरोपियों ने सारा पैसा धोखे से जमा कराया था। जब पीड़ित ने आरोपियों से अपने पैसे लौटाने की मांग की तो प्रिया शर्मा, भरत शाह व एएसके ग्रुप एडमिन ने एटा में सात करोड़ 31 लाख सात हजार का मुनाफा दिखाकर ऑनलाइन लाखों की ठगी कर ली। पीड़ित ने ऑनलाइन ठगी करने वाले उक्त आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# संस्कृति विवि के स्थापना दिवस पर फरहान ने मचायी धूम

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के 9वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ करते हुए प्रसिद्ध निमार्ता, निर्देशक और कलाकार मुख्य अतिथि विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि प्रगति एक आईडिया से होती है, दुनिया में ऐसा कोई नहीं है जिसके पास कोई आईडिया ना हो। यह सच है कि आइडिया को सार्थक करने वाले बहुत कम होते हैं। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सचिन गुप्ता ने इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पेटेंट दाखिल करने के क्षेत्र में और स्टार्टअप शुरू करने के क्षेत्र में किस तरह से विश्वविद्यालय नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान विवेक अग्निहोत्री से बच्चों द्वारा किए गए सवालों पर बातचीत भी की। वहीं रात्रि में ख्याति प्राप्त गायक फरहान साबरी के गीतों ने जबरदस्त धूम मचाई। वहीं विवि के छात्र, छात्राओं ने अपने रंगारंग कार्यक्रमों से सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की परंपराओं के अनुसार मुख्य अतिथि विवेक अतिथि विवेक अग्निहोत्री द्वारा किए गए दीप प्रज्वलन से हुआ। उनके बाद संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर सचिन गुप्ता, प्रति कुलाधिपति राजेश गुप्ता, सीईओ डॉक्टर श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रो बीएम चेट्टी ने दीप प्रज्वलन किया। दीप प्रज्वलन के बाद संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर सचिन गुप्ता ने प्रसिद्ध निर्देशक और कलाकार विवेक अग्निहोत्री को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। शास्त्रीय घराने से ताल्लुक रखने वाले फरहान साबरी ने संस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर अपने गीतों की शुरूआत गणेश वंदना से की। बहुत ही प्रभावशाली ढंग से उन्होंने जब, देवा श्री गणेशा, देवा श्री गणेशा गाना शुरू किया तो सारा माहौल भक्ति से ओतप्रोत हो गया। छात्र छात्राओं ने उनकी इस गणेश स्तुति पर तालियां बजाकर साथ दिया। इस प्रसिद्ध गणेश वंदना के बाद उन्होंने एक प्रसिद्ध फिल्म के गीत, तेरी दीवानी, मैं तेरी दीवानी, प्रीत की लग मोहे ऐसी लागी, हो गई तेरी दीवानी, गीत सुना कर अपने गायकी के हुनर का परिचय दिया। फरहान साबरी का यह जादू देर रात तक विद्यार्थियों के सर पर चढ़कर बोला। इससे पूर्व कार्यक्रम के दौरान छात्र कृष्णा को मिस्टर स्टाइलिश, छात्र मुस्कान को मिस स्टाइलिश, छात्र आयांश को मिस्टर टैलेंटेड, छात्रा रागिनी को मिस टैलेंटेड के किताब से नवाज गया। छात्र शिवांग को वर्ष 2025 के लिए मिस्टर फ्रेशर, छात्र जसलीन को मिस फ्रेशर चुना गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर सचिन गुप्ता और प्रति कूलाधिपति राजेश गुप्ता द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अन्य प्रतिभागियों को सीईओ डॉक्टर श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कुलपति एमबी चेट्टी द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह का कुशल संचालन संस्कृति प्लेसमेंट सेल की ज्योति यादव, संस्कृति एफएम के राज जय कुमार, संस्कृत विवि के पूर्व छात्र रिया फैजी ने किया। इस मौके पर कैप्स के डायरेक्टर डा रजनीश त्यागी, स्टेंट वेलफेयर विभाग के डीन डीएस तोमर भी मौजूद रहे। कार्यक्रमों के संयोजन में मोहम्मद फहीम, डॉ दुर्गेश वाधवा, डॉ एकता कपूर का विशेष सहयोग रहा।



## टूंडला में दुर्गा पूजा की रही धूम

**टूंडला।** नगर में शारदे नवरात्रि महानवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया, पूरे नगर में दुर्गा पूजा की धूम रही जगह जगह भव्य पंडालों में मां दुर्गा के स्वरूपों को सजाया गया, जिसकी छठा देखते ही बन रही थी। नगर व दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से माता के भक्तों ने भव्य पंडालों में माता के स्वरूपों के दर्शन किए। नगर के फ्रेंड्स क्लब रेलवे कंपाउंड में भव्य पांडाल लगाकर मां दुर्गा की आकर्षक झांकियां सजाई गई,



जहां महानवमी के अवसर पर नगर व दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं माता के भक्तों ने मां के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। फ्रेंड्स क्लब दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजक अनिल शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार राजू उपाध्याय टूंडला प्रेस क्लब के अध्यक्ष पत्रकार सोमेंद्र पौनियां, सचिव विवेक शर्मा कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा व नगर के संभ्रांतजनों का माला पट्टिका पहनाकर स्वागत किया।

# श्रीकृष्ण सेवा मंडल ट्रस्ट का दो दिवसीय शरद महोत्सव 6,7 को




जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण सेवा मंडल ट्रस्ट, द्वारा दो दिवसीय शरद महोत्सव कार्यक्रम 6, 7 अक्टूबर को श्री जी बाबा की हवेली आन्योर गोवर्धन में किया जा रहा है। प्रथम दिन श्री कृष्ण संकीर्तन मंडल रजि द्वारा दुग्ध धार की परिक्रमा प्रातः 9 बजे श्रीजी बाबा की हवेली से प्रारंभ की जाएगी एवं शाम 7 बजे दीपदान किया जाएगा। 7 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 8 बजे गौ सेवा उसके पश्चात 9:30 बजे श्रीनाथजी प्रकट स्थल पर दिव्य पंचामृत अभिषेक किया जायेगा उसके बाद श्रीजी बाबा की हवेली पर साधु सेवा एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया जाएगा। सांय 5 बजे से दिव्य छप्पन भोग के दर्शन सभी भक्तों के लिए कराए जाएंगे। सायं 7:00 बजे से खीर प्रसादी वितरण भक्तों के लिये किया जाएगा। सायं भजन गायन संध्या के रूप में और रात्रि 8:30 बजे से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मुरारी लाल तिवारी की मंडली द्वारा महारास का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मंडल के संरक्षक कन्हैया लाल अग्रवाल, अध्यक्ष अतुल शोरा बाले, मंत्री ओम प्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष चंद्र मोहन बंसल, सदस्य मुरारी लाल वर्मा, मनीष सर्राफ, सुनील कनुआ, बनवारी लाल जैन, राधारमण मार्बल वाले, राजाराम गर्ग, हेमंत गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## खेत से पानी निकालने को लेकर हुआ खूनी-संघर्ष, बुजुर्ग की मौत

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयगढ़ी में खेत से पानी निकालने को लेकर हुए विवाद ने खून-खराबे का रूप ले लिया। चाचा-भतीजे के बीच शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे और पथराव होने लगे। इसी दौरान बीच-बचाव में उतरे 95 वर्षीय बुजुर्ग राधाचरण की लाठी लगने से मौत हो गई।

विजयगढी निवासी बुजुर्ग राधाचरण (95) के पास करीब 20 बीघा जमीन थी। उनकी एक ही पुत्री थी जिसकी शादी पहले हो चुकी थी। बुजुर्ग ने अपनी बेटी की देखभाल के लिये कुल जमीन में से 10 बीघा जमीन अपने भतीजे धर्मपाल की मां के नाम कर दी, 2 बीघा जमीन बेच दी और शेष बची 8 बीघा जमीन को अपने दो भतीजों धर्मपाल व उम्मेद को बांट दी थी। उम्मेद की पहले मौत हो चुकी है। खेत में पानी निकालने को लेकर धर्मपाल और उम्मेद के पुत्र रघुनंदन के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों में कहासुनी से शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे और पथराव भी हुआ। इसी दौरान राधाचरण के सिर में लाठी लग गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजन गंभीर रूप से घायल राधाचरण को इलाज के लिए बाजना के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही आरोपी चाचा धर्मपाल और भतीजा रघुनंदन मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गांव पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दिया गया है। गांव में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है और पुलिस हर स्थिति पर नजर रखे हुए है। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि झगड़े के दौरान बीच-बचाव में आए बुजुर्ग को चोट लगी जिससे उनकी मौत हो गई। आरोपियों की तलाश की जारही है।

## कंटेनर ने बाइक को टक्कर मारी, पिता की मौत, पुत्र घायल, चालक हिरासत में

**आगरा।** आगरा-ग्वालियर हाईवे पर एक कंटेनर ने मंगलवार को मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई और पुत्र घायल हो गया। यह हादसा सैंया ग्राम पंचायत के निकट जौनई सिकंदरपुर मोड़ के पास हुआ। मृतक की पहचान रोशन सिंह के रूप में हुई है। उनके पुत्र शूरभान सिंह (उम्र करीब 45 वर्ष), जो ग्वालियर (मध्यप्रदेश) के भींगना थाना क्षेत्र के निवासी हैं, घायल हुए हैं। दोनों दोपहर में मोटरसाइकिल से आगरा जा रहे थे, तभी आगरा की ओर से आ रहे कंटेनर ने हाईवे पार करते समय उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेजा है। घायल शूरभान सिंह को इलाज के लिए सीएचसी सैंया में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कंटेनर चालक और कंटेनर को हिरासत में ले लिया है।

# इंजेक्शन लगने के बाद मासूम की मौत, हॉस्पिटल पर हंगामा

**आगरा।** जयपुर हाउस स्थित एक हॉस्पीटल में इंजेक्शन लगने के बाद मासूम की तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे एक के बाद एक तन हॉस्पीटल में ले गए। अंत में एक हॉस्पीटल के चिकित्सकों ने उसे मासूम को मृत घोषित कर दिया। इससे गुस्साए परिजनों ने इंजेक्शन लगाने वाले हॉस्पीटल पर पहुंचकर मंगलवार देर रात को जमकर हंगामा काटा। उन्होंने हॉस्पीटल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। खतैना, लोहामंडी निवासी योगेश शाक्य का डेढ़ साल का बेटा लाला 26 सितंबर से बीमार था। उसे जयपुर हाउस स्थित हॉस्पीटल में दिखाया। चिकित्सक ने बच्चे को भर्ती कर लिया। रातभर उपचार किया। अगले दिन छुट्टी देकर सुबह-शाम इंजेक्शन लगाने की सलाह दी थी। इस पर योगेश बच्चे को लेकर हॉस्पीटल आते-जाते रहे। मंगलवार शाम परिजन बच्चे को लेकर इंजेक्शन लगवाने के लिए हॉस्पीटल पहुंचे। यहां कंपाउंडर ने इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई। यह देखकर कंपाउंडर ने दूसरे हॉस्पीटल में ले जाने के लिए बोल दिया। परिजन बच्चे को लेकर पहले बोदला स्थित एक हॉस्पीटल में गए। बच्चे की हालत देखकर वहां से भी दूसरे हॉस्पीटल के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद वे दिल्ली गेट स्थित एक हॉस्पीटल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजन शव को लेकर जयपुर हाउस स्थित हॉस्पीटल पर पहुंच गए। उन्होंने यहां हंगामा कर दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने समझा बुझा कर लोगों को शांत कराया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि इलाज में लापरवाही का आरोप है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रसूलपुर व उत्तर में छात्राएं बनीं एक दिन की थाना प्रभारी



**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत थाना रसूलपुर व थाना उत्तर में छात्रा को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। जहां दोनों छात्राओं ने थाने की बारीकियों को समझा और फरियादियों की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण को आवश्यक निर्देश दिए। बुधवार को मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत माता प्रसाद कलावती देवी शिक्षण संस्थान की कक्षा 12 की छात्रा आस्था सिंह को एक दिन के लिए थाना प्रभारी रसूलपुर बनाया गया। थाना प्रभारी बनीं छात्रा आस्था सिंह ने थाना कार्यालय ऑफिस का भ्रमण किया सीसीटीएनएस विवेचना कम्प्यूटर कक्ष, माल खाना साइबर हैल्प डैस्क कार्यालय, महिला हैल्पडैस्क महिला सुरक्षा केन्द्र मेस एवं बैरक आदि का निरीक्षण कर पुलिस की कार्य प्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। इसके बाद थाना क्षेत्र रसूलपुर का भ्रमण किया साथ ही वाहन चेकिंग अभियान एवं बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहनों चालकों की हिदायत दी, एक दिन की इंस्पेक्टर बनी आस्था सिंह ने कहा कि यह क्षण मेरे लिए गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भविष्य में, मैं समाज की सेवा करने और महिलाओं के हक एवं सम्मान के लिए कार्य करने की इच्छा रखती हूं। साथ ही मिशन शक्ति के तीन प्रमुख बिंदु नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन व नारी सम्मान को रेखांकित करते हुए उन्हेने बताया कि इस प्रकार की पहल से छात्राओं व महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत होगा और उन्हें समाज में अग्रणी भूमिका निभाने की प्रेरणा मिलेगी। वहीं थाना उत्तर में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत किड्स कॉर्नर हैप्पी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल फिरोजाबाद से कक्षा 10 वीं की छात्रा कु0 पिंकी को एक दिन के लिये थाना प्रभारी बनाया गया। एक दिन के लिये थाना प्रभारी बनीं कु0 पिंकी ने थाना कार्यालय सीसीटीएनएस विवेचना कम्प्यूटर कक्ष मालखाना साइबर हेल्प डैस्क महिला हेल्प डैस्क महिला सुरक्षा केन्द्र मेस एवं बैरक आदि का निरीक्षण किया साथ ही पुलिस की कार्य प्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। कु. पिंकी ने थाना उत्तर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया। छात्रा पिंकी ने बताया एक दिन की थाना प्रभारी बन उन्होंने बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला जो उनके लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

## आनंद विहार पटना स्पेशल में पकड़ा गया फर्जी टीटीई

**टूंडला।** आनंद विहार पटना ट्रेन में यात्रा कर रहे ऑनबोर्ड डिप्टी सीटीआई प्रयागराज अभिनव पाण्डेय द्वारा सूचना दी गई कि ट्रेन में एक संदिग्ध व्यक्ति फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों को गुमराह कर रहा है। इस संबंध मे प्रयागराज जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति को ऑनबोर्ड डिप्टी सीटीआई प्रयागराज अभिनव पाण्डेय की सतर्कता से पकड़कर कोच अ-1 में रोका गया और टूंडला स्टेशन पहुँचने पर जीआरपी को सौंपा गया। सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी टूंडला की संयुक्त टीम ने जांच की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान विजय कुमार आजाद, निवासी सोनपुर, सारण बिहार के रूप में हुई, जो फर्जी परिचय पत्र दिखाकर टीटीई होने का दावा कर रहा था। डिप्टी सीटीआई प्रयागराज अभिनव पाण्डेय द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर रेलवे पुलिस टूंडला ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। वाणिज्य विभाग रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस की इस त्वरित और समन्वित कार्रवाई से यात्रियों को धोखाधड़ी से बचाया गया।



संक्षेप

## निसान ने दर्ज की 9.3 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने सितंबर, 2025 में 10,500 यूनिट्स की कंसोलिडेटेड बिक्री दर्ज की है। सितंबर, 2024 की तुलना में सालाना आधार पर यह 9.3 प्रतिशत की वृद्धि है। सितंबर, 2025 में घरेलू होलसेल का आंकड़ा 1,652 यूनिट्स का और निर्यात का आंकड़ा 8,872 यूनिट्स का रहा, जिसमें से दक्षिण एशिया में अकेले 1,120 यूनिट्स की बिक्री हुई। यह इस क्षेत्र में किसी एक महीने में निसान की सर्वाधिक बिक्री है। भारत सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में संशोधन से बिक्री में उल्लेखनीय योगदान मिला है। निसान मोटर इंडिया ने जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को पहुंचाया है। कंपनी ने नई मैग्नाइट की कीमतों में 1 लाख रुपये तक की कटौती की है। जीएसटी दरों में कटौती और नवरात्रि के अवसर ने साथ मिलकर पूरी इंडस्ट्री में कारों की बिक्री को तेज करने का काम किया। निसान ने नई निसान मैग्नाइट के लिए अपनी तरह की पहली 10 साल की एक्सटेंडेड वारंटी भी शुरू की है।

## भारतीय नोटबुक निर्माण क्षेत्र संकट के कगार पर

मुंबई। ऑल इंडिया नोटबुक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन प्रधानमंत्री और भारत सरकार का जीएसटी 2.0 सुधारों के तहत कर प्रणाली को सरल बनाने और आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए उठाए गए साहसिक कदमों हेतु हार्दिक आभार व्यक्त करता है। नोटबुक पर 0% जीएसटी और आसियान मुक्त व्यापार समझौते के तहत 0% कस्टम ड्यूटी लगाई गई है, वह भारतीय नोटबुक उद्योग के लिए विनाशकारी साबित हो रही है। आसियान समझौते के अंतर्गत इंडोनेशिया, थाईलैंड और मलेशिया जैसे देशों से आयात पर कोई सीमा शुल्क नहीं लगता। अब, 0% जीएसटी के कारण, इन आयातों पर आईजीएसटी भी नहीं लगेगा, जिसका मतलब यह है कि इन पर कोई काउंटरवेलिंग ड्यूटी भी नहीं लगेगी – जिससे ये पूरी तरह से ड्यूटी मुक्त होकर भारतीय उत्पादों की तुलना में सस्ते हो जाते हैं, जबकि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता मौजूद है। शिक्षा क्षेत्र में लागत को कम करने के उद्देश्य से नोटबुक में प्रयुक्त कागज पर जीएसटी को 0% किया गया था। परंतु व्यावहारिक रूप में, इस निर्णय के कई अनपेक्षित दुष्परिणाम सामने आए हैं।

## मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर में 206 करोड़ ग्राहकों ने लिया हिस्सा

नई दिल्ली। मीशो की वार्षिक मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2025 संपन्न हो चुकी है। इस सेल में ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड्स की रिकॉर्ड प्रतिबद्धता दर्ज हुई। इस साल की सेल में देखने को मिला कि टेक्नोलॉजी, किफायत और विश्वास किस प्रकार पूरे भारत में फेस्टिव कॉमर्स को आकार दे रहे हैं। मीशो पर मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2025 में भारत के ग्राहकों की विकसित होती हुई रुचि देखने को मिली। टुमकुर के परिवारों ने किड्सवियर खरीदे। बवला में पहली बार खरीदारी कर रहे ग्राहकों ने इमेज सर्च द्वारा विश्वसनीय उत्पाद तलाशे। दिल्ली से लेकर विशाखापट्नम तक के व्यवसायों ने दीवाली से पहले लाखों नए उत्पाद लॉन्च किए। भारत में त्योहारों की खरीदारी बढ़ रही है और ज्यादा विस्तृत हो रही है सेल के दौरान मीशो के प्लेटफॉर्म पर 206 करोड़ ग्राहक आए। शॉपर्स ने 117 मिलियन से अधिक घंटे मीशो प्लेटफॉर्म पर बिताए।

## दमदार कहानियों से उठेगा पर्दा

कानपुर। 13वें जेएफएफ ने कानपुर में शानदार आयोजनों के साथ सार्थक सिनेमा का जश्न मनाने के अपने विजन को आगे बढ़ाया। इस फेस्टिवल ने एक बार फिर सिनेमा प्रेमियों, फिल्म निर्मातओं और परिवारों को एकजुट किया और ऐसी कहानियाँ दिखाईं जो साहस, संस्कृति और समुदाय की भावना को दर्शाती हैं। तीन दिनों तक, कानपुर के दर्शकों ने 'जॉली एलएलबी 3' से लेकर विवेक अग्निहोत्री की 'द बंगाल फाइल्स' तक कई प्रभावशाली फिल्में देखीं। निर्देशक और अभिनेता दर्शन कुमार को दर्शकों के साथ बातचीत के दौरान स्?टैंडिंग ओवेशन भी मिला। इस चैप्टर में जेएफएफ लिटिल लाइट भी था, जो युवा आवाजों का उत्सव था, जहाँ बच्चों और माता-पिता ने 'बाइसिकिल डेज' जैसी फिल्मों का आनंद लिया। अन्य मुख्य आकर्षणों में 'फुले', 'रुबरु', 'मंडी हाउस का मेंटल', और 'माई आर्मेनियन फैंटम' जैसी अंतरराष्ट्रीय फिल्में शामिल थीं।

# सेंसेक्स में 716 अंकों की उछाल



मुंबई। रेपो दर को स्थिर रखने और वृद्धि अनुमान बढ़ाने के रिजर्व बैंक के कदम से घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को काफी उत्साह रहा और यह आठ दिनों की लगातार गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स 716 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि मौद्रिक घोषणा के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी स्थानीय निवेशकों की धारणा को मजबूती दी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 715.69 अंक यानी 0.89 प्रतिशत उछलकर 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 800.81 अंक बढ़कर 81,068.43 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 225.20 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा मोटर्स में सबसे जूयादा 5.54 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट का रुझान रहा। शेयर बाजार में एक व्यापक दायरे में कारोबार हुआ। रिजर्व बैंक का फैसला उम्मीदों के अनुरूप रहने के साथ अधिक संरचनात्मक रहा। आरबीआई के लचीले रुख और आर्थिक वृद्धि के बेहतर अनुमान ने निवेशकों और बाजार के विश्वास को मजबूत किया है। आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दरों को उम्मीद के अनुरूप अपरिवर्तित रखा। उसे अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के साथ पहले हो चुकी दर कटौती और जीएसटी में हालिया कर कटौती के प्रभाव पर अधिक स्पष्टता का इंतजार है। हालांकि, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आने वाले महीनों में अमेरिकी शुल्क के किसी भी संभावित असर से अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए ढील की गुंजाइश का संकेत दिया। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने और 'तटस्थे नीतिगत रुख जारी रखने का भी फैसला किया। इसके अलावा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत करने और मुद्रास्फीति अनुमानों को घटाकर 2.6 प्रतिशत करने की घोषणा की गई। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.16 प्रतिशत बढ़ गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.91 प्रतिशत की तेजी रही। सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। बैंकिंग खंड में सर्वाधिक 1.44 प्रतिशत की तेजी रही जबकि दूरसंचार खंड 1.26 प्रतिशत और वित्तीय सेवा खंड 1.22 प्रतिशत चढ़ गया।

# सोना 1.21 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार, चांदी स्थिर



नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को सोना राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में।,100 रुपये की छलांग लगाते हुए 1.21 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

अमेरिका में संसद की वित्तीय मंजूरी न मिलने से सरकारी कामकाज अस्थायी रूप से बंद होने के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूती का रुख था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये बढ़कर 1,21,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को।,100 रुपये बढ़कर 1,20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में इसका भाव 1,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, चांदी की कीमतें 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं, जो इसका रिकॉर्ड स्तर है। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर श्रम बाजार ने फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बल दिया है, जिससे सर्राफा कीमतों को और समर्थन मिला है। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,895.33 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं हाजिर चांदी लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 47.56 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर पर पहुंच गई।

## राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चार अक्टूबर को शुरू करेंगी सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्तीय क्षेत्र में लावारिस संपत्तियों पर तीन महीने का राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चार अक्टूबर को शुरू करेंगी। इस अभियान का शीर्षक आपकी पूंजी, आपका अधिकार होगा।

यह अभियान वित्त मंत्रालय के अंतर्गत वित्तीय सेवा विभाग द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधीन निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण के समन्वय से शुरू किया जाएगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस अभियान (अक्टूबर-दिसंबर 2025) का उद्घाटन वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण चार अक्टूबर को गांधीनगर में करेंगी। इसमें कहा गया, बीमा पॉलिसी दावे, बैंक जमा, लाभांश, शेयर एवं म्यूचुअल फंड आय सहित दावा न की गई वित्तीय परिसंपत्तियां अक्सर जागरूकता की कमी या पुराने खाता विवरण के कारण दावा रहित रह जाती हैं। अभियान के दौरान, नागरिकों को उनकी लावारिस संपत्तियों का पता लगाने, रिकॉर्ड अपडेट करने और दावा प्रक्रिया पूरी करने के बारे में तत्काल मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे चढ़कर 88.68 पर



नयी दिल्ली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 12 पैसे चढ़कर 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। केंद्रीय बैंक के मौद्रिक नीति समीक्षा में निर्यातकों को समर्थन देने और घरेलू मुद्रा में स्थिरता लाने के लिए कई उपायों की घोषणा के बाद रुपये में तेजी आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 की अपनी चौथी मौद्रिक नीति समीक्षा रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने और तटस्थ रुख बनाए रखने की घोषणा के बाद अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत हुआ। इसके अलावा, घरेलू बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट तथा रिजर्व बैंक गवर्नर द्वारा निर्यातकों की सहायता के लिए घोषित अतिरिक्त उपायों ने घरेलू मुद्रा को और मजबूत किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.79 पर खुला और 88.65 के उच्च स्तर को छुआ और अंत में 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की मजबूती है। मंगलवार को, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे टूटकर 88.80 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। हमारा अनुमान है कि मौद्रिक नीति के फैसले और निर्यातकों को समर्थन देने के कई उपायों से रुपये में स्थिरता आएगी। इससे रुपये में और मजबूती आएगी। घरेलू बाजारों में मजबूती और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी, रुपये को और मजबूत कर सकती है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.75 पर रहा। अमेरिका में सरकारी वित्त पोषण रूकने से कुछ विभागों में कामकाज ठप होने और उपभोक्ता भावना के निराशाजनक आंकड़ों के बीच अमेरिकी डॉलर में गिरावट आई।

## विनिर्माण गतिविधियां सितंबर में चार महीने के निचले स्तर पर

नयी दिल्ली। नये ऑर्डर, उत्पादन और कच्चे माल की खरीदारी में नरमी के कारण देश में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में चार महीने के निचले स्तर पर आ गईं।

एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि रोजगार सृजन एक साल के निचले स्तर पर आ गया है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक अगस्त के 59.3 से घटकर सितंबर में 57.7 हो गया। इसमें मई के बाद से सबसे कम सुधार हुआ, हालांकि कर राहत ने आने वाले वर्ष के लिए व्यापार को लेकर उम्मीद को बढ़ाया है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। सितंबर का मुख्य सूचकांक नरम पड़ा, लेकिन यह दीर्घकालिक औसत से काफी ऊपर था। सर्वेक्षण में कहा गया कि सितंबर के पीएमआई आंकड़ों ने भारत के विनिर्माण उद्योग में निरंतर वृद्धि को दर्शाया है, हालांकि गति में थोड़ी कमी आई है। साथ ही प्रतिस्पर्धा बढ़ने से वृद्धि पर अंकुश लगा है। सर्वेक्षण में कहा गया कि दूसरी तिमाही के अंत में अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर बढ़े हैं, क्योंकि एशिया, यूरोप, अमेरिका और पश्चिम एशिया से मांग में सुधार हुआ है।

# जीएसटी संग्रह सितंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये पर



नयी दिल्ली। जीएसटी संग्रह सितंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये रहा। दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण बिक्री में वृद्धि से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत और मासिक आधार पर 1.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर 2024 में 1.73 लाख करोड़ रुपये और अगस्त 2025 में 1.86 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी दरों में बदलाव 22 सितंबर से लागू हुआ। इसका असर जीएसटी आंकड़ों में दिखा है। जीएसटी 2.0 सुधार लागू होने के बाद 22 सितंबर से रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक, दवाओं और उपकरणों से लेकर मोटर वाहन तक 375 चीजों की कीमतें कम हुई हैं। आंकड़ो के अनुसार, सितंबर 2025 में सकल घरेलू राजस्व 6.8 प्रतिशत बढ़कर 1.36 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि आयात कर 15.6 प्रतिशत बढ़कर 52,492 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी रिफंड भी सालाना आधार पर 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध जीएसटी संग्रह सितंबर 2025 में 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर पांच प्रतिशत अधिक है। माह के लिए सकल जीएसटी संग्रह में 1.89 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि से संकेत मिलता है कि अगस्त के दौरान जीएसटी दर में कटौती की उम्मीद में आर्थिक गतिविधि में कोई महत्वपूर्ण नरमी नहीं आई है, क्योंकि यह आंकड़े अगस्त में लेनदेन से संबंधित है। सितंबर के इन संग्रहों के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान औसत मासिक संग्रह दो लाख करोड़ रुपये प्रति माह से थोड़ा ही कम है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है जब सितंबर 2024 तक औसत मासिक संग्रह 1.8 लाख करोड़ रुपये था।

# आरबीआई का कदम संतुलित, दिसंबर में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद



नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग जगत और विशेषज्ञों ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दर अपरिवर्तित रखने के निर्णय को संतुलित बताया और उम्मीद जताई कि केंद्रीय बैंक दिसंबर की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर रेपो में कमी करेगा।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर यानी रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखते हुए तटस्थ रुख बनाए रखा है। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई की यह वृद्धि दर की समीक्षा भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और हाल की नीतिगत पहलों, खासकर जीएसटी के सरलीकरण के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाती है। बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने, ऋण प्रवाह बढ़ाने, निर्यातकों को सहूलियत देने और रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देने वाले आरबीआई के कदम सराहनीय हैं। वृद्धि की गति को तेज करने को लेकर हमारा नजरिया सकारात्मक है। हमें विश्वास है कि आरबीआई समय पर उपायों के साथ वृद्धि को समर्थन देना जारी रखेगा, जिसमें अगली मौद्रिक नीति समीक्षा रेपो दर में संभावित कटौती भी शामिल है। रेपो दर को स्थिर रखना एक संतुलित फैसला है जो वृद्धि को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति पर नियंत्रण बनाए रखता है। इससे कारोबारियों और निवेशकों को दीर्घकालिक निवेश योजना बनाने में मदद मिलेगी। आरबीआई द्वारा रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखते हुए तटस्थ रुख अपनाने का निर्णय आर्थिक प्रबंधन के प्रति एक सतर्क किन्तु सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण को बताता है। वृद्धि और मूल्य स्थिरता के दोहरे उद्देश्यों में संतुलन स्थापित करके, यह नीति व्यवसायों और निवेशकों को एक आश्वस्त करने वाला संकेत देती है।

पेज एक का शेष

## राष्ट्र प्रथम

हेडगेवार भी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई बार जेल गए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरोप लगाकर और झूठे मामले दर्ज करके आरएसएस की भावना को कुचलने के कई प्रयास किए गए हैं। उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगे प्रतिबंध का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, आरएसएस ने अपने खिलाफ झूठे मामले दर्ज होने, लगाये गये प्रतिबंध लगाने और अन्य चुनौतियों के बावजूद कभी कटुता नहीं दिखाई, क्योंकि हम ऐसे समाज का हिस्सा हैं जहां हम अच्छे और बुरे, दोनों को स्वीकार करते हैं। उसका यही मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है। मोदी ने कहा कि तत्कालीन आरएसएस प्रमुख माधव गोलवलकर को भी झूठे मामले में फंसाकर जेल भेज दिया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा, फिर भी जब वह बाहर आए तो उन्होंने शांत मन से कहाः कभी कभी जीभ दांतों के नीचे आकर दब जाती है, कुचल जाती है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ देते, क्योंकि दांत भी हमारे हैं, जीभ भी हमारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक का लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं में अटूट विश्वास है, जिसने उन्हें चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दी। उन्होंने कहा जब आपातकाल लगाया गया, तो इसी विश्वास ने प्रत्येक स्वयंसेवक को उसका सामना करने की शक्ति दी। मोदी ने कहा, समाज के साथ एकजुटता और संवैधानिक संस्थाओं में आस्था - इन दो मूल मूल्यों ने स्वयंसेवकों को हर संकट में धैर्यवान और सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है। समय के साथ अनेक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, संघ एक विशाल वट वृक्ष की तरह अडिग रहकर राष्ट्र और समाज की निरंतर सेवा करता रहा है। प्रधानमंत्री ने आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट और एक स्मारक सिक्का भी जारी किया।

## यूपी में

पर मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है तथा उनका सौभाग्य है कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन आस्था में नारी शक्ति को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है तथा उनकी सरकार नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र की पहली तिथि, 22 सितंबर से मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ किया गया है जिसमें महिलाओं की सुरक्षा और उनके स्वावलंबन के लिए पंचायत स्तर तक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके तहत सभी जिलों में सराहनीय कार्य हो रहे हैं एवं मिशन शक्ति सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा, जहां बेटी सुरक्षित और सम्मानित होती है, वहां का समाज भी सुरक्षित और सम्मानित माना जाता है। उत्तर प्रदेश में ऐसा ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, कन्या सुमंगला और सामूहिक विवाह जैसी योजनाएं बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए हैं।

## केन्द्रीय कर्मियों

दी गई है। मंत्रिमंडल ने बुधवार को असम में राष्ट्रीय राजमार्ग 715 के कलियाबोर-नुमालीगढ़ खंड को चौड़ा करने को मंजूरी दे दी। इसकी कुल पूंजीगत लागत 6,957 करोड़ रुपये होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह परियोजना इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) प्रारूप में विकसित की जाएगी। इसकी कुल लंबाई 85.675 किलोमीटर और कुल पूंजीगत लागत 6,957 करोड़ रुपये होगी। परियोजना में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) खंड पर प्रस्तावित वन्यजीव-अनुकूल उपायों का कार्यान्वयन भी शामिल है। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग-715 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-37) का मौजूदा कलियाबोर-नुमालीगढ़ खंड दो लेन का है जो घनी आबादी वाले जाखलाबंधा (नागांव) और बोकाखाट (गोलाघाट) कस्बों से होकर गुजरता है। सरकार ने जैव-चिकित्सा अनुसंधान कैरियर कार्यक्रम (बीआरसीपी) के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी, जिसका उद्देश्य 2,000 से अधिक विद्यार्थियों और पोस्ट-डॉक्टरल फेलो को प्रशिक्षित करना, उच्च प्रभाव वाले अनुसंधान को बढ़ावा देना और प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण में मदद करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बीआरसीपी के तीसरे चरण को मंजूरी दी गई। इसे जैव प्रौद्योगिकी विभाग और वेलकम ट्रस्ट, ब्रिटेन द्वारा इंडिया अलायंस के माध्यम से 2025-26 से शुरू कर अगले छह वर्षों में।,500 करोड़ रुपये की लागत से लागू किया जायेगा। पोस्ट-डॉक्टरल फेलो वह व्यक्ति होता है जो पीएचडी पूरी करने के बाद अनुसंधान जारी रखता है, जिससे उसे अपने शोध क्षेत्र में पेशेवर कौशल विकसित करने और कैरियर को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

## केंद्र ने गठित

यादव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल से जुड़ी समिति के अध्यक्ष होंगे। इनके अलावा वाणिज्य से जुड़ी समिति डोला सेन, वाणिज्य एवं उद्योग से जुड़ी समिति तिरुचि शिवा, विज्ञान प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की समिति से भाजपा के भुवनेश्वर कलिता, परिवहन पर्यटन और संस्कृति विभाग संबंधी कुल 24 स्थायी समितियों में से 11 की अध्यक्षता भाजपा के सदस्यों को मिली है। चार समितियों का नेतृत्व भाजपा के सहयोगी दलों को मिला है। कांग्रेस से जुड़े नेता चार समितियों की अध्यक्षता करेंगे। दो-दो समितियों के द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अध्यक्ष होंगे और एक संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के सांसद करेंगे। प्रत्येक समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्यों को शामिल किया गया है।से जुड़ी समिति के जनता दल (यू) नेता संजय कुमार झा अध्यक्ष होंगे।

कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय से जुड़ी समिति भाजपा नेता बृजलाल, कृषि पशुपालन एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी समिति की अध्यक्षता कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी करेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार से जुड़ी समिति भाजपा नेता निशिकांत दुबे, ऊर्जा से जुड़ी समिति शिवसेना नेता श्रीरंग अप्पा चंदू, उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण से जुड़ी समिति द्रमुक नेत्री कन्नीमोई अध्यक्षता करेंगी। श्रम एवं कपड़ा और कौशल विकास से जुड़ी समिति भाजपा नेता बसवराज बोम्मई, पेट्रोलियम एवं प्रकृति गैस मंत्रालय से जुड़ी समिति तटकरे सुनील दत्तात्रेय, आवास एवं शहरी मामलों से जुड़ी समिति की अध्यक्षता मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, जल संसाधन से जुड़ी समिति की अध्यक्षता राजीव प्रताप रूडी, केमिकल और फर्टिलाइजर से जुड़ी समिति तृणमूल नेता कीर्ति आजाद, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज कांग्रेस नेता सप्तगिरि शंकर उलाका, कोयला से जुड़ी समिति अनुराग ठाकुर एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता से जुड़ी समिति की पीसी मोहन अध्यक्षता करेंगे। यूसुफ पठान वाणिज्य मंत्रालय, हरभजन सिंह शिक्षा मंत्रालय, कंगना रनौत आईटी समिति की सदस्य बनाई गई हैं। अरुण गोविल विदेश मामलों की समिति और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई विधि एवं न्याय मामलों की समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

## बहराइच : संदिग्ध

फटे नहीं। नीचे बांस की बल्लियां पड़ी थीं जिनके कारण आग ने विकराल रूप लिया होगा। सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। पाठक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा कि मृतकों के शरीर पर जलने से पूर्व कोई चोट के निशान तो नहीं हैं, या उन्हें कोई जहरीला पदार्थ तो नहीं दिया गया था। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए हैं और इन सबकी रिपोर्ट आने पर ही घटनाक्रम का निश्चित निर्धारण किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कुछ असामान्य बातें सामने आई हैं जैसे बाहर थोड़ी दूरी पर एक ट्रैक्टर जला हुआ है, घर के मवेशी जो काफी दूर बंधे होते थे उन्हें भी उसी कमरे में लाकर रखा गया जहां आग लगी थी और घर के सभी लोगों और मवेशियों के शव कमरे में दुछत्ती से बरामद हुए। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद एक चश्मदीद छोटे बच्चे ने भी काफी जानकारी दी है और उसकी बातों का विश्लेषण कर उसे जांच रिपोर्टों के साथ जोड़कर आकलन किया जाएगा।

गांव वालों ने यह भी बताया है कि गृह स्वामी काफी उग्र स्वभाव का था। कुछ दिन पूर्व उसके बेटे की मृत्यु हुई थी, तब से वह कुछ बेचैन सा रहता था। रामगांव थाने में तैनात दारोगा अयोध्या सिंह ने बताया कि निंदूरपुरवा गांव के दाखिला टेपरहा में किसान विजय कुमार मौर्या का घर है और बुधवार सुबह मौर्या के घर से आग की लपटें निकल रही थीं तथा चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनकर ग्रामीण घर का दरवाजा व दीवार तोड़कर अंदर घुसे तो एक कमरे में स्थानीय निवासी सनी वर्मा (16) और सूरज यादव (15) के क्षत-विक्षत शव बरामद हुए। दोनों के गले कटे हुए थे। उन्होंने बताया कि अग्निशमन कर्मियों की मदद से आग बुझाई गयी तो देखा कि घर के दूसरे कमरे में छज्जे पर विजय मौर्या (46), उसकी पत्नी धीरज कुमारी (44), पुत्रियों प्रियांशी (10) और रियांशी (आठ) तथा नीचे चार मवेशियों के जले हुए शव पड़े थे। सिंह ने बताया कि धीरज कुमारी के मुंह से झाग निकल रहा था और दो खुले हुए गैस सिलेंडर भी कमरे में पड़े थे।

## फिलीपीन में

था। बोगो सेबू प्रांत का एक तटीय शहर है, जिसकी आबादी लगभग 90,000 है और मौत के कुल आंकड़े में से लगभग आधी मौतें यहीं दर्ज की गई हैं। यह भूकंप समुद्र के नीचे एक भ्रंश रेखा में गति के कारण पांच किलोमीटर की कम गहराई पर उत्पन्न हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, बोगो में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। रुक-रुक कर हो रही बारिश और क्षतिग्रस्त पुलों तथा सड़कों के कारण बचाव कार्य धीमा पड़ गया है। नागरिक सुरक्षा कार्यालय के उप प्रशासक बर्नार्डो रफेलिटो अलेजांद्रो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम अब भी खोज और बचाव कार्य कर रहे हैं। लोगों के मलबे के नीचे दबे होने के कई मामले सामने आ रहे हैं। अलेजांद्रो ने कहा कि फिलीपीन सरकार त्वरित क्षति आकलन के आधार पर विदेशी सरकारों से मदद मांगने पर विचार कर रही है। बोगो शहर के आपदा-शमन अधिकारी रेक्स यगोट ने बुधवार तड़के एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मजदूर भूस्खलन से प्रभावित एक पहाड़ी गांव में झोपड़ियों के समूह में खोज और बचाव प्रयासों को तेज करने के लिए कोशिश कर रहे थे। एक अन्य आपदा-राहत अधिकारी ग्लेन उर्सल ने कहा, 'उस क्षेत्र में जाना मुश्किल है क्योंकि वहां खतरे कम नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ जीवित बचे लोगों को पहाड़ी गांव से अस्पताल लाया गया था।

## धामी ने 15600

नतीजे स्पष्ट हैं, पिछले चार सालों में 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है और 100 से अधिक नकल माफियाओं को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के समय जहां नकल एक कारोबार बन गया था। वहीं, वर्तमान सरकार ने इसे खत्म कर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाया है।

मुख्य सेवक सदन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने शहरी विकास से जुड़ी कई योजनाओं की भी शुरूआत की। उन्होंने प्रदेश के 52 नगर निकायों में 115 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर (अरबन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) का उद्घाटन किया। इसके अलावा फेरी व्यवसायियों के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान और अंगीकार 2.0 कार्यक्रम की भी शुरूआत की।




# गेंदबाजों और बल्लेबाजों की मददगार पिच पर खेलना चाहते हैं : गिल

अहमदाबाद। भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि टीम घरेलू मैचों में टर्निंग पिच को तरजीह देने की बजाय ऐसी पिच पर खेलना चाहती है जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों की मदद करे। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में गिल ने कहा कि टीम पहले मैच में तीसरे तेज गेंदबाज को मौका दे सकती है चूंकि पिच पर घास जमी है और मौसम भी उमस भरा है। गिल ने कहा मेरे आने (बतौर कप्तान) से पहले क्या बात हुई थी , मैं उसके बारे में नहीं बोल सकता। लेकिन हम ऐसी पिच पर खेलना चाहते हैं जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों की मददगार हो। उन्होंने कहा



भारत आने वाली किसी भी टीम के लिये चुनौती स्पिन और रिवर्स स्विंग होती है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखकर हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहते हैं जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों की मदद करे। उन्होंने कहा आपको संयोजन के बारे में कल पता चल जायेगा। मौसम और हालात को देखते हुए तीसरे तेज गेंदबाज को उतार सकते हैं लेकिन फैसला कल लेंगे।

गिल ने कहा कि भारतीय टीम अपनी धरती पर दमदार क्रिकेट खेलना चाहेगी। उन्होंने कहा हम दमदार क्रिकेट खेलना चाहेंगे। पिछले कुछ साल में भारत में टेस्ट मैच पांच दिन तक नहीं चले हैं लिहाजा हम काफी अच्छा और मजबूत खेल दिखाना चाहेंगे। गिल ने स्वीकार किया कि उन्हें और कुछ खिलाड़ियों को रविवार को खत्म हुए एशिया कप में टी20 क्रिकेट खेलने के बाद इस प्रारूप में ढलने के लिये कम समय मिला है।

उन्होंने कहा हमें टेस्ट मैच की तैयारी के लिये दो ही दिन मिले। काफी जल्दी दूसरे प्रारूप में खेलना है लेकिन हमने नेट पर काफी मेहनत की है। बदले हुए प्रारूप में खेलने के लिये मानसिक तैयारी अधिक करनी होती है। गिल और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दुबई से यहां टीम से जुड़े। बुमराह के कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए क्या उन्हें उतारा जायेगा, यह पूछने पर गिल ने कहा, हम मैच दर मैच फैसला लेंगे। मैच कितना लंबा चलता है और एक गेंदबाज को कितने ओवर फेंकने पड़ते हैं। कुछ पहले से तय नहीं है। गिल ने यह भी कहा कि रविंद्र जडेजा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। उन्होंने कहा हमें पता है कि जड्डू भाई को भारत में खेलना कितना मुश्किल होता है।

बल्लेबाजी में जिस तरह का फॉर्म उन्होंने दिखाया है, वह टेस्ट मैचों में हमारे छठे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं दूसरी ओर वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच की तैयारियों के अंतर्गत कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को यहां भारत के अंतिम ट्रेनिंग सत्र में लंबे समय तक बल्लेबाजी की जबकि जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की तिकड़ी भी गेंदबाजी अभ्यास के लिए पहुंची।

# सिनेर ने जीता चाइना ओपन का खिताब



बीजिंग। इटली के यानिक सिनेर ने अमेरिकी युवा लर्नर टियेन को बुधवार को चाइना ओपन में 6 . 2, 6 . 2 से हराकर खिताब जीता और शंघाई मास्टर्स टेनिस की अपनी तैयारी पुख्ता की।

सिनेर ने इससे पहले एलेक्स डि मिनौर को 6 . 4, 3 . 6, 6 . 2 से हराकर हार्डकोर्ट पर लगातार नौवे फाइनल में प्रवेश किया था। उन्नीस वर्ष के टियेन ने पहली बार फाइनल में प्रवेश किया जब दानिल मेदवेदेव चोट के कारण रिटायर हो गए थे। उस समय स्कोर 5 . 7, 7 . 5, 4 . 0 था।

## संक्षेप

### पोलैंड की रोजा ने जीता स्वर्ण पदक

नयी दिल्ली। पोलैंड की पैरालंपिक चैंपियन क्लब थ्रोअर रोजा कोजाकोवस्का मंगलवार सुबह दिल्ली के एक अस्पताल के बिस्तर पर लेटी हुईं थी लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद यहां के चिकित्सा कर्मचारियों की त्वरित मदद से उन्होंने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। कोजाकोवस्का (36 वर्ष) की जिंदगी संघर्षों से भरी रही है। बचपन में उन्हें जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर के लिए कीमोथेरेपी करवानी पड़ी। लाइम बीमारी के कारण उन्हें लकवा मार गया और उनका बचपन भी मुश्किलों से भरा रहा। फिर भी कोजाकोवस्का का हौसला बुलंद था। विश्व चैंपियनशिप 2019 में लंबी कूद में शानदार प्रदर्शन से लेकर तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीतने तक वह पोलैंड की सबसे प्रेरणादायक खिलाड़ियों में से एक बन गई।

### रजत बजाज मेमोरियल टैलेंट हंट टेनिस टूर्नामेंट आज से

लखनऊ। रजत बजाज मेमोरियल टैलेंट हंट टेनिस टूनामेंट का आयोजन 2 से 5 अक्टूबर, 2025 तक लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में किया जाएगा। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सोसायटी (एसडीएस) द्वारा आयोजित टूनामेंट में 8 से 16 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए विभिन्न श्रेणियों में मुकाबले होंगे। एसडीएस के संस्थापक सदस्य पवन सागर ने जानकारी दी कि इस टूनामेंट के माध्यम से हम ऐसी टेनिस प्रतिभाओं की तलाश करेंगे जो भविष्य में स्वयं को पेशेवर खिलाड़ी के रूप में विकसित करना चाहते हैं। टूनामेंट का उद्घाटन 2 अक्टूबर को मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी जावीद अहमद (रिटायर्ड आईपीएस) के करकमलों द्वारा सुबह नौ बजे किया जाएगा।

### विश्व चैंपियनशिप में फिर लगी होंगी मीराबाई से उम्मीदें

फोर्डे (नॉर्वे)। वापसी की कोशिश में जुटीं पूर्व चैंपियन मीराबाई चानू बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में एक बार फिर भारत की पदक की उम्मीदों को लेकर नए 48 किग्रा वर्ग में खुद को परखने की कोशिश करेंगी। भारत ने 12 सदस्यीय टीम उतारी है लेकिन 2017 की विश्व चैंपियन और 2022 की रजत पदक विजेता मीराबाई देश की एकमात्र पदक दावेदार हैं। 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग के साथ 31 वर्षीय मीराबाई ने 49 किग्रा वर्ग से 48 किग्रा वर्ग में जाने का विकल्प चुना है। चोट से जूझ रही तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने एक साल के रिहैबिलिटेशन के बाद अगस्त में वापसी की और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में 193 किग्रा (84 किग्रा, 109 किग्रा) का वजन उठा सकीं। नए ओलंपिक चक्र में पहली विश्व चैंपियनशिप में मीराबाई अपनी प्रगति के अलावा मुख्य कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर नए और परिचित दोनों तरह के प्रतिद्वंद्वियों के प्रदर्शन का भी आकलन करेंगी। शर्मा ने पीटीआई को बताया यह टूर्नामेंट हमें यह समझने में मदद करेगा कि मीरा में क्या कमी है और हमें किन चीजों पर काम करने की जरूरत है। 48 किग्रा वर्ग में कई नए भारोत्तोलक हैं इसलिए हम अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने और धीरे धीरे आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा पर नजर रखेंगे। 49 किग्रा की मौजूदा चैंपियन उत्तर कोरिया की री सोंग गम स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार बनी हुई हैं जिससे मीराबाई को एशियाई चैंपियन थाईलैंड की थान्याथोन सुकचारोएन और पिछले चरण की कांस्य पदक विजेता फिलीपींस की रोजगी रामोस से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने की उम्मीद है।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को दिया 327 रन का लक्ष्य

## विश्व कप : न्यूजीलैंड के खिलाफ 115 रन की शतकीय पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को 326 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचने में मदद की

एजेंसी

इंदौर। अनुभवी हरफनमौला एशले गार्डनर ने बुधवार को यहां आईसीसी वनडे विश्व कप मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 115 रन की शतकीय पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को 326 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 49.3 ओवर में सिमट गई।



गार्डनर ने अपनी पारी के दौरान 83 गेंद का सामना करते हुए 16 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा फोबे लिचफील्ड ने 45 रन, किम गार्थ ने 38 रन और एलिस पैरी ने 33 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और लिया ताहुहु ने तीन तीन जबकि ब्री इलिंग और अमेलिया केर ने दो दो विकेट झटके। गार्डनर 19वें ओवर में क्रीज पर उतरीं, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था। उन्होंने महज 77 गेंद में अपना दूसरा वनडे शतक जड़ दिया और टीम के बड़े स्कोर की नींव रखी। अपना 81वां मैच खेल रही गार्डनर आखिर में 47वें ओवर में आउट हो गईं लेकिन तब तक उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर बना लिया था और ऑस्ट्रेलियाई टीम भी 300 रन के पार पहुंच चुकी थी। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की लेकिन चार ओवर में 20 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। कप्तान एलिस हीली (19) और फोबे लिचफील्ड (45) ने शानदार शुरुआत करते हुए आसानी से बाउंड्री लगाईं। लेकिन हीली पांचवें ओवर में कवर पर सूजी बेट्स को कैच थमाकर ब्री इलिंग का शिकार हो गईं। अपनी सलामी जोड़ीदार के आउट होने का लिचफील्ड पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने सातवें ओवर में इलिंग पर एक छक्का और एक चौका जड़ा।

न्यूजीलैंड की लेग स्पिनर अमेलिया केर ने 11वें ओवर में गुगली डालकर लिचफील्ड को आउट कर अपना 100वां विकेट हासिल किया। इस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 81 रन था। टीम ने 17वें ओवर में 100 रन पूरे किए लेकिन स्कोरिंग गति थोड़ी कम हो गई थी। पैरी अगले ओवर में ताहुहु का शिकार हो गईं। एक और ओवर बाद ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड (05) का विकेट गंवा दिया और अमेलिया केर ने वापसी करते हुए अपना दूसरा विकेट लिया। बेथ मूनी (12) भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाईं और 22वें ओवर में आउट हो गईं, जिससे उनकी टीम का स्कोर पांच विकेट पर 128 रन हो गया। पर इसके बाद गार्डनर ने एक छोर संभाले रखा, उन्होंने तहलिया मैकग्रा (26 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 64 रन और गार्थ के साथ 69 रन की साझेदारी की। 40वें ओवर के अंत तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर सात विकेट पर 252 रन था लेकिन स्कोर में 74 रन जोड़कर टीम 49.3 ओवर में ऑल आउट हो गई। जेस केर ने निचले क्रम की तीन बल्लेबाजों के विकेट लिए।

### नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी दफ्तर में जमा कराई

दुबई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ और एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी ऑफिस में जमा करा दी है। रविवार, 28 सितंबर को हुए एशिया कप फाइनल के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। इसके बाद एसीसी के किसी अन्य अधिकारी से टीम को ट्रॉफी दिलवाने की जगह नकवी इसे अपने साथ होटल लेते गए थे। वे इस बात पर अड़ गए थे कि भारतीय टीम को ट्रॉफी वही देंगे। इसके दो दिन बाद मंगलवार को एसीसी की सालाना बैठक हुई। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो महाभियोग लाकर उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है। इसके बाद नकवी ने ट्रॉफी ने जमा कराई है। अब यह ट्रॉफी भारत को कैसे दी जाएगी, इस पर फैसला होना बाकी है। मंगलवार को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत को चैंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी।

# जूनियर निशानेबाजी विश्व कप : अंतिम दिन मुकेश ने स्वर्ण और तेजस्विनी ने रजत जीता

नयी दिल्ली। मुकेश नेलावल्ली ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि तेजस्विनी सिंह ने इसी स्पर्धा में महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया जिससे भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। जूनियर विश्व चैंपियन मुकेश ने गैर ओलंपिक स्पर्धा में कुल 585 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) अलेक्सांद्र कोवालेव ने 577 अंक से रजत पदक जबकि साहिल चौधरी ने 573 अंक से भारत के लिए कांस्य पदक सुनिश्चित किया। भारत ओलंपिक स्पर्धाओं में छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य सहित 19 पदकों से तालिका में शीर्ष पर रहा। एआईएन निशानेबाज 10 पदकों (चार स्वर्ण, दो रजत, चार कांस्य) से दूसरे स्थान पर रहे जबकि इटली ने पांच पदकों (दो स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य) से तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारत ने गैर ओलंपिक स्पर्धा 50 मीटर राइफल प्रोन (पुरुष और महिला) और 25 मीटर पिस्टल पुरुष जूनियर व्यक्तिगत में दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते। इस साल के शुरू में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली तेजस्विनी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 30 अंक बनाकर रजत पदक जीता। तटस्थ एथलीट एलेक्जेंड्रा तिखोनोवा ने 33 अंक से स्वर्ण पदक जीता जबकि इटली की एलेसांद्रा फेट ने 28 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। अन्य भारतीयों में नाम्या कपूर चौथे और रिया शिरीष थट्टे पांचवें स्थान पर रहीं।




### चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स में खराब प्रदर्शन ने तोड़ दिया था : वैशाली

नयी दिल्ली। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार सात हार के बाद ग्रैंडमास्टर आर वैशाली बुरी तरह से टूट गईं थी और उन्होंने ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट से हटने का मन बना लिया था लेकिन परिवार के समर्थन के बाद उन्होंने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और खिताब जीतकर अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। दिव्या देशमुख और कोनेरू हंपी के बाद अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी भारतीय वैशाली ने कहा कि उनका परिवार, विशेषकर छोटे भाई आर प्रज्ञानानंदा उन्हें मजबूती देते हैं और मुश्किल समय से उबरने में मदद करते हैं।

# ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत सही दिशा में



एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भावी मेजबान आयोग के सदसय एंड्रयू पार्सन्स का मानना है कि आर्थिक और खेलों के क्षेत्र में विकास की बदौलत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का इच्छुक भारत सही दिशा में आगे बढ रहा है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष पार्सन्स ने कहा कि भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिये अच्छी शुरूआत की है। ओलंपिक 2032 तक ओलंपिक मेजबान देश में ही पैरालम्पिक का भी आयोजन होगा। पार्सन्स ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा आईपीसी का अध्यक्ष

❍ आईओसी एफएचसी सदस्य पार्सन्स

और आईओसी भावी मेजबान आयोग का सदस्य होने के नाते मैं संभावना के बारे में नहीं कह सकता। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि एक देश के रूप में भारत सही दिशा में आगे बढ रहा है। तीसरी और आखिरी बार आईपीसी के अध्यक्ष चुने गए ब्राजील के पार्सन्स ने कहा आर्थिक रूप से विकास और खेलों के क्षेत्र में प्रगति के आधार पर मैं ऐसा कह सकता हूं। भारत में पहली बार हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिये यहां आये पार्सन्स ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिये भारत सरकार की प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति से भी प्रभावित हैं।

उन्होंने कहा मैं देख रहा हूं कि यह देश खेलों के प्रति इतना समर्पित है कि ओलंपिक की मेजबानी करना चाहता है। प्रधानमंत्री इतनी मजबूती से इसके साथ खड़े हैं। मैं दो साल पहले आईओसी के सत्र में यहां आया था और उन्होंने तभी कह दिया था कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का इच्छुक है। पार्सन्स ने कहा आपके शीर्ष नेता का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। ब्राजील का होने के नाते और 2016 रियो एलंपिक की मेजबानी के अनुभव के नाते मैं कह सकता हूं।

### मंडलीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए लखनऊ की टीमें घोषित

लखनऊ। शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ की अंडर-19 सीके नायडू, अंडर-17 वीनू मांकड तथा अंडर 14 सब जूनियर तथा अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम चयनित कर ली गई। टीम की घोषणा मुख्य चयनकर्ता एवं प्रशिक्षक स्वप्निल वाटसन और संजय कुमार द्वारा आयोजित जनपदीय प्रतियोगिता के बाद की गई। अंडर-17 मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर को उन्नाव में, अंडर-14 का आयोजन 4 अक्टूबर को रायबरेली में एवं अंडर 19 प्रतियोगिता का आयोजन 5 अक्टूबर को लखनऊ में किया जाएगा। अंडर-19 बालिका स्टेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 अक्टूबर से कानपुर में तथा बालकों की सभी आयु वर्ग की स्टेट प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर से गोरखपुर में आयोजित की जाएगी।

# टी-20 : ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

एजेंसी

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)। ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श की 43 गेंद में खेली गई 85 रन की अर्धशतकीय पारी से बुधवार को यहां चैपल-हैडली ट्रॉफी के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। मार्श ने बे ओवल में कड़ाके की ठंड में खेले गए मैच के दौरान नौ चौके और पांच छक्के लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 21 गेंद रहते चार विकेट पर 185 रन बनाकर न्यूजीलैंड द्वारा दिए गए 182 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दौरान 20 चौके और नौ छक्के जड़े। मार्कस स्टोइनिस ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। मार्श ने ट्रेविस हेड (31 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 5.3 ओवर में 67 रन बनाए और फिर मैथ्यू शॉर्ट (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे कर दिया। शुक्रवार को होने वाले दूसरा मैच और



शनिवार को इसी मैदान पर होने वाले अंतिम मैच के बारिश से प्रभावित होने की आशंका है। दोनों टीमें चोटों से प्रभावित थीं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल चोटिल हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए टिम रॉबिन्सन ने 65 गेंद में अपना पहला टी20 शतक जड़ा और नाबाद 106 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने दो ओवर के बाद छह रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे।

### ईरानी कप : ताइडे का नाबाद शतक, विदर्भ ने शेष भारत के खिलाफ पांच विकेट पर 280 रन बनाये

नागपुर। सलामी बल्लेबाज अथर्व ताइडे के नाबाद शतक से विदर्भ ने ईरानी कप मैच के पहले दिन बुधवार को यहां शेष भारत के खिलाफ पांच विकेट पर 280 रन बनाए। ताइडे ने 240 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से नाबाद 118 रन बनाए। यश राठौड़ ने भी 153 गेंद में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 91 रन की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए उस समय 184 रन की साझेदारी की जब टीम 80 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने सात ओवर में बिना विकेट गंवाए 40 रन बनाए लेकिन इसके बाद जल्द ही तीन विकेट गंवा दिए।

# अभिषेक, चक्रवर्ती आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी



दुबई। तेजी से उभरते हुए भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इतिहास के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की जबकि वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के सईम अयूब हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। हाल में यहां संपन्न एशिया कप में भारत की खिताबी जीत के बाद अभिषेक ने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ 931 अंक के साथ लगभग पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। आईसीसी ने बताया कि 25 साल के अभिषेक ने 2020 में बनाए इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा। एशिया कप के दौरान 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अभिषेक ने टीम के अपने साथियों सूर्यकुमार यादव (912) और विराट कोहली (909) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक को भी पीछे छोड़ा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले अभिषेक ने एशिया कप के सात मैच में 44.85 के औसत से 314 रन बनाए। अभिषेक दूसरे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से 82 रेटिंग अंक आगे हैं। टीम इंडिया के उनके साथी तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। वर्मा ने एशिया कप में 213 रन बनाए। श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज पथुम निसांका एशिया कप में 261 रन की बदौलत दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। टीम के उनके साथी कुसाल परेरा (दो स्थान के फायदे से नौवें), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (11 स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर) और भारत के संजू सैमसन (आठ स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद सुधार हुआ है। एशिया कप में सात विकेट चटकाने वाले चक्रवर्ती दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बने हुए हैं। टीम के उनके साथी कुलदीप यादव (नौ स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर), पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी (12 स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर) और बांग्लादेश के स्पिनर रिषाद हुसैन (छह स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर) को रैंकिंग में फायदा हुआ है। अयूब पंड्या को पछाड़कर पहली बार ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। अयूब बल्ले से बुरी तरह विफल रहे लेकिन गेंद से उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट चटकाए जिससे वह चार स्थान के फायदे से पंड्या को पीछे छोड़ते हुए ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। पंड्या दूसरे स्थान पर खिसक गए और अयूब से आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज (चार स्थान के फायदे से 13वें) और श्रीलंका के चरित असलंका (तीन स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

वहीं दूसरी ओर विवादों से घिरा एशिया कप जीतने के बाद भले ही लंबा ब्रेक नहीं मिल सका हो लेकिन शुभमन गिल की टीम का पलड़ा खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ बृहस्पतिवार से हरी भरी पिच पर शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारी रहेगा। कप्तान गिल समेत भारतीय टीम के अधिकांश सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर दुबई से यहां पहुंच गए हैं और लाल गेंद के प्रारूप में खेलने की तैयारी में जुट गए हैं। इस श्रृंखला की अहमियत इसलिये भी है क्योंकि इससे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंक भी मिलने हैं। इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला 2 . 2 से ड्रॉ कराने के बाद गिल की टीम तीसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड एक अंक पीछे है। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला समेत भारत को चार घरेलू टेस्ट खेलने हैं जिनसे अधिक से अधिक अंक लेने की कोशिश होगी। अहमदाबाद में इस बार खेलने की परिस्थितियां अलग है और पिच हरी भरी दिख रही है। मौसम उमस भरा है और टेस्ट मैच के दौरान थोड़ी बहुत बारिश की भी संभावना है। दूसरी ओर वेस्टइंडीज टीम 2025 . 27 डब्ल्यूटीसी चक्र में तीन टेस्ट हार चुकी है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच मुकाबले से ज्यादा रूचि यह जानने में है कि भारत की अंतिम एकादश क्या होगी। पहले टेस्ट में पिच पर घास होने से भारतीय टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है। पिछले सत्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचें बनाने से भारत को नुकसान हुआ था। अक्टूबर 2024 में भारत में आखिरी टेस्ट खेलने के बाद से टीम में बहुत कुछ बदला है। विराट कोहली , रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज पारंपरिक प्रारूप से विदा ले चुके हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी अब टीम में नहीं हैं।

# केंद्रीय कर्मियों के डीए में वृद्धि का स्वागत

## अमित शाह ने की असम में राजमार्ग चौड़ीकरण के फैसले की भी प्रशंसा

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की वृद्धि करने के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह विजयादशमी की पूर्व संध्या पर केंद्रीय कर्मियों और उनके परिवार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से एक उपहार है।

शाह ने असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के कलियाबोर-नुमालीगढ़ खंड के मौजूदा मार्ग को चार लेन का बनाने और चौड़ा करने के मंत्रिमंडल के फैसले की भी सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विजयादशमी से पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने केंद्रीय कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को बड़ा उपहार दिया है। आज केंद्रीय कैबिनेट ने महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में तीन प्रतिशत अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। एक जुलाई 2025 से लागू होने वाले इस फैसले से करीब 49.19 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.72 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। शाह ने एक अन्य पोस्ट में कहा, असम के हमारे बहनों और भाइयों को 6,957 करोड़ रुपये की लागत से कलियाबोर-नुमालीगढ़ राजमार्ग के चार लेन के निर्माण को मंजूरी मिलने पर बधाई। उन्होंने कहा कि इससे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के परिवहन में वृद्धि होगी और असम के तेज आर्थिक विकास के लिए मोदी जी के दृष्टिकोण को गति मिलेगी, साथ ही भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के एक स्तंभ के रूप में नुमालीगढ़ की प्रतिष्ठा और भी बढ़ेगी। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने इस नवरात्रि हर आयु-वर्ग को एक के बाद एक सौगातें दी हैं। देश के बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा से सम्पन्न बनाकर विकसित भारत की निर्माण यात्रा को गति देने के लिए आज केन्द्रीय कैबिनेट ने 57 नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुल 5,862.55 करोड़ रुपये की लागत से देश के अलग-अलग हिस्सों में बनने वाले ये केन्द्रीय विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित कर मजबूत राष्ट्र के निर्माण में सहयोगी बनने वाले हैं।



# अधिकतर समस्याओं की जड़ आरएसएस, देश का दुर्भाग्य है कि सरकार चला रहे हैं उसके कार्यकर्ता

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सराहना किए जाने के बाद बुधवार को दावा किया कि देश की अधिकतर समस्याओं की जड़ आरएसएस है तथा यह भारत का दुर्भाग्य है कि इस संगठन के कार्यकर्ता सरकार चला रहे हैं।

मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि बीते 100 साल में आरएसएस ने एक भी काम ऐसा नहीं किया है, जिससे देश को नुकसान के अलावा कोई फायदा हुआ हो। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने महात्मा गांधी की हत्या के कुछ महीने बाद 18 जुलाई, 1948 को देश के तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लिखे गए उस पत्र का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि आरएसएस की गतिविधियां सरकार एवं राष्ट्र के लिए खतरा हैं। दरअसल, आरएसएस ने कई मौकों पर स्पष्ट किया है कि महात्मा गांधी की हत्या से उसका कोई संबंध नहीं था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर काम करता है, लेकिन इसकी विभिन्न शाखाओं के बीच कभी अंतर्विरोध नहीं होता क्योंकि ये सभी राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर काम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र की सेवा और समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करते रहे हैं।




## संक्षेप

### 91 छात्रों के मलबे में दबे होने की आशंका

सिदोअर्जो। इंडोनेशिया के सिदोअर्जो में एक स्कूल की इमारत ढहने की घटना के दो दिन बाद भी कम से कम 91 छात्रों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने उपस्थिति रिकॉर्ड और लापता छात्रों के चिंतित परिवारों की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 300 से अधिक बचावकर्मी बुधवार सुबह भी मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटे रहे। अधिकारियों ने बताया कि सिदोअर्जो के ईस्ट जावा कस्बे में इस्लामिक स्कूल अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल की इमारत ढहने की सूचना मिलने के बाद बचावकर्मी, पुलिस एवं सैन्यकर्मी पिछले दो दिन से राहत एवं बचावकार्य में जुटे हैं। स्कूल की इमारत करीब 100 साल पुरानी थी और उसमें अनधिकृत निर्माण कार्य हो रहा था। इमारत उस वक्त ढह गई जब बोर्डिंग स्कूल के एक कक्ष में छात्र दोपहर की नमाज अदा कर रहे थे। हादसे का शिकार हुए लोगों में ज्यादातर किशोर छात्र थे। कम से कम तीन छात्रों की मौत की पुष्टि हुई है और 100 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने मंगलवार देर रात मलबे में दबे लोगों की संख्या 38 से संशोधित कर 91 कर दी।

# अमेरिका में सरकारी शटडाउन शुरू, अनिश्चितता का दौर आरंभ

वाशिंगटन। अमेरिका में सरकारी कार्यक्रम और सेवाएं जारी रखने को लेकर निर्धारित समय सीमा -बुधवार- को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और संसद के बीच कोई समझौता न हो पाने के बाद सरकारी वित्त-पोषण पर रोक (शटडाउन) शुरू हो गई, जिसके चलते अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया। शटडाउन के दौरान संघीय सरकार के लगभग 7,50,000 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजे जाने की आशंका है।

शटडाउन के दौरान कई कार्यालय बंद हो जाएंगे। शटडाउन के कारण शिक्षा, पर्यावरण और अन्य सेवाएं ठप पड़ जाएंगी। इसका असर पूरे देश में पड़ने की उम्मीद है। समय सीमा पूरी होने से पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा, हम शटडाउन नहीं चाहते। हालांकि इस सप्ताह सांसदों से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात करने वाले ट्रंप शटडाउन से बचने के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लकिन पार्टी के सांसदों के बीच समझौते को लेकर बातचीत कराने के इच्छुक नजर नहीं आ रहे थे। रिपब्लिकन सांसद ने बातचीत से इनकार कर दिया और ट्रंप को किसी भी बातचीत से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। व्हाइट हाउस में मुलाकात के बाद राष्ट्रपति ने डेमोक्रेटिक नेतृत्व का मजाक उड़ाते हुए एक कार्टूननुमा फर्जी वीडियो पोस्ट किया, जिसे व्यापक रूप से गैर-गंभीर और नस्लवादी माना गया। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने बुधवार को कहा कि रिपब्लिकन सांसद स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े उन मुद्दों को सुलझाना चाहते हैं, जिनपर डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने चिंता जताई है। अमेरिकी शिक्षा विभाग में सरकारी वित्त पोषण रुकने से कामकाज ठप पड़ने की आशंका है। शिक्षा विभाग का कहना है कि बुधवार से शुरू हो रहे शटडाउन के दौरान हालांकि उसके कई मुख्य कार्य जारी रहेंगे और संघीय वित्तीय सहायता जारी रहेगी, लेकिन छात्र ऋण भुगतान अब भी बकाया रहेंगे। वहीं, नागरिक अधिकारों से जुड़ी शिकायतों की जांच बंद हो जाएगी और विभाग नए संघीय अनुदान जारी नहीं करेगा। विभाग की एक आकस्मिक योजना के अनुसार, उसके लगभग 87 प्रतिशत कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया जाएगा। प्रशासन ने संकेत दिया है कि शटडाउन की स्थिति में संघीय एजेंसियों में और भी पद पूरी तरह से समाप्त हो सकते हैं। पिछले शटडाउन में कांग्रेस द्वारा संघीय धन बहाल करने के बाद छुट्टी पर गए कर्मचारियों को वापस बुला लिया गया था। इस बार व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के प्रबंधन एवं बजट कार्यालय ने संघीय कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी है।

# गाजा पर इजराइली हमले में 16 फलस्तीनियों की मौत

दीर अल बलाह। इजराइल ने गाजा में अपनी सैन्य कार्रवाई बुधवार को भी जारी रखी, जिसमें कम से कम 16 फलस्तीनियों की मौत हो गई। स्थानीय अस्पतालों के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, गाजा में शांति स्थापित करने और इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पेश 20-सूत्रीय शांति योजना पर अबतक हमास ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अधिकारियों के मुताबिक, इजराइली हमले में मारे गए लोगों में वे भी शामिल हैं, जिन्होंने गाजा शहर में विस्थापितों के लिए बने एक स्कूल में शरण लिया हुआ था। अल-अहली अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, शहर के पूर्वी जितून इलाके में स्थित अल-फलाह स्कूल पर कुछ ही मिनटों के अंतराल पर दो बार हमले हुए। उन्होंने बताया कि हताहतों में पहले हमले के बाद मदद के लिए पहुंचे लोग भी शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि बुधवार सुबह गाजा शहर के पश्चिमी हिस्से में एक पेयजल टैंक के आसपास जमा लोगों पर हुए हमले में पांच फलस्तीनी मारे गए। गाजा सिटी स्थित शिफा अस्पताल ने बताया कि शहर के पश्चिम में स्थित एक अपार्टमेंट पर हुए हमले में मारे गए एक व्यक्ति का शव उसके पास पहुंचाया गया है। अल-अवदा अस्पताल के मुताबिक, मध्य गाजा स्थित नुसरत शरणार्थी शिविर पर भी इजराइली हमले हुए, जिसमें एक दंपति की मौत हो गई। उसने बताया कि बुरेज शरणार्थी शिविर पर एक अन्य हमले में एक और व्यक्ति मारा गया। इजराइली सेना ने बुधवार के हमलों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# नाइजीरिया में नौका दुर्घटना कम से कम 26 लोगों की मौत

अबुजा (नाइजीरिया)। उत्तर-मध्य नाइजीरिया में नाइजर नदी में एक नौका के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी। कोगी प्रांत के सूचना आयुक्त किंग्सले फानवो ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार को प्रांत के इबाजी इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि नौका में अधिकतर कारोबारी सवार थे जो पड़ोसी प्रांत एडो के एक बाजार जा रहे थे। दुर्घटना के कारण का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। फानवो ने एक बयान में कहा, यह बेहद दुखद घटना है। दुख की इस घड़ी में हम दिवंगत लोगों के परिवारों और इबाजी की स्थानीय सरकार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि कोगी प्रांत सरकार जलमार्ग सुरक्षा में सुधार और ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए संघीय एजेंसियों के साथ काम करेगी।

### खरगे को अस्पताल में भर्ती कराया गया

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक तय प्रक्रिया के लिए यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उन्हें पेसमेकर लगाने की सलाह दी गई है। उनके बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रियंक ने कहा कि उनके पिता की हालत स्थिर है और वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। प्रियंक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को पेसमेकर लगाने की सलाह दी गई थी और उन्हें तय प्रक्रिया के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है और वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। आपकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आप सभी का आभारी हूं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, 83 वर्षीय खरगे को मंगलवार को शहर के एम एस रमैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खरगे राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। उन्हें थोड़ी बेचैनी थी।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com